CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 09°C

नई दिल्ली, बुधवार 24 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में विधानसभा में विपक्ष की एसआईआर पर चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज पेज 2



दीप्ति शर्मा पहली बार आईसीसी महिला टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर खेल टाइम्स



आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी सम्पादकीय



ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया पेज 12

# बांग्लादेशी हिंदू युवक की हत्या का भारत में विरोध

**नई दिल्ली/ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) देशभर में प्रदर्शन कर रही है। मंगलवार सुबह विहिप के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन किया।

दिल्ली के अलावा विहिप ने मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। बांग्लादेश में 18 दिसम्बर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरुआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह 10 दिन में दूसरी बार है, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया है। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं। बांग्लादेश ने मंगलवार को भारत में अपने राजनयिक मिशनों पर हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक इन घटनाओं के विरोध में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया गया। घटनाएं नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में हुई। बांग्लादेश ने कहा कि यह हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाएं अस्वीकार्य हैं।




- **विश्व हिंदू परिषद ने किया देश के छह शहरों में प्रदर्शन, ढाका में भारतीय उच्चायुक्त तलब**
- **मुंबई, कोलकाता, अहमदाबाद, भोपाल और जम्मू में रैली निकालकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की**

# यूपी टीईटी परीक्षा रद्द

- **पीजीटी- टीजीटी की नई तारीखें जल्द**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से 28 और 29 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) निरस्त कर दी गई है। आयोग की ओर से टीईटी के साथ प्रवक्ता (पीजीटी) एवं प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती परीक्षाओं के कार्यक्रम जल्द जारी किए जाएंगे।

टीईटी मई के मध्य में कराने की बात भी कही जा रही है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की मंगलवार को हुई बैठक में परीक्षा नियंत्रक को इसके लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आयोग की भर्ती परीक्षाओं का वार्षिक कैलेंडर भी तैयार किया जाए और उसी के अनुसार परीक्षाएं कराया जाना सुनिश्चित की जाए। भर्ती परीक्षाओं को लेकर आयोग में अब गतिरोध दूर होने की उम्मीद जगी है। नए अध्यक्ष प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई पहली बैठक में परीक्षाओं की तारीख, तो घोषित नहीं की गई, लेकिन इसका खाका जरूर तैयार किया गया। शीत अवकाश के बाद नए साल में आयोग खुलने पर परीक्षाओं की तारीख घोषित होने की भी उम्मीद है। आयोग की ओर से टीईटी के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन -**शेष पृष्ठ दो पर**

## संक्षिप्त समाचार

### यूएई से वांछित भगोड़े रितिक बजाज को भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल की सहायता से वापस लेकर यहां पहुंची। सीबीआई ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस द्वारा वांछित भगोड़े अपराधी रितिक बजाज को इंटरपोल सहयोग से यूएई से भारत वापस लाया गया है। सीबीआई के अनुसार रितिक बजाज दिल्ली पुलिस को मादक पदार्थ तस्करी और आपूर्ति मामले में वांछित था। वह भारत से भाग गया था और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनबीसी) की मदद से यूएई में मिला। सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के साथ मिलकर भगोड़े को वापस लाने में मदद की। इससे पहले सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के कहने पर इंटरपोल के जरिये बजाज के खिलाफ रेड नोटिस हासिल किया था।

### छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी निरंजन दास को गिरफ्तार कर लिया। दास को रायपुर स्थित धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत विशेष न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें ईडी की तीन दिन की हिरासत में भेज दिया गया। ईडी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित एसीबी/ईओडब्ल्यू द्वारा आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की थी।

### नहीं रहे हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल

**रायपुर।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित छत्तीसगढ़ के प्रख्यात हिंदी साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का मंगलवार को रायपुर एम्स में निधन हो गया। 89 वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। रायपुर एम्स में उनका इलाज चल रहा था। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें वेंटिलेटर में ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया था। प्रसिद्ध उपन्यासकार, लेखक और कवि विनोद कुमार शुक्ल ने उपन्यास एवं काव्य विधाओं में साहित्य का शानदार सृजन किया था।

# SIR वोटर लिस्ट: मप्र में 42.74 लाख नाम कटे

## छत्तीसगढ़ में 27 लाख और केरल में 24 लाख लोगों के नाम काटे गए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लिकेट पाए गए। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं।

छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। इससे पहले चुनाव आयोग 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुड्डुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी कर चुका है। इन राज्यों में अलग-अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम ड्राफ्ट रोल से हटाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख और बंगाल से 58 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं। 2025 की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार वोटर लिस्ट के मुताबिक केरल में 2.86 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर हैं। एसआईआर के तहत मतदाता सूची का 99 फीसदी से अधिक डिजिटलीकरण पूरा हो गया है और लगभग 25 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। ड्राफ्ट और फाइनल वोटर लिस्ट, दावा-आपत्ति की सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। राजनीतिक दलों के साथ साझा होगी। ईआरओ के फैसले के खिलाफ जिला मजिस्ट्रेट और फिर सीईओ के पास अपील का प्रावधान भी रहेगा। अगर किसी मतदाता के दस्तावेज रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते, तो ईआरओ नोटिस जारी -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **राजस्थान व बंगाल समेत 7 राज्यों से 2.70 करोड़ लोगों के हटे थे नाम**

# कार्ति चिदंबरम पर कसा कानूनी शिकंजा

**नई दिल्ली।** राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम और उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट एस. भास्कररामन के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा जांच किए जा रहे कथित चीनी वीज़ा रैकेट मामले में आरोप तय किए।

अदालत ने भास्कररामन पर मामले से संबंधित महत्वपूर्ण सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप लगाया। दोनों आरोपियों ने खुद को निर्दोष बताया, जिसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई 16 जनवरी को तय की। सीबीआई ने विकास मखारिया को सरकारी गवाह का दर्जा दे दिया है, जिनसे अभियोजन पक्ष के मामले में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है। सीबीआई की एफआईआर के अनुसार, पंजाब के मानसा स्थित एक निजी कंपनी (तलवंडी साबो पावर लिमिटेड) ने कथित तौर पर चीनी नागरिकों के लिए वीजा जारी करवाने में मदद के लिए बिचौलियों के माध्यम से 50 लाख रुपये का भुगतान किया। यह कंपनी 1,980 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट स्थापित कर रही थी, जिसका निर्माण कार्य एक चीनी कंपनी को आउटसोर्स किया गया था। परियोजना में देरी होने के कारण, कंपनी ने कथित तौर पर गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा निर्धारित वीजा सीमा से अधिक चीनी पेशेवरों को लाने की कोशिश की। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि इन प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए कंपनी के प्रतिनिधियों ने अपने सहयोगियों के माध्यम से चेन्नई स्थित एक व्यक्ति से संपर्क किया। आरोप है कि चीनी अधिकारियों को पहले दिए गए 263 प्रोजेक्ट वीजा का पुनः उपयोग करने की योजना बनाई गई, जिससे गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित सीमा को प्रभावी ढंग से दरकिनार किया जा सके। इसके बाद, वीजा के पुनः उपयोग की मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय को एक अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसे एक महीने के भीतर मंजूरी मिल गई। जांचकर्ताओं के अनुसार, चेन्नई स्थित व्यक्ति ने 50 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की, जिसे पंजाब स्थित फर्म ने अदा किया।



- **राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने चीनी वीजा घोटाले में कांग्रेस नेता के खिलाफ आरोप तय किए**

# अंकिता भंडारी हत्याकांड की न्यायालय की निगरानी में हो सीबीआई जांच: कांग्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/देहरादून।** कांग्रेस ने उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले की व्यापक पड़ताल आवश्यक बताते हुए इस घटना की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में केंद्रीय जांच ब्यूरो-सीबीआई से जांच कराने की मांग की है।

उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन साल पुराने इस मामले में हाल में एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें खुलासा हुआ है कि इस हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता शामिल रहा है। यह खुलासा खुद को भाजपा कार्यकर्ता होने का दावा करने वाली एक महिला ने किया है। इस वीडियो से साफ है कि अपराधी सत्ताधारी दल का नेता है और यदि सीबीआई मामले की जांच करती है, तो वह निष्पक्ष नहीं होगी इसलिए इस पूरे प्रकरण की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच कराई जानी चाहिए। श्री गोदियाल ने कहा कि भाजपा के एक पूर्व विधायक की वार्ता का भी एक ऑडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़ा खुलासा हुआ है।

- **हत्याकांड में भाजपा का एक बड़ा नेता रहा शामिल : गोदियाल**

# सहारनपुर के पांच लोगों की हरियाणा में मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखपुरा कदीम निवासी पांच लोगों की हरियाणा के कुरुक्षेत्र में दम घुटने से मौत हो गई है। मौत का कारण दम घुटना बताया गया है। यह सभी दो दिन पहले ही गांव से गए थे। इनमें दो सगे भाई, जीजा-साला और एक अन्य व्यक्ति शामिल है। पांच मौतों से गांव में मातम है।

शेखपुरा कदीम निवासी नूर (26) ठेकेदारी करता था। वह 21 दिसम्बर को गांव के रहने वाले सोनू (30), मदनपाल (42), रोशनपाल (45) और रामकुमार (46) को कुरुक्षेत्र ले गया था। यह सभी पेंटर का काम करते थे। सोमवार रात खाना खाने के बाद पिपली रोड स्थित होटल स्टर्लिंग रिसोर्ट में रात के समय कमरे में अंगीठी जलाकर सो गए थे, लेकिन वह मंगलवार सुबह नहीं उठे। सफाईकर्मी ने देखा कि कमरे से कोई बाहर नहीं निकला है, तो उसने कमरे का दरवाजा खटखटाया फिर खिड़की से देखा तो कोई हरकत नहीं हुई। पुलिस मौके पर -**शेष पृष्ठ दो पर**



- **कमरे में अंगीठी जलाकर सोए थे, पांचों का घुट गया दम, मृतकों में दो सगे भाई भी शामिल**

# भाजपा संविधान खत्म करने की साजिश रच रही: राहुल

बर्लिन, वार्ता

**लोकसभा में नेता** प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। राहुल गांधी 17 से 19 दिसम्बर तक जर्मनी दौरे पर पहुंचे थे।

इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। कांग्रेस ने सोमवार रात इस बातचीत का एक घंटे लंबा वीडियो जारी किया। वीडियो में राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता और धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है। भाजपा ने देश की संस्थाओं पर भी पूरा कब्जा कर लिया है। राहुल गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से काम नहीं कर पा रही हैं। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों का राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। एजेंसियां सिर्फ विपक्षी नेताओं पर केस दर्ज कर रही हैं, भाजपा नेताओं पर कोई दर्ज नहीं किया जाता। हम सिर्फ भाजपा से नहीं लड़ रहे, हम उनके भारतीय संस्थागत ढांचे और एजेंसियों पर कब्जे के खिलाफ भी लड़ रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के चुनाव जीते हैं। हमने हरियाणा का चुनाव भी जीता, इसमें कोई शक नहीं है। मैंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया कि एक ब्राजील की महिला हरियाणा की वोटर लिस्ट में थी। जब हमने यह प्रश्न चुनाव आयोग से पूछे तो उन्होंने जवाब नहीं दिया। हमें लगता है कि महाराष्ट्र के चुनाव भी निष्पक्ष नहीं थे। हम इस समय देश और दुनिया में बड़े बदलाव से गुजर रहे हैं। पहले भारत को अमेरिका के प्रभुत्व वाली दुनिया से फायदा हुआ, जहां अमेरिका दुनिया के नियम बनाता था, भले इसमें कुछ गलतियां थीं। अब अमेरिका की ताकत सेना, अर्थव्यवस्था और वित्त संबंधी मामलों में चुनौती का सामना कर रही है। साथ ही अमेरिका के अपने अंदर भी कई समस्याएं हैं। एक बड़ी चुनौती यह है कि उत्पादन का काम ज्यादातर चीन के हाथ में चला गया है।



- **ईडी-सीबीआई का हथियार की तरह इस्तेमाल हो रहा**
- **जर्मनी में बोले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष**

# अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापसी की याचिका निरस्त

**ग्रेटर नोएडा।** अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई।

मामले में फास्ट-ट्रैक अदालत (एफटीसी) ने अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया। मामले में अभियोजन की ओर से लगाई गई अर्जी के लिए मंगलवार की तारीख दी थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुना। साथ ही अदालत ने कहा कि मामले में अगली सुनवाई 6 जनवरी को होगी। साथ ही मामले में अदालत ने प्रतिदिन सुनवाई की बात कही है। इस दौरान अभियोजन को आगे गवाहों के बयान दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस आयुक्त और डीसीपी ग्रेटर नोएडा को निर्देशित किया कि अगर गवाहों को सुरक्षा की आवश्यकता है, तो उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

- **केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन माना**

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने चरण सिंह को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। मोदी ने मंगलवार को कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना जीवन समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ कृषि की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए समर्पित कर दिया।

### खड़गे ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किसानों के अधिकारों के लिए हमेशा आगे रहने वाले नेता के रूप में उनकी प्रशंसा की। खड़गे ने किसान दिवस पर सभी किसान भाइयों-बहनों और खेत मजदूरों को बधाई दी।

### कफ सिरप मामले में शुभम समेत चार के लुकआउट नोटिस

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में कोडीन कफ सिरप मामले में मास्टर माइंड शुभम जायसवाल की धर पकड़ के लिये वाराणसी पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को शुभम जायसवाल समेत चार आरोपियों के खिलाफ कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। शुभम के साथ दिवेश जायसवाल, अमित जायसवाल और आकाश पाठक पर वित्तीय धोखाधड़ी, एनडीपीएस अधि. नियम समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रहलाद घाट निवासी शुभम जायसवाल को सोनभद्र, जौनपुर, चंदौली और वाराणसी पुलिस काफी दिनों से तलाश रही है। कोडीन युक्त प्रतिबंधित सिरप मामले को लेकर विस में भी बहस देखने को मिली है।

### विधानसभा में विपक्ष की चर्चा की मांग को सरकार ने किया खारिज

# एसआईआर पर यूपी विधानसभा में हुआ हंगामा



- एसआईआर का काम चुनाव आयोग के नियंत्रण में
- कांग्रेस बोली बीएलओ की मौतों का मुआवजा दिया जाए

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को विपक्ष ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर चर्चा कराने की मांग की, लेकिन सरकार ने इसे यह कहते हुए खारिज कर दिया कि एसआईआर का काम चुनाव आयोग की तरफ से किया जा रहा है। इस पर सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है, इसलिए इस मांग को ग्राह्य (स्वीकार) नहीं किया जा सकता है।

बीएलओ की मौतों को लेकर उठे सवालों पर सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जवाब दिया। श्री खन्ना ने एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, वह अत्यंत दुखद है और सरकार इस पीड़ा को समझती है। उन्होंने कहा कि इन मौतों की जांच कराई जाएगी कि किन परिस्थितियों में घटनाएं हुई। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव संबंधी कार्यों के मामले में सरकार की भूमिका सीमित है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग इस विषय पर मौन है और सरकार आयोग की प्रतिनिधि नहीं है। चुनाव आयोग पर सरकार का कोई प्रत्यक्ष सुपरविजन नहीं होता। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम (पीपुल्स रिप्रेजेंटेशन एक्ट) के तहत सभी सरकारी कर्मचारी चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के डेपुटेशन पर होते हैं और यह पूरा मामला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि दर्द घुटने का है और इलाज दांत का किया जा रहा है, यानी जिस संस्था की जिम्मेदारी है, उस पर सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं। खन्ना ने कहा कि सरकार मानवीय आधार पर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है, लेकिन चुनावी प्रक्रिया से जुड़े निर्णय और जिम्मेदारी चुनाव आयोग की ही है। कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा ने नियम-56 के अंतर्गत सदन में यह मामला उठाया और एसआईआर पर चर्चा कराने की मांग की। एसआईआर के दौरान मृतक बीएलओ के परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए।

### ग्रीन हाइड्रोजन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना को योगी सरकार की मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन अनुसंधान, तकनीकी विकास, मानव संसाधन सशक्तिकरण एवं औद्योगिक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने को मंजूरी दी है। पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आईआईटी कानपुर द्वारा हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय (एचबीटीयू), कानपुर के सहयोग से स्थापित किया जाएगा, वहीं दूसरा सेंटर आईआईटी-बीएचयू द्वारा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किया जाएगा। दोनों सेंटर साझेदार संस्थानों के परिसरों से संचालित होंगे। यूपी नेडा के एमडी एंड डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इन सेंटरों में चलने वाली परियोजनाओं में दोनों संस्थान बारी-बारी से नेतृत्व करेंगे। यह सेंटर हब-एंड-स्पोक मॉडल पर कार्य करेगा, जिसके तहत प्रदेश के अन्य इंजीनियरिंग और तकनीकी संस्थानों को इससे जोड़ा जाएगा। सेंटर में बायोमास आधारित एवं इलेक्ट्रोलाइज़र आधारित ग्रीन हाइड्रोजन पर अनुसंधान और तकनीकी विकास किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन नीति-2024 के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक इन्क्यूबेशन सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। इसके माध्यम से हर वर्ष 10 स्टार्टअप्स को और पांच वर्षों में कम से कम 50 स्टार्टअप्स को सहयोग और मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके लिए 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पांच वर्षों तक) की सहायता का प्रावधान किया गया है। सेंटर प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलीटेक्निक संस्थानों के लिए पाठ्यक्रम निर्माण, मेंटरिंग, तकनीकी प्रदर्शनियों और कॉन्फ्रेंसों के आयोजन में भी सहयोग करेगा।

# सीएम योगी ने किसानों को दी ट्रैक्टर की चाबी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान सम्मान दिवस पर किसानों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सर्दी, गर्मी की परवाह किए बिना जब वह पसीना बहाता है और सर्दी को अपनी अस्थियों में समाहित कर ऊर्जा का प्रवाह धरती मां के साथ करता है, तो खेती अन्न उत्पादन के रूप में सोना उगलती है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस पर विधान भवन प्रांगण स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। योगी ने 'किसान सम्मान दिवस' पर किसानों को ट्रैक्टर की चाबी दी। साथ ही किसानों, वैज्ञानिकों, एफपीओ आदि को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री ने चौधरी चरण सिंह सीड पार्क अटारी लखनऊ के प्लॉट आवंटन प्रक्रिया का बटन दबाकर शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपनी मेहनत से किसानों ने प्रगति की है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली, तब पहली बार किसान भी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना। धरती हमारी मां और हम सभी इसके पुत्र हैं, इसलिए पुत्र का दायित्व है कि जब मां बीमार या संकट में हो, तो पुत्र उसे संकट से उबारने में योगदान देता है। पहली बार स्वायल हेल्थ कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में धरती मां की सेहत के बारे में हर किसी को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों को प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना से जोड़ा, फिर एक-एक करके प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से लेकर पीएम किसान सम्मान निधि, एमएसपी की गारंटी हो या बीज से लेकर बाजार तक किसानों की सुविधाओं को बढ़ाया गया। योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह को 'भारत रत्न' देकर किसानों का मान बढ़ाया। लघु व सीमांत किसानों के लिए कृषि ऋण मोचन कार्यक्रम लागू किया। पहले किसान शासन की किसी भी योजना का अंग नहीं था, लेकिन आज किसान को शासन की हर योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। आज बिचौलिया किसानों की फसल का दाम नहीं तय करता। उन्होंने कहा कि यदि किसान को बाजार में फसल का अच्छा दाम मिला, तो ठीक वरना सरकार उसे खरीदेगी।

## रक्षामंत्री राजनाथ ने मार्गदर्शिका का विमोचन किया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सड़क परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने में होने वाली देरी की समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को यहां एक मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह मार्गदर्शिका देश के दूर-दराज और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में राजमार्गों एवं सामरिक सड़कों के निर्माण तथा रखरखाव का दायित्व निभाने वाले सीमा सड़क संगठन ने तैयार की है।

डीपीआर एक व्यापक दस्तावेज होता है जिसमें परियोजना के अभियांत्रिकी डिजाइन, निर्माण पद्धति, क्रियान्वयन रणनीति, गुणवत्ता नियंत्रण तथा लागत विश्लेषण शामिल होते हैं। सड़क संगठन ने यह मार्गदर्शिका डीपीआर तैयार करने के लिए विनिर्देशों, मानकों, दिशानिर्देशों एवं प्रक्रियाओं को समाहित करते हुए एक संक्षिप्त, व्यापक एवं एकरूप संदर्भ प्रदान करने के उद्देश्य से विकसित की है। यह मार्गदर्शिका नई सड़क परियोजनाओं के निर्माण अथवा मौजूदा सड़क अवसंरचना के उन्नयन, दोनों ही स्थितियों में परियोजना की परिकल्पना के प्रत्येक चरण में अभियंताओं की सहायता करेगी।

## अरावली मुद्दे पर मंत्री का बयान अस्पष्ट

नई दिल्ली, वार्ता



- पर्यावरण मंत्री के स्पष्टीकरण पर कांग्रेस खफा

कांग्रेस ने कहा है कि अरावली को लेकर केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने जो स्पष्टीकरण दिया है, उससे कई और सवाल खड़े होते हैं तथा पूरे मुद्दे को गहरे संदेह में ले जाते हैं।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि अरावली मुद्दे पर पर्यावरण मंत्री का स्पष्टीकरण अस्पष्ट है और इसमें जो आंकड़े दिए गए हैं, वह भ्रामक है और उससे कई सवाल और संदेह पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री के अनुसार अरावली के 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में से फिलहाल केवल 0.19 प्रतिशत हिस्सा ही खनन पटों के अंतर्गत है, लेकिन यह भी लगभग 68,000 एकड़ है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। हालांकि 1.44 लाख वर्ग किलोमीटर का आंकड़ा भ्रामक है। इसमें चार राज्यों के 34 अरावली जिलों का पूरा भौगोलिक क्षेत्र शामिल कर लिया गया है। यह एक गलत आधार है, क्योंकि सही आधार तो इन जिलों के भीतर वास्तव में अरावली के अंतर्गत आने वाला भूभाग होना चाहिए। यदि अरावली के वास्तविक क्षेत्र को आधार माना जाए, तो 0.19 प्रतिशत का आंकड़ा बहुत कम आकलन साबित होगा। रमेश ने आरोप लगाया कि तीन चार राज्यों के 34 जिलों में से जिन 15 जिलों के लिए आंकड़े सत्यापित किए जा सकते हैं, उनमें अरावली क्षेत्र पूरे भूभाग का लगभग 33 प्रतिशत है। नयी परिभाषा के तहत इन अरावली क्षेत्रों में से कितना हिस्सा बाहर कर दिया जाएगा और खनन तथा अन्य विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा-इस बारे में किसी भी तरह की स्पष्टता नहीं है। उनका कहना था कि अगर पर्यावरण मंत्री के सुझाव के अनुसार स्थानीय प्रोफाइल को आधार बनाया जाता है, तो 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली कई पहाड़ियां भी संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएंगी। संशोधित परिभाषा के बाद दिल्ली- एनसीआर में अरावली की अधिकांश पहाड़ी इलाके रियल एस्टेट विकास के लिए खोल दी जाएंगी, जिससे पर्यावरण पर दबाव और बढ़ेगा।

### योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है और कहा है कि डबल इंजन की सरकार उनकी प्रेरणा से किसानों के हित में काम कर रही है। योगी ने मंगलवार को एक्स पर लिखा कि किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह जी की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। अन्नदाता किसानों एवं प्रदेश वासियों को 'किसान दिवस' की हार्दिक बधाई। चौधरी साहब का संपूर्ण जीवन गांव, गरीब, शोषित, वंचित और किसान बंधुओं की समृद्धि में समर्पित रहा। डबल इंजन सरकार उनकी प्रेरणा से किसान साथियों के हितों के लिए प्रतिबद्धता पूर्वक कार्य कर रही है। गौरतलब है कि योगी सरकार किसान कल्याण के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस 'किसान सम्मान दिवस' के रूप में मना रही है।



सेंसेक्स 85524.85
निफ्टी 26117.15



सोना रु. 136133
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 209250
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 43 अंक नीचे

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 42.64 अंक (0.05 प्रतिशत) गिरकर 85,524.84 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 4.75 अंक यानी 0. 02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 26,117.15 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.05 प्रतिशत गिर गया। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 में 0.37 प्रतिशत की तेजी रही। आईटी और बैंकिंग सेक्टरों ने बाजार पर दबाव बनाया। मीडिया, धातु, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों में तेजी रही।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस का शेयर लगभग सवा प्रतिशत टूटा। भारती एयरटेल और अडानी पोर्ट्स में भी लगभग एक प्रतिशत की गिरावट रही। सनफार्मा, टेक महिंद्रा, इटरनल, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, ट्रेंट और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर सवा प्रतिशत के आसपास चढ़े। टाटा स्टील में भी करीब एक फीसदी की तेजी रही। एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनीलिवर और बजाज फाइनेंस के शेयर बढ़त में रहे।

### नोएडा एयरपोर्ट की साइबर सिक्योरिटी संभालेगी टेक महिंद्रा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने अपने नेटवर्क को मजबूत करने और साइबर सुरक्षा ऑपरेशन के लिए महिंद्रा समूह की कंपनी टेक महिंद्रा के साथ करार किया है। दोनों कंपनियों की संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस उद्देश्य के लिए टेक महिंद्रा एकीकृत नेटवर्क एंड सिक्योरिटी ऑपरेशन्स सेंटर स्थापित करेगी। यह हवाई अड्डे पर निर्बाध और सुरक्षित परिचालन सुनिश्चित करेगा। टेक महिंद्रा नेटवर्क और हवाई अड्डे के आईटी ढांचे के लिए 24 गुना 7 निगरानी एवं प्रबंधन मुहैया कराएगी। इसमें एप्लिकेशन्स, डाटाबेस, नेटवर्क, सर्वर, स्टोरेज सिस्टम और संबंधित डिजिटल प्लेटफॉर्म शामिल होंगे। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टफ स्नेलमैन ने कहा कि एक नए हवाई अड्डे के तौर पर हमारे पास नेटवर्क की मजबूती, सुरक्षा और डिजिटल इकोसिस्टम में पहले दिन से ही परिचालन की उत्कृष्टता शामिल करने का अवसर है। टेक महिंद्रा के साथ हमारी सहभागिता एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार नेटवर्क तथा साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने की दिशा में एक कदम है। इससे सुरक्षित, भरोसेमंद और निर्बाध परिचालन सुनिश्चित हो सकेगा।

## सोना 1.36 लाख पार, चांदी भी 2.09 लाख किलो के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सोना 2,163 रुपए बढ़कर 1,36,133 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। इससे पहले सोमवार को ये 1,33,970 रुपए पर था।1 किलो चांदी की कीमत भी 1,523 रुपए बढ़कर 2,09,250 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई हैं। इससे पहले सोमवार इसकी कीमत 2,07,727/किलो थी। दस दिन में चांदी 23,762 रुपए महंगी हुई। 10 दिसंबर को इसकी कीमत 1,85,488 रुपए प्रति किलो थी। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कॉस्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं। चीन जैसे देश अपने रिजर्व बैंक में सोना भर रहे हैं, ये सालभर में 900 टन से ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं, इसलिए दाम ऊपर जा रहे हैं। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि चांदी की डिमांड में अभी तेजी है, जिसके आगे भी बने रहने का अनुमान है। ऐसे में चांदी अगले 1 साल में 2.50 लाख तक जा सकती है।

# चावल, गेहूं, दालें हुई मजबूत खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और दालों में भी मजबूती देखी गई। चीनी के दाम लगभग अपरिवर्तित रहे। वहीं खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 3,867 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा पांच रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। मूंग दाल की कीमत आठ रुपये और मसूर दाल की सात रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल पांच रुपये और उड़द दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल के भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही रहे। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 51 रिंगिट चढ़कर 4036 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.18 प्रतिशत टूटकर 48.99 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल औसतन 42 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। वनस्पति की कीमत 31 रुपये और सरसों तेल की 21 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल और मूंगफली तेल 17.17 रुपये महंगे हुए। पाम ऑयल की कीमत 12 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत लगभग स्थिर रही। चीनी में भी टिकाव रहा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7819.75 रुपये, मसूर काली 8168.89 रुपये, मूंग दाल 10103.52 रुपये, उड़द दाल 10377.66 रुपये, तुअर दाल 10599.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2861.69 रुपये और चावल 3866.57 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3294.53 रुपये प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**एसआईआर वोटर...** करेगा। जांच के बाद ही नाम जोड़ने या हटाने का फैसला लिया जाएगा। बिना सुनवाई के किसी का नाम नहीं हटाया जाएगा। 1 बंगाल में सबसे ज्यादा 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाए गए। इनमें 24 लाख 16 हजार 852 नाम मृत वोटरों के हैं। 19 लाख 88 हजार 76 वोटर ऐसे हैं, जो दूसरे जगह शिफ्ट हो गए हैं। 12 लाख 20 हजार 38 वोटर लापता, 1 लाख 38 हजार 328 डुप्लीकेट या फर्जी और 57 हजार 604 नाम अन्य कारणों से हटाए गए। राजस्थान की एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और आलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। गोवा में 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख ने फार्म जमा किए। यहां 1 लाख से ज्यादा नाम हटे, जिनमें मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं। उत्तर गोवा में 44,639 और दक्षिण गोवा में 55,403 नाम हटाए गए। पुड्डुचेरी में ड्राफ्ट सूची से 1.03 लाख से ज्यादा नाम हटे हैं। अब कुल मतदाता 9.18 लाख रह गए हैं। यहां सबसे ज्यादा नाम पुड्डुचेरी जिले में हटे, जबकि कराईकल, माहे और यानम में भी बड़ी संख्या में मतदाता सूची से बाहर हुए। लक्षद्वीप मे 27 अक्टूबर तक कुल 58 हजार मतदाता दर्ज थे। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद इनमें से 56,384 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल पाए गए हैं। यानी 1,616 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। तमिलनाडु में यहां पब्लिश हुए ड्राफ्ट रोल में से 97 लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं। एसआईआर से पहले राज्य में वोटर्स की संख्या 6.41 करोड़ थी। अब घटकर 5.43 करोड़ हो गई है। राज्य में अब 2.66 करोड़ पुरुष, 2.77 करोड़ महिलाएं और 7,191 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। गुजरात में राज्य में नई एसआईआर लिस्ट में 73.73 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कम हुए हैं। राज्य में पहले 5.08 करोड़ से ज्यादा वोटर्स रजिस्टर्ड थे। अब घटकर 4.34 करोड़ रह गए हैं।

**यूपी टीईटी...** लिया जाएगा, लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया भी पूरी नहीं हुई है। ऐसे में 28 और 29 जनवरी को परीक्षा करा पाना संभव नहीं था। ऐसे में टीईटी की नई तारीख घोषित की जाएगी। आयोग मई के मध्य में परीक्षा कराने पर विचार कर रहा है। कोई रुकावट नहीं आई तो 17 एवं 18 मई को टीईटी का आयोजन कराया जा सकता है।

**सहारनपुर के...**पहुंची और दरवाजा तोड़ा, तो पांच लाशें पड़ी थी। सभी के शव बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए। पुलिस की जांच में सभी की मौत दम घुटने से आई है। पुलिस ने शेखपुरा कदीम में परिजनों को सूचना दी। इसके बाद गांव में मातम पसर गया। ठेकेदार नूर और सोनू दोनों सगे भाई हैं। नूर की शादी पांच महीने पहले हुई थी, जबकि सोनू की करीब तीन साल पहले हुई। कोई बच्चा नहीं है। इनके दो बड़ी बहनें हैं, जिनकी शादी हो गई। माता-पिता हैं। रोशनपाल और रामकुमार जीजा-साला है। इनमें रोशनपाल रामकुमार का साला हैं। रोशनपाल के तीन बच्चे हैं। इनमें दो लड़की हैं, जिनके नाम प्रियंका, नेहा है, जबकि बेटा नरेंद्र है। प्रियंका की शादी हो चुकी है। रामकुमार तीतरों के गांव महमूदपुर का निवासी है। फिलहाल थाना सदर बाजार क्षेत्र में गलीरा रोड पर रहता था। इसके भी तीन बच्चे हैं। मदनपाल के दो लड़की हैं, जिनके नाम स्वाति व नैंसी है, जबकि बेटे का नाम नवीन है। मदनपाल की रात ही परिवार में बात हुई थी। क्योंकि उनके चाचा के लड़के को कुछ दिन पहले ही बेटा हुआ था। एक-दो दिन में आने के लिए बोल रहा था।

# राजभवन में मोती की खेती का शुभारंभ

## राज्यपाल आनंदी पटेल ने पर्लफॉर्मिंग परियोजना शुरू की

लखनऊ, वार्ता



किसान दिवस पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन परिसर में मोती की खेती (पर्ल फार्मिंग) परियोजना का तालाब में सीप अवतरण कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के समस्त किसानों को किसान दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

राज्यपाल ने कहा कि देश की प्रगति किसानों की समृद्धि से जुड़ी है और कृषि क्षेत्र में नवाचार ही किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने परियोजना स्थल पर कृषि- कें. द्रित कंपनी मणि एग्रो हब प्राइवेट लिमिटेड, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदर्शित मोती के सीप की सर्जरी प्रक्रिया का अवलोकन किया और इसे एक उपयोगी व लाभकारी नवाचार बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी पहलें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर सृजित करती हैं। राज्यपाल ने जनपद बलिया के प्रगतिशील किसान जेपी पांडेय की प्रेरक सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन, मूल्य संवर्धन और स्थानीय बाजार के विकास से किसान आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने कहा कि किसान जब ठान लेता है कि उसे कुछ करना है, तो वह बड़ी उपलब्धि हासिल करता है। उन्होंने परिश्रम के साथ सही सोच, प्रभावी प्रबंधन और विभागीय समन्वय पर बल दिया। मौसम के अनुरूप पशुपालन प्रबंधन, नियमित बैठकें, योजनाबद्ध कार्य, नवीनतम तकनीक का उपयोग और औपचारिक प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। साथ ही राजभवन में किए जाने वाले नवाचारों को संस्थागत रूप देने और मणि एग्रो हब प्रालि के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मणि एग्रो हब के निदेशक आनंद त्रिपाठी ने बताया कि मोती की खेती एक वैज्ञानिक, टिकाऊ और लाभकारी कृषि उद्यम है। लगभग 2000 वर्ग फीट के तालाब में 10,000 सीपों की खेती से 18 माह में औसतन 8.5 लाख रुपये तक की शुद्ध आय संभव है।

# महबूबा मुफ्ती ने बांग्लादेश में हिंदू महिलाओं की स्थिति पर चिंता जताई



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को बंगलादेश से मिली, उन रिपोर्टों पर चिंता व्यक्त की जिनमें कहा गया है कि वहां हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं।

सुश्री महबूबा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हालांकि यह मुद्दा 'गंभीर' है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि बंगलादेश से आने वाली खबरें, जिनमें कहा गया है कि हिंदू महिलाएं सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डर रही हैं, अत्यंत विचलित करने वाली हैं। पीडीपी अध्यक्ष ने कहा कि दुर्भाग्य से भारतीय नेतृत्व इस गंभीर मुद्दे को बंगलादेशी अधिक. ारियों के साथ उठाने में नैतिक दुविधा का सामना करता दिख रहा है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं। कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा। इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई ने मंगलवार को बंगलादेश में अल्पसंख्यकों की हत्याओं पर नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की कथित चुप्पी को लेकर उन पर तीखा हमला बोला। एक बयान में भाजपा प्रवक्ता मंजूर भट्ट ने उमर अब्दुल्ला सहित जम्मू-कश्मीर के नेताओं की चुप्पी पर सवाल उठाए।

# इंश्योरेंस पॉलिसी फ्रॉड के सिंडिकेट का भंडाफोड़, 10 पकड़े

**आरोपी से 18 मोबाइल, 4 हार्ड ड्राइव, 2 लैपटॉप, एक क्रेटा कार और फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिले की साइबर पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। आरोपी लैप्स हो चुकी इंश्योरेंस पॉलिसी की बकाया किश्तों या मैच्योरिटी के नाम पर लोगों को ठगते थे।

पुलिस ने एक महिला सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया और सागरपुर में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारा। आरोपी आरबीआई, दिल्ली हाईकोर्ट, आईआरडीए और एनपीसीआई के फर्जी नोटिस व लोगो का इस्तेमाल कर पीड़ितों को धोखा देते थे। पुलिस ने संदिग्ध बैंक खातों में 20 लाख रुपए से ज्यादा फ्रीज किए और करीब एक करोड़ रुपए की ठगी का खुलासा किया। बरामदगी में 18 मोबा. इल, 4 हार्ड ड्राइव, 2 लैपटॉप, एक क्रेटा कार और फर्जी दस्तावेज शामिल हैं।

केस की शुरुआत एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के एनालिसिस से हुई। एक बैंक अकाउंट में संदिग्ध ट्रांजेक्शन मिले, जिससे मनी ट्रेल का पता चला। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के निर्देशन में टीम ने जांच शुरू की।

बैंक से अकाउंट होल्डर निशांत चौहान को पकड़ा गया, जिसने सिंडिकेट के बारे में खुलासा किया। इसके बाद मास्टरमाइंड साहिल बेरी को द्वारका सेक्टर-6 से गिरफ्तार किया गया। साहिल ने कबूल किया कि वह फर्जी कॉल कर बीमा रकम दिलाने का झांसा देता था। सागरपुर में उसके कॉल सेंटर पर छापे में किशन, दमन, सुमित और महिला टेलीकॉलर नीरज सहित अन्य पकड़े गए। हजारों लोगों का इंश्योरेंस डेटा बरामद हुआ। आगे जांच में विनय मल्होत्रा, अजय बाजपेयी आदि गिरफ्तार हुए। अजय की पेन ड्राइव से फर्जी मुहरें और लेटर मिले।

गिरफ्तार आरोपियों में साहिल बेरी (मास्टरमाइंड, पहले भी राजस्थान में गिरफ्तार), अजय बाजपेयी, निशांत चौहान, विनय मल्होत्रा, किशन कुमार, दमन बख्शी, सुमित गोस्वामी, बृजेश सैनी, निश्चय साहू और नीरज शामिल हैं। आरा. पी म्यूल अकाउंट्स का इस्तेमाल कर ठगी की रकम ट्रांसफर कराते थे और कमीशन लेते थे। एक पीड़ित निश्चय जोशी से करीब 70 लाख रुपए की ठगी हुई। पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।

## मुख्यमत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे गणमान्यों किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एनडीएमसी कनवेंशन सेंटर में अधिकार मंच द्वारा आयोजित दिल्ली स्टार अवार्ड के सिल्वर जुबली कार्यक्रम ने अधिकार मंच के 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य पर प्रशंसा करते हुए कहा कि विक. सित दिल्ली के निर्माण में आपके सतत प्रयास, समर्पण और सहभागिता अत्यंत सराहनीय हैं। आप सभी का सहयोग प्रशंसनीय है। इस मौके पर अधिकार मंच के अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सरंक्षक गौरव शर्मा समेत सभी कार्यसमिति मौजूद रहे। इस मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने कार्यक्रम में पहुंचकर चार चांद लगा दिया। पुरस्कार वितरण समारोह में दिल्ली के शिक्षा एवं गृह मंत्री आशीष सूद, लोक निर्माण मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सांसद, अभिनेता व गायक मनोज तिवारी, दक्षिणी दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सेहरावत, विधायक अरविंद सिंह लवली, दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी मनीष कुमार अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली का सर्वश्रेष्ट विधायक के लिए अरविंद सिंह लवली, बेस्ट निगम पार्षद का अवार्ड अमित खरखड़ी और महिला निगम पार्षद के रूप में सुगंधा सचिन बिधूड़ी, निगम के बेस्ट उपायुक्त बादल कुमार, आईपीएस विजंयता आर्या, आईपीएस अनंत मित्तल, आईपीएस इंगित प्रताप सिंह आदि को सम्मानित किया गया।

# प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंचा 27 स्टेशन पर एक्यूआई 400 के पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली वासियों की मंगलवार सुबह की शुरुआत दम घोंटू हवा के साथ हुई और पूरे शहर में घना कोहरा तथा धुंध छायी रही।

शहर में 27 निगरानी स्टेशन पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 (गंभीर श्रेणी) के पार चला गया तथा कई अन्य स्थानों पर यह 'अत्यंत गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया, जिससे राजधानी निवासियों को बेहद खतरनाक प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को सुबह नौ बजे शहर का एक्यूआई 415 रिकॉर्ड किया गया, जो एक दिन पहले की 'बहुत खराब' श्रेणी से भी नीचे चला गया। प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार, 40 निगरानी स्टेशन में से 27 ने 400 से अधिक एक्यूआई के साथ गंभीर श्रेणी की वायु गुणवत्ता दर्ज की। इस स्तर की वायु गुणवत्ता के स्वास्थ्य पर गंभीर असर होते हैं।

सीपीसीबी के 'समीर' ऐप के आंकड़ों के अनुसार, पांच स्टेशन पर एक्यूआई 450 से अधिक के साथ 'बहुत गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। आनंद विहार में एक्यूआई 470, नेहरू नगर में 463, ओखला में 459, मुंडका में 459 और सिरीफोर्ट में 450 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के मानकों के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है। इस बीच घने कोहरे की वजह से दृश्यता में काफी कमी आई। पालम में सुबह आठ बजे घने कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई, जबकि हवा पश्चिम- दक्षिण-पश्चिम दिशा से पांच किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। वहीं, सफदरजंग में उसी समय हवा मंद होने से दृश्यता 100 मीटर दर्ज की गई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली का न्यूनतम तापमान गिरकर 8.8 डिग्री सेल्सियस हो गया है, जो सामान्य से 1.3 डिग्री ज्यादा है। अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है और पूर्वानुमान के अनुसार दिन में घना कोहरा छाया रह सकता है।

# अटल जी पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण भावुक क्षण: उपराष्ट्रपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा लिखित पुस्तक "सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि" का लोकार्पण उपराष्ट्रपति एनक्लेव, में हुआ। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन,केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय कृषि राज्य मन्त्री भागीरथ चौधरी , राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख माननीय सुनील आम्बेकर, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के अध्यक्ष मिलिंद मराठे उपराष्ट्रपति के सचिव अमित खरे सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि आज का भारत विश्व में सबसे अधिक शक्तिशाली और सबसे अधिक संभावनाशील राष्ट्र बनकर उभर रहा है।

भारत माता के चरणों में नमन करते हुए "सनातन संस्कृति की अटल दृष्टि" जैसी पुस्तक का लोकार्पण करना उनके लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जीवन और विचारों पर आधारित यह कृति सही समय पर आई है, क्योंकि देश अटल जी की जन्म शताब्दी के अवसर की ओर अग्रसर है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वे स्वयं श्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ लंबे समय तक जुड़े रहे और उनके नेतृत्व में कार्य करने का सौभाग्य उन्हें मिला। उपराष्ट्रपति ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि अटल जी की सबसे बड़ी विशेषता उनके सिद्धांतों और मूल्यों के प्रति अडिग प्रतिबद्धता थी। वे कोमल, उदार, सौम्य और अत्यंत काव्यात्मक व्यक्तित्व के धनी थे, किंतु विचारों में कभी समझौता नहीं करते थे। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन "राष्ट्र प्रथम, पार्टी बाद में और स्वयं सबसे अंत में" के आदर्श को समर्पित था।




**अटल जी पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण करते उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन व अन्य।**

## एक नजर

### एक्सट्रीम नाइन का अधिग्रहण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक्सट्रीम नाइन ने आज घोषणा की कि उसे दुनिया की प्रमुख नेटवर्क-एज-ए-सर्विस कंपनी मेगापोर्ट ने अधिग्रहित कर लिया है। इस अधिग्रहण के बाद एक्सट्रीम नाइन भारत जैसे तेजी से बढ़ते डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बाजार में मेगापोर्ट के विस्तार का आधार बनेगा। साथ ही, एक्सट्रीम नाइन भारत भर में अपने मौजूदा ग्राहकों और साझेदारों को पहले की तरह सेवाएं देता रहेगा। एक्सट्रीम नाइन के कंट्री हेड (भारत), रौनक महेश्वरी ने कहा, यह एक्सट्रीम नाइन और भारत के इंटरनेट इकोसिस्टम के लिए एक अहम पड़ाव है। हमारे साझेदारों ने हम पर भरोसा किया और हमें भारत में एक मजबूत और निष्पक्ष इंटरनेट एक्सचेंज बनाने में मदद की। मेगापोर्ट के साथ जुड़ना हमारी इस यात्रा का अगला कदम है।

### श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले दिल्ली के पश्चिमी हिस्से लोकसभा सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 123वी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री पी.वी नरसिम्हा राव की 21वीं पुण्यतिथि पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसान नेता थे। उन्होंने आजीवन गांव,गरीब, किसान और कामगारों की बेहतरी के लिए काम किया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी नरसिम्हा राव ने सर्वप्रथम भारत में आर्थिक उदारीकरण का मार्ग प्रशस्त किया। बहुभाषी और दूरदर्शी व्यक्तित्व के स्वामी श्री नरसिम्हा राव की आर्थिक नीतियों से ही आज भारत की अर्थव्यवस्था रफ्तार भर रही है।

### रूपे एसआईबी पेटॅग लांच किया

**नई दिल्ली।** साउथ इंडियन बैंक (एसआईबी)ने आज रूपे कॉन्टैक्टलेस एसआईबी पेटॅग स्टिकर के लॉन्च की घोषणा की। यह एक नया एनएफसी (नियर फील्ड कम्युनिकेशन) आधारित भुगतान माध्यम है। यह ग्राहकों को तेज, सुरक्षित और बिना झंझट वाला भुगतान अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह कॉम्पैक्ट एनएफसी स्टिकर मोबाइल फोन, वॉलेट या कार्डहोल्डर जैसे निजी सामान पर आसानी से चिपकाया जा सकता है। इससे ग्राहक बिना फिजिकल डेबिट कार्ड साथ रखे, कॉन्टैक्टलेस पॉइंट-ऑफ-सेल (पॉस) टर्मिनल पर केवल टैप करके भुगतान कर सकते हैं। इस अवसर पर साउथ इंडियन बैंक के सीनियर जनरल मैनेजर (एसजीएम) एवं चीफ इंफॉर्मेशन ऑफिसर (सीआईओ) सोनी ए ने कहा, डिजिटल भुगतान तेजी से ग्राहकों के दैनिक लेनदेन के तौर तरीके को बदल रहे हैं।

### सचिन तेंदुलकर के साथ साझेदारी की घोषणा

**नई दिल्ली।** सनटेक एनर्जी सिस्टम्स ने क्रिकेटर, ग्लोबल स्पोर्ट्स आइकन और परोपकारी व्यक्तित्व सचिन तेंदुलकर के साथ एक रणनीतिक निवेश और दीर्घकालिक साझेदारी की घोषणा की। साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए ट्ठजोन सोलर के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक चरुगुंडला भवानी सुरेश ने कहा, सचिन तेंदुलकर के साथ यह साझेदारी केवल एक निवेश नहीं। यह हमारे मूल्यों, सुशासन और दीर्घकालिक दृष्टि की पुष्टि करता है।

### इंडियन पावर एंड एनर्जी स्टोरेज कांफ्रेंस आयोजित



**नई दिल्ली।** भारत का ऊर्जा क्षेत्र एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुँच चुका है, जहां ऊर्जा भंडारण, ग्रिड लचीलापन और निर्णायक नीति क्रियान्वयन देश की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने और जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की क्षमता निर्धारित करेंगे, यह बात वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और उद्योग नेताओं ने नई दिल्ली में एक प्रमुख सम्मेलन में कही। FICCI द्वारा आयोजित इंडियन पावर एंड एनर्जी स्टोरेज कॉन्फ्रेंस 2025 ने नीति निर्माता, नियामक और उद्योग कार्यकारियों को एक साथ लाकर उस रोडमैप को तैयार किया, जो नवीकरणीय ऊर्जा के समाकलन की जटिलताओं और थर्मल परिसंपत्तियों के प्रबंधन से जुड़े चुनौतियों का समाधान करता है। इस सम्मेलन का समर्थन पावर मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण ने किया।

### महीना भर बाद भी लाखों की चोरी में पुलिस के हाथ खाली

**नई दिल्ली।** बीते माह की 20 तारीख को पांडव नगर थाना क्षेत्र में रीना शर्मा के यहां हुई लाखों की चोरी मामले में महीना बीत जाने के बावजूद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पीड़िता थाने की चक्कर काट-काटकर बेहाल हो चुकी हैं। रीना शर्मा का कहना है कि जब भी थाने जाओ तो ढांढस और दिलासे के अलावा कुछ नहीं मिलता। महीना भर होने के बावजूद भी कुछ हाथ नहीं लगा। पीड़िता का कहना है कि वह चोर के घर इंदौर भी जा चुकी है लेकिन वह वहां भी नहीं मिला। पुसिल चोर को पकड़ने में नाकाम रही है।

## खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को लौटाये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 248 खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर सही मालिकों को लौटा दिए है।नवंबर महीने की शुरुआत में,152 खोए हुए मोबाइल फोन पहले ही बरामद करके लौटा दिए गए थे। दिल्ली पुलिस उपायुक्त अपराध हर्ष इंदौरा ने बताया कि खोए हुए मोबाइल फोन को रिकवर करने के लिए अपराध शाखा की टीम काम कर रही थी।

इसके तहत अपराध शाखा की महिला हेड कांस्टेबल रूबी, भगवंती, महिला कांस्टेबल दीपिका पाटिल, प्रियंका राठौर, मोनिका, नीलम और टिंकू की टीम द्वारा व्यवस्थित टेक्निकल सर्विलांस, आईएमईआई ट्रैकिंग और समन्वित फॉलो-अप के जरिए मोबाइल फोन की रिकवरी की गई थी।इन मिले-जुले प्रयासों के परिणाम स्वरूप, खोए हुए मोबाइल फोन की रिकवरी संभव हो पाई। सभी बरामद मोबाइल फोन का ठीक से वेरिफिकेशन किया गया और उनके संबंधित मालिकों को लौटा दिए गए।

## दिल्ली हवाईअड्डे पर 10 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण मंगलवार को दिल्ली हवाईअड्डे पर कम से कम 10 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जबकि 270 से अधिक उड़ानों में देरी हुई। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि दिन के दौरान छह आगमन और चार प्रस्थान उड़ानें रद्द की गई हैं।

उड़ानों के परिचालन पर नजर रखने वाली वेबसाइट 'फ्लाइट रडार24.कॉम' के अनुसार, 270 से अधिक उड़ानों में देरी दर्ज की गई और प्रस्थान उड़ानों का औसत विलंब समय 29 मिनट रहा।

# यूनानी तिब्बी कांग्रेस ने किया UNICON-45 का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस पश्चिम बंगाल की ओर से कोलकाता में UNICON-45 शीर्षक 'आयुष में तिब्ब ए यूनानी की स्थिति का आयोजन उर्दू अकादमी पश्चिम बंगाल के ऑडिटोरियम में किया गया जिसकी अध्यक्षता डॉ. श्याम सुंदर कुंडू ने की।

उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि आज देश और विदेश में तिब्ब ए यूनानी को कदर और आशा की दृष्टि से देखा जा रहा है और यह प्रसन्नता की बात है कि भारत सरकार के आयुष मंत्रालय और अफगा निस्तान सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में एक ऐतिहासिक समझौते के तहत यह निर्णय लिया है कि अफगानिस्तान में एक यूनानी मेडिकल रिसर्च सेंटर स्थापित किया जाएगा और यूनानी शिक्षा का एक नया अध्याय शुरू होगा। भारत सरकार और अफगानिस्तान सरकार का यह कदम सराहनीय और स्वागत योग्य है।

उन्होंने कहा कि भारत के कई प्रांतों में तिब्ब ए यूनानी शून्य स्थिति पर है और कुछ स्थानों पर शून्य होने जा रही है, इसलिए भारत की सभी प्रांतीय सरकारों से अनुरोध है कि वे तिब्ब ए यूनानी के निरंतर बढ़ावा देने और विकास को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करें।इस अवसर पर स्वागत भाषण देते हुए, ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के महासचिव डॉ सैयद अहमद खान ने कहा कि तिब्बी ए यूनानी के प्रति प्रांतीय सरक. ारों का रवैया बहुत तकलीफ देने वाला है, विशेष रूप से असम सरकार अभी तक यूनानी डॉक्टरों का पंजीकृत नहीं कर पाई है और पश्चिम बंगाल में 1998 से कोई नई नियुक्ति नहीं की गई है, जबकि यहां कुल तीन सरकारी यूनानी औषधालय हैं, जिनकी संख्या 30 से अधिक होनी चाहिए थी।

इस अवसर पर प्रोफेसर मुहम्मद अयूब कासमी ने कहा कि किसी भी कला का विकास सरकार के संरक्षण के बिना संभव नहीं है। यूनानी मेडिकल कॉलेज मुश्किल से चल रह है। सरकार की नजर से तिब्ब ए यूनानी के विकास का खवाब अभी भी ओझल है।

# 12वीं के छात्र ने स्कूल का नाम रोशन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आरपीएम लवली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू लायलपुर के कक्षा 12वीं के छात्र वंश कथूरिया ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत एवं आरपीएम लवली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू लायलपुर का नाम रोशन किया ।

आरपीएम लवली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू लायलपुरके छात्र वंश कथूरिया, निवासीकृष्णा नगर, बलदेव पार्क, पूर्वी दिल्ली, ने रूस के मास्को में आयोजित वर्ल्ड चौंपियनशिप इलेवन पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता मेंआर पी एम लवली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू लायलपुर के छात्र वंश कथूरिया ने



पावरलिफ्टिंग में अपनी ऐज कैटेगरी (14-16) में कुल492.5 किलोग्राम वजनउठाकरविश्व रिकॉर्डभी अपने नाम किया।

इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ वंश कथूरिया को "रिकॉर्ड होल्डर ऑफ द वर्ल्ड" की उपाधि से सम्मानित किया गया। आरपीएम लवली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू लायलपुरके प्रधानाचार्य डॉ. इंदर मलिकने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा "वंश कथूरिया की यह ऐतिहासिक सफलताआर पी एम लवली पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, न्यू लायलपुरके लिए अत्यंत गर्व का विषय है।

# पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े फैसलों को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली कैबिनेट ने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण को मजबूत करने से जुड़े कई अहम फैसलों को मंजूरी दी। इन फैसलों का मकसद दिल्ली को साफ, स्वस्थ और प्रदूषण मुक्त बनाना है।

कैबिनेट के फैसलों की जानक. ारी देते हुए पर्यावरण मंत्री श्री मनर्.. जंदर सिंह सिरसा ने कहा कि ये कदम हवा और पानी के प्रदूषण के स्रोतों पर सीधा असर डालेंगे और व्यवस्था में स्थायी सुधार लाएंगे। कैबिनेट ने दिल्ली के जलाशयों के पुनर्जीवन के लिए घ100 करोड़ रूपये की राशि को मंजूरी दी है।

दिल्लीनमें कुल 1000 ऐसे जलाशय हैं। इनमें से लगभग 160 जलाशय दिल्ली सरकार के अधीन हैं।सिरसा ने कहा कि "दिल्ली के जलाशयों को फिर से जीवित करना प्रदूषण नियंत्रण में बड़ी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस काम को समय पर पूरा करने के लिए सभी जरूरी कदम सुनिश्चित किए जाएँ।"

उन्होंने बताया कि पहले डीपीसीसी द्वारा 19 करोड़ रूपये दिए गए थे। अब अतिरिक्त 100 करोड़ रूपये से सभी चिन्हित जलाशयों के 100% पुनर्जीवन का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही डीडीए से भी इसी तरह की कार्रवाई के लिए समन्वय किया जाएगा।कैबिनेट ने होलंबी कलां में 11.5 एकड़ में बनने वाले दिल्ली के पहले ई-वेस्ट पार्क को भी मंजूरी दी। यह पूरी तरह सर्कुलर मॉडल पर आधारित होगा, जहां जीरो वेस्ट और जीरो प्रदूषण के सिद्धांतों का पालन किया जाएगा।मंत्री ने कहा, "यह देश का पहला ऐसा आधुनिक ई-वेस्ट पार्क होगा, जहां पानी और हवा दोनों को प्रदूषित होने से बचाया जाएगा। यहां इस्तेमाल होने वाला पूरा पानी दोबारा रिसायकल किया जाएगा।"

एक और अहम फैसले में कैबिनेट ने दिल्ली की बस सेवाओं का संचालन क्प्डजै से हटाकर को डीटीसी सौंपने को मंजूरी दी है। यह व्यवस्था अगले वित्तीय वर्ष से लागू होगी। सिरसा ने कहा, "इस फैसले से बस सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर होगी, रूट रेशनलाइजेशन आसान हो सकेगा और ड्राइवर-कंडक्टरों को ज्यादा स्थिरता मिलेगी।"

दिल्ली सरकार ने तय किया है कि ग्रेप हटने के बाद भी 'नो पीयूसीसी, नो फ्यूल' अभियान जारी रहेगा। हालिया जांच में 12 *पीयूसी* केंद्रों में गड़बड़ियां पाई गई हैं। आगे भी लगातार जांच और निगरानी जारी रहेगी, माननीय मंत्री ने बताया। डीपीसीसी ने 411 प्रदूषण फैलाने वाली औद्योगिक इकाइयों को बंद करने के नोटिस दिए है। इसके अलावा एमसीडी ने 400 इकाइयों को सील किया, कुल मिलाकर 800 से ज्यादा कार्रवाई के साथ साथ चार नए ऑटोमेटेड वाहन परीक्षण केंद्र जल्द शुरू होंगे।

ऊंची इमारतों में धूल नियंत्रण के लिए मिस्ट आधारित सिस्टम लगाने की अनुमति दी जाएगी सिरसा ने कहा, "फैक्ट्री हो या पेट्रोल पंप, कोई भी प्रदूषक अब जवाबदेही से नहीं बच पाएगा।"

# चिकित्सकीय व शैक्षणिक उन्नयन से संबंधित शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** जिला प्रशासन शाहदरा द्वारा सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 23 दिसंबर को दिव्यांग विद्यार्थियों की चिकित्सकीय एवं शैक्षणिक उन्नयन से संबंधित समस्याओं की पहचान एवं समाधान हेतु एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मंगलवार को राजकीय सर्वोदय कन्या विद्यालय, बाबरपुर में आयोजित किया गया।

इस विशेष शिविर का उद्घाटन एस. एस. परिहार, जिला मजिस्ट्रेट, शाहदरा द्वारा किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों एवं उनके परिवारों को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत आवश्यक सुविधाएँ एवं लाभ उपलब्ध कराना था। शि. विर में जीटीबी अस्पताल, आईएचबीएएस, समाज कल्याण विभाग, भारतीय रेलवे, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सहित अन्य विभागों की टीमें उपस्थित रहीं, जिन्होंने चिकित्सा परामर्श, प्रमाणन, सहायक उपकरणों, शैक्षणिक सहयोग तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सहायता प्रदान की। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट एस एस परिहार ने उपस्थित बच्चों एवं उनके परिजनों को संबोधित करते हुए सभी से अपील की कि वे सरकार द्वारा



उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाए। जिला प्रशासन शाहदरा सुशासन सप्ताह के अंतर्गत नागरिकों, विशेषकर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण एवं समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# अटल जन्म शताब्दी वर्ष पर पुष्पांजलि अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला द्वारा अटल जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजित में विशेष कार्यशाला में भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांज. लि कर सभी कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् गया।

उसके बाद सबसे परिचय किया यह उनका विशेष प्रवास था। वीरेंद्र सचदेवा ने संबोधित करते हुए बताया कि भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं प्रख्यात राष्ट्रनायक श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर देशभर में श्रद्धांजलि स्वरूप विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह वर्ष उनके विचारों, राष्ट्र के प्रति उनके योगदान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को स्मरण



करने का विशेष अवसर है वीरेंद्र सचदेवा ने 26 दिसम्बर 2025 को ख्र वीर बाल दिवस (शहादत दिवस) के अवसर पर साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता, दिल्ली प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पाण्डेय, प्रदेश प्रवक्ता नितिन त्यागी व ममता त्यागी, विधायक ड्रॉ अनिल गोयल व संजय गोयलप्रदेश मंत्री सरदार बलबीर सिंह, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, जोन चेयरमैन रामकिशोर शर्मा, पूर्व विधायक नसीब सिंह, निर्मल जैन, भूषण ठक्कर,दीपक, सहित सभी मण्डल अध्यक्ष व निगम पार्षद उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी
भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# बड़ी कामयाबी: 65 लाख के 246 मोबाइल बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** ट्रांस हिंडन जोन में मोबाइल चोरी, स्नैचिंग और गुमशुदगी की शिकायतों पर बड़ी सफलता हाथ लगी है। ट्रांस हिंडन जोन के सभी थानों और सर्विलांस/स्वॉट टीम की संयुक्त कार्रवाई में अलग-अलग कंपनियों के कुल 246 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 65 लाख रुपये बताई जा रही है। बरामद मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंप दिए गए हैं। सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर पुलिस टीम ने सर्विलांस और मैनुअल इनपुट की मदद से तकनीकी विश्लेषण किया। जांच के दौरान चोरी, लूट और खोए हुए मोबाइल देश के विभिन्न राज्यों जैसे हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार और दिल्ली-एनसीआर से बरामद किए गए। इस कार्रवाई में इंदिरा. पुरम, कौशाम्बी, खोड़ा, साहिबा. बाद, लिंक रोड, शालीमार गार्डन और टीलामोड़ थानों ने अहम भूमिका निभाई। रिकवरी प्रतिशत के आधार पर थाना शालीमार गार्डन और टीलामोड़ का प्रदर्शन सबसे बेहतर रहा, जिसके लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने कहा कि मोबाइल रिकवरी अभियान आगे भी जारी रहेगा और आम जनता की शिकायतों पर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। यह सफलता पुलिस और तकनीक के बेहतर तालमेल का परिणाम है।

# पुलिस के उपनिरीक्षकों को मिला निवेश और वित्त प्रबंधन का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर में तैनात उपनिरीक्षकों के लिए बुधवार को निवेश और वित्त प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिहानी गेट स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों को आर्थिक रूप से जागरूक बनाना था।

प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षित निवेश, बचत योजनाएं, बीमा, पेंशन, डिजिटल बैंकिंग और भविष्य की आर्थिक योजना से जुड़ी अहम जानकारियां दीं।



अधिकारियों को बताया गया कि सीमित आय में भी संतुलित निवेश कर भविष्य को सुरक्षित बनाया जा सकता है और वित्तीय धोखाधड़ी से कैसे बचा जाए।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षकों ने वित्त से जुड़े सवाल पूछे, जिनका बैंक विशेषज्ञों ने सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के साथ जवाब दिया। अधिकारियों ने इसे उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे प्रशिक्षण न सिर्फ कर्मियों की आर्थिक समझ बढ़ाते हैं, बल्कि उनके व्यक्तिगत और पारिवारिक जीवन को भी मजबूत बनाते हैं। कमिश्नरेट गाजियाबाद भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम जारी रखने की योजना बना रहा है।



गाजियाबाद। नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बनाए जाने पर व पंकज चौधरी को उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर भाजपा के महानगर कार्यकारिणी सदस्य वीरेन्द्र कुमार कंडेरे ने शिष्टाचार भेंट करते हुए दी बधाई।

# राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर मनाई गई स्व. चौधरी चरण सिंह जी की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की 123 वी जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले हवन किया गया फिर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी को माल्या अर्पण कर चौधरी चरण सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित की चौधरी चरण सिंह जी के रास्तों पर चलने वाले सभी नेतागणों ने संकल्प लिया। उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलेंगे और उनके जो काम अधूरे रह गए हैं उनको हम सब लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत के साथ मिलकर पूरे करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष रेखा चौधरी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ इंद्रजीत सिंह टीटू (सदस्य अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश) राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चौधरी तेजपाल सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अयूब अली प्रदेश महासचिव रविंदर चौहान प्रदेश सचिव ओडि त्यागी पूर्व मेयर आशु वर्मा अजय पाल प्रमुख जिला महासचिव प्रदीप त्यागी युवा महानगर अध्यक्ष तुषार कौशिक युवा जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह राजेंद्र चंदेल संजीव अरोड़ा दिनेश शर्मा कृष्णपाल डायरेक्टर राहुल खानपुर अरुण शर्मा नीरज चौधरी तरुण चौधरी मनोज राठी अरुण दहिया वीर सिंह सलेमाबाद योगेश चौधरी जान मोहम्मद सुशील शर्मा नीरज पवार राखी सिंधु ऋषि उपाध्याय श्वेता गुप्ता बबीता अरोड़ा जाकिर चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता व क्विज प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** काईट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें श्री ठाकुर द्वारा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में गेशना गुप्ता 11 C सांशी गोयल 11D हलीमा हुसैन 11 D ने द्वितीय तथा क्विज प्रतियोगिता में शुभी तिवारी 11 C ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन कठिन विषयों को सरलता और मनोरंजक तरीके से सीखने में मदद करते हैं। इसी क्रम में गणित विभागाध्यक्षा उपप्रधानाचार्या पूजा श्रीवास्तव ने बच्चों के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि बार-बार अभ्यास करके हम गणित को अपना मित्र बना सकते हैं।

## गणित क्विज प्रतियोगिता में नेहरू हाउस ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जागृति विहार संजयनगर स्थित एमपीएस पब्लिक स्कूल में आयोजित गणित क्विज प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। प्रतियोगिता में नेहरू हाउस के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया आदर्श, कक्षा XI निर्भय, कक्षा XI पीयूष, कक्षा IX दिव्यांश, कक्षा VII द्वितीय स्थान गांधी हाउस के छात्रों ने प्राप्त किया लव शर्मा, कक्षा VIII हिमांशु सैनी, कक्षा XI वंश श्रीवास्तव, कक्षा XI तृतीय स्थान तिलक हाउस के छात्रों ने प्राप्त किया अमीश, कक्षा XI आदित्य, कक्षा XI हर्ष, कक्षा VII यश, कक्षा VIII कार्यक्रम का संचालन एंकर मिस ललिता सिंह ने किया। क्विज मास्टर कपिल कुमार, स्वदेश शर्मा, मिस तनुजा सैंगर और मिस ज्योति पंवार रहे। स्कोर कीपर मिस अनीशा भाटी, उप प्रधानाचार्या पूनम शर्मा व डायरेक्टर आशा त्यागी रहीं। समापन पर प्रधानाचार्या सुनीता जॉनसन ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गणित दिवस भारत के महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

## एक नजर

## स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वतंत्रता सेनानी किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर गांव चित्तौड़ा में चौधरी चरण सिंह जी की मूर्ति पर माला अर्पण कर हवन पूजन के साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभी ने अपने विचार रखे रालोद सहकारिता के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा चौधरी साहब ने अपने जीवन में हमेशा किसान कमेरे वर्ग और अपने देश की तरक्की के लिए कार्य किया चौधरी चरण सिंह साहब दो बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भारत सरकार के वित्त मंत्री गृहमंत्री रहने के साथ ही भारत के प्रधानमंत्री बने उन्होंने आजीवन किसानों के हित में कार्य किये उन्होंने जमीदारा उन्मूलन एक्ट बनाकर सभी किसान वर्ग को जमीन का मालिक बनाया चकबंदी कानून आदि बहुत से ऐसे कार्य किये' जिला उपाध्यक्ष प्रदीप मुखिया ने कहा चौधरी साहब का जीवन सादगी भरा रहा हमें उनके पद चिन्हों पर चलना चाहिए इसके अलावा कोऑपरेटिव बैंक के डायरेक्टर हरिकांत शर्मा' दिलावर सिंह' रामकुमार सिंह' मनोज कुमार' इंद्रपाल डायरेक्टर' आदि ने अपने विचार रखे इस अवसर पर हरेंद्र सिंह' जोगेंद्र सिंह' सोहनपाल सिंह' समरजीत सिंह' समीर चौधरी' मास्टर योगेंद्र सिंह' राजकुमार सिंह' आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## कौशाम्बी पुलिस की कार्रवाई: दुष्कर्म मामले में फरार चल रहा एक आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना कौशाम्बी पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 19 दिसंबर को पीड़िता की लिखित शिकायत के आधार पर थाना कौशाम्बी में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपी की तलाश की जा रही थी। देर रात चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने यूपी गेट के पास से आरोपी शोएब को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शोएब पुत्र हनीफ, निवासी जानी खुर्द, थाना जानी, मेरठ वर्ष के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद मामले में अतिरिक्त धाराएं भी बढ़ाई गई हैं और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी और पीड़िता की पहचान वर्ष 2020 से थी और हाल ही में आरोपी पीड़िता से उसके मकान पर मिला था। फिलहाल आरोपी के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की जा रही है।


## मोदीनगर विधायक ने विधानसभा परिसर में दी चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** लखनऊ प्रवास के दौरान भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह जी की 123वीं जयंती के अवसर पर मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने विधानसभा परिसर के बाहर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया गया। किसान सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में विधानसभा प्रांगण में चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा के समीप किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के परिश्रमी किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनके योगदान को सम्मान और प्रोत्साहन मिला। कार्यक्रम में विशेष रूप से महिला कृषकों को खेती से संबंधित आधुनिक कृषि यंत्र वितरित किए गए। यह पहल महिला किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक कदम है।



## धूमधाम से मनाया भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** श्री हंस इंटर कॉलेज मुरादनगर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित चौधरी चरण सिंह जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का श्री गणेश किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र छात्राओं ने किसानों के मसीहा भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए। विद्यालय के अध्यापक प्रमोद कुमार ने चौधरी चरण सिंह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानों के लिए किए गए सराहनीय कार्य पर प्रकाश डालकर बताया कि इसलिए चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा कहे जाते हैं। उनकी सादगी व ईमानदार नेता के रूप में उनकी छवि बाकी नेताओं से अलग करती है। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी ऑफिसर व कलाध्यापक डॉक्टर अमित कुमार ने किया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद कुमार व समस्त अध्यापक गण व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## सपा नेताओं ने दी चौधरी चरण सिंह को श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** चौधरी चरण सिंह जी का 123 वा जन्मदिवस बहुत ही धूम धाम से समाजवादी पार्टी के केम्प कार्यालय राज चोपला मोदीनगर मे मनाया गया जिसमे सभी नेता गणों ने अपने विचार रखे मुख्य रूप से रमेश प्रजापति राष्ट्रीय सचिव,कालूराम धामा प्रदेशसचिव, गिरीश मथुरिया प्रदेश महासचिव पिछड़ावर्ग, मनीष बंसल जिला कोषाध्यक्ष, कमलेश चौधरी पूर्व महिला अध्यक्ष ,महावीर गुज्जर, पंकज भारद्वाज,बॉबी सेन, राजेश जाटव, कर्मवीर सिंह, देविंदर कौशिक, मांगेराम सेन, सोनू शर्मा, अमित कुमार, संजीव कुमार,फैसल खान फेसाल अंसारी,राज कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## चौ. चरण सिंह की जयंती पर हवन कर दी गई श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** किसानों के मसीहा, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी की 123वीं जयंती के अवसर पर मोदीनगर बस अड्डे स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जहाँ उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह जी को नमन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. देवेंद्र शिवाच,चेयरमैन विना. द वैशाली सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं सभासदगण उपस्थित रहे। सभी ने चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके किसान-हितैषी विचारों और सिद्धांतों को स्मरण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि "चौधरी चरण सिंह जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश के किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने स दैव अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की आवाज को बुलंद किया। उनके विचार और नीतियाँ आज भी प्रासंगिक हैं और हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर दीपक चौधरी, रूपेश पुनिया, रविंद्र नेहरा, वेद प्रकाश चौधरी, परमिंदर चौधरी, सतेंद्र तोमर, पिंकी चौधरी, संजय चौधरी, संजीव चौधरी, नीरज तेवतिया, नरेंद्र चौधरी, कृष्णवीर जून, विपिन चौधरी, अमित कराटे, अमित चौधरी, सोनू कुमार, संजय चौधरी, गोल्डी नेहरा, जितेंद्र चौधरी, करणवीर सिंह, ललित त्यागी, बलराज गुज्जर, राहुल राणा, मोहन सिंह, सुमन चौधरी, आकाश शर्मा, दीपांशु मलिक, अजय मलिक, सागर गुप्ता, अनिल सैन, अनिल आर्या, सूबे सिंह, धर्मवीर मास्टर, देवेंद्र चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## विधायिका क्रिकेट स्पर्धा टी-20 का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** रविवार को महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में, ओमवीर क्रिकेट अकादमी, वर्सेस एम एस क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया, टी-20 जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए, एस क्रिकेट अकादमी ने 20 ओवर में, 182 रन बनाए। जवाब में स्कोर का पीछा करते हुए, ओमवीर क्रिकेटरों ने चार विकेट के नुकसान पर 16 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आज के मैच के हीरो मैन ऑफ द मैच शौर्य प्रताप रहे। और मिशुर दत्ता फाइटर ऑफ द मैच रहे। इस मौके पर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए। मोदीनगर नगर पालि. का अध्यक्ष विनोद वैशाली ने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। जीत की बधाई दी। साथ ही मोदीनगर विधायक प्रतिनिधि के सामाजिक लोगों ने पहुंच कर अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## तमिलनाडु के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के चुनाव प्रभारी नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या द्वारा संगठनात्मक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए युवा भाजपा नेता विनीत वत्स त्यागी को तमिलनाडु राज्य के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए की गई है, जिसमें विनीत वत्स त्यागी संगठनात्मक समन्वय, युवा मोर्चा की सक्रिय भागीदारी, चुनावी रणनीति तथा जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगे। विनीत वत्स त्यागी वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं और संगठनात्मक कार्यों में उनका अनुभव, कार्यकुशलता एवं प्रतिबद्धता सर्वविदित है।

# आईटीएस में कॉम्प्रेहेन्सिव ओरल इंप्लांटोलॉजी कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेंटल कॉलेज ने 10वें कॉम्प्रेहेन्सिव ओरल इंप्लांटोलॉजी कोर्स के दूसरे मॉड्यूल का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह कोर्स जी.एम.आई. इम्प्लांट्स, बार्सिलोना, स्पेन के सहयोग से संचालित हुआ।

चार मॉड्यूल वाले इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 53 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें निजी दंत चिकित्सक, कॉलेज के पूर्व छात्र, संस्थान के दंत चिकित्सक, एम.डी.एस. विद्यार्थी और अन्य कॉलेजों के अध्यापक सम्मिलित थे। यह कार्यक्रम आई.टी.एस-द एजुक. ेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी में नवीनतम क्लीनिकल तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि वे मरीजों के लापता दांतों को इम्प्लांट्स के जरिए लगा जा सके और मरीजों को समग्र उपचार प्रदान कर सकें। इस पाठ्यक्रम के गेस्ट स्पीकर हनी वर्मा थे।



कार्यक्रम के दौरान स्पीकर ने सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के उपचार की प्रक्रियाओं के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी प्रदान की। जिसमें विभिन्न विषयों पर व्याख्यान, केस डिस्कशन, लाइव सर्जिकल डेमॉन्स्ट्रेशन तथा हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण का संतुलित समावेश किया गया। व्याख्यान सत्रों के दौरान इमीडिएट इम्प्लांट प्रोटोकॉल, इम्प्लांट फेल्योर को रोकने की रणनीतियां, गाइडेड बोन रीजेनेरेशन एवं बोन ग्राफ्टिंग, पेरी-इम्प्लांट म्यूकोसा एवं सॉफ्ट टिश्यू ऑगमेंटेशन, इम्प्लांट बायोमैकेनिक्स, स्यूचर सामग्री एवं तकनीकें, इम्प्लांट ओक्लूजन तथा एडवांस्ड प्रक्रियाएं जैसे इंटरनल एवं डायरेक्ट साइनस लिफ्ट पर विस्तृत चर्चा की गई।

साथ ही, इम्प्लांट प्रैक्टिस से जुड़े व्यावहारिक टिप्स एवं ट्रिक्स भी साझा किए गये। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को ओरल इंप्लांटोलॉजी के बारे में नवीनतम ज्ञान प्राप्त हुआ जिसके लिये सभी ने आई.टी.एस-द एजुक. ेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आर. पी. चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**
**( साधारण प्रारूप )**
**न्यायालय अपर जिलाधिकारी न्यायिक महोदय, मुरादाबाद।**
वाद सं0 डी202513540002196
धारा-38 उ0प्र0रा0 सं0
**तारीख पेशी:** 01.01.2026
**ग्राम सुजानपुर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद।**
**जितेन्द्र सिंह आदि बनाम तारेश कुमार आदि।**
1. जितेन्द्र सिंह, 2. पुष्पेन्द्र सिंह, 3. राजू पुत्रगण शेर सिंह निवासीगण नैमेनी गद्दी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**
**बनाम**
1. तारेश कुमार, 2. राकेश कुमार पुत्रगण रामपाल सिंह निवासीगण नैमेनी गद्दी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद हाल निवासी निकट बजाज एजेन्सी जोया रोड, अमरोहा, 3. राजबहादुर पुत्र नन्हें, 4. रिशू पुत्र तेज बहादुर, 5. श्रीमती बीना देवी पत्नी स्व0 तेजबहादुर निवासीगण नैमेनी गद्दी तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद, हाल निवासीगण गोविन्द पुरम गाजियाबाद-**प्रतिवादीगण।** चूंकि उपरिनामांकित वादीगण के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 01 के दिवस 01 को 10.00 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवे. दन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 12 के दिवस 23 को निकाली गयी है।
**न्यायालय**
**अपर जिलाधिकारी ( न्यायिक )**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# चूकते ही बैंक अकाउंट खाली कर देगा QR कोड

**फिल्म देखकर ठगी का जाल बिछाने वाल गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** साइबर पुलिस स्टेशन उत्तरी दिल्ली ने क्यू कोड से छेड़छाड़ कर की जा रही एक संगठित साइबर ठगी का खुलासा करते हुए मामले के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तकनीकी जांच और फील्ड इन्वेस्टिगेशन के जरिए इस धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया, जिसमें एक ग्राहक से 1.40 लाख की ठगी की गई थी। एफआईआर के अनुसार, 13 दिसंबर 2025 को शिकायतकर्ता चांदनी चौक स्थित एक नामी गारमेंट शॉप से 2.50 लाख रुपये का लहंगा खरीदने पहुंचा था। भुगतान के दौरान उसने दुकान पर लगे QR कोड को स्कैन कर दो डिजिटल ट्रांजैक्शन किए, एक 90,000 और 50,000 रुपये का। हालांकि, बाद में दुकानदार ने शिकायतकर्ता को बताया कि उनके आधिकारिक बैंक खाते में कोई रकम जमा नहीं हुई है। भुगतान के स्क्रीनशॉट दिखाने के बावजूद जब रकम का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला, तो शिकायतकर्ता ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस टीम ने सबसे पहले दुकान का निरीक्षण किया और बिलिंग सिस्टम व डिजिटल भुगतान प्रक्रिया की जांच की। शिकायतकर्ता, दुकान मालिक और सेल्स स्टाफ के बयान दर्ज कर घटना का पूरा टाइमलाइन तैयार किया गया। साथ ही, UPI ट्रांजेक्शन ट्रेल की तकनीकी जांच की गई।

जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता द्वारा किया गया भुगतान दुकान के खाते में न जाकर एक अन्य बैंक खाते में ट्रांसफर हो गया था। बैंक और मोबाइल डेटा एनालिसिस से पता चला कि यह खाता राजस्थान से संचालित हो रहा था।

तकनीकी और वित्तीय सुरागों के आधार पर पुलिस ने राजस्थान के जयपुर जिले में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान 19 वर्षीय मनीष वर्मा, निवासी थाना चाकसू, जिला जयपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह असली दुकानदारों के क्यू कोड को एडिट कर उनमें अपना बैंक अकाउंट लिंक कर देता था। उसके मोबाइल फोन से 100 से अधिक एडिटेड और ओरिजिनल QR कोड, चौट्स, स्क्रीन शॉट और बैंकिंग रिकॉर्ड बरामद किए गए हैं। आरोपी के बैंक खाते में ठगी की गई 1.40 लाख की रकम जमा होने की पुष्टि भी हुई है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी दुकानों के असली क्यू कोड हासिल कर AI आधारित इमेज एडिटिंग ऐप्स की मदद से उनमें बैंक डिटेल बदल देता था। QR कोड दिखने में असली जैसा ही रहता था, लेकिन स्कैन करने पर भुगतान आरोपी के खाते में चला जाता था। बाद में वह रकम को तुरंत निकाल या ट्रांसफर कर देता था ताकि पहचान से बच सके। पूछताछ के दौरान आरोपी ने यह भी कबूला कि उसे QR कोड से छेड़छाड़ का विचार एक साउथ इंडियन फिल्म Vettaiyan के दृश्यों से आया था। पुलिस का कहना है कि बरामद डिजिटल सबूतों से यह संकेत मिलता है कि आरोपी ने कई अन्य दुकानों को भी निशाना बनाया हो सकता है। अब पुलिस अन्य पीड़ितों और लिंक्ड ट्रांजेक्शंस की पहचान में जुटी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों के खिलाफ एक अहम सफलता है और आम लोगों से अपील की गई है कि डिजिटल भुगतान करते समय QR कोड की प्रामाणिकता को लेकर सतर्क रहें।

## भाजपा पार्षद ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी कर मांगी माफी

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में मयूर विहार फेज-एक स्थित लवली पार्क में नाइजीरिया नागरिक के साथ कथित बदसलूकी करने वाली भाजपा पार्षद रेनू चौधरी ने इंस्टाग्राम पर माफी मांगी है। कहा कि उनके शब्दों से किसी को ठेस पहुंची है तो वह मांफी मांगती है।

उन्होंने अपना वीडियो प्रदेश भाजपा व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को टैग किया है। जिस क्षेत्र का यह वीडियो है, उसी फेज-एक मे वीरेंद्र सचदेवा रहते हैं। नाइजीरिया का नागरिक पिछले कई वर्षों से पार्क में सोसायटी में रहने वाले बच्चों को फुटबॉल कोचिंग दे रहे हैं।

बता दें कि चार दिन पहले पार्षद पार्क में निरीक्षण करने गई थीं। वहां नाइजीरिया नागरिक को पार्षद ने चेतावनी दी थी एक माह में हिंदी सीखो नहीं तो पार्क में फुटबॉल कोचिंग बंद करवा दी जाएगी। सूत्रों का कहना है कि मामले के तूल पकड़ने के बाद पार्षद को भाजपा प्रदेश से फटकार पड़ी है। उसके बाद उन्होंने माफी मांगी है।

# बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर वीएचपी का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली। शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात है। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने आज बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है।

विश्व हिंदू परिषद ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा और अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर आज सुबह 11 बजे से शांतिपूर्ण प्रदर्शन का एलान किया था। बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन उग्र हो गया है। पुलिस प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश कर रही है। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी देखने को मिली है। बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जुटकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश के मयमनसिंह जिले में 27 वर्षीय हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई।

जानकारी के अनुसार, दीपू चंद्र दास पर कथित तौर पर ईशनिंदा का आरोप लगाकर भीड़ ने हमला किया था। आरोप है कि युवक को पहले बेरहमी से पीटा गया, फिर उसके शव को पेड़ से लटकाकर आग लगा दी गई। इस अमानवीय घटना ने पूरे देश में आक्रोश फैला दिया। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा और हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग के खिलाफ देशभर में गुस्सा और नाराजगी है। यही वजह है कि दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, सूरत, पटना समेत देश के कई शहरों में लोग बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और मोहम्मद यूनुस का पुतला फूंक रहे हैं।

# महिला ड्रग पेडलर को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के निहाल विहार थाने के पेट्रोलिंग स्टाफ ने एक महिला ड्रग पेडलर को पकड़ा है।पुलिस ने उसके पास से 341 ग्राम गांजा और 3,72,830/ रूपये- (गांजे की बिक्री से मिले पैसे) बरामद किए है। आरोपी महिला पहले भी दिल्ली एक्साइज एक्ट के पांच से ज्यादा मामलों में शामिल रही है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 20 दिसंबर को निहाल विहार थाने की टीम अध्यापक नगर इलाके में रूटीन पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान, टीम परी गार्डन के पास एक घर के सामने पहुंची, जहां पेट्रोल टीम ने भीड़ से घिरी एक संदिग्ध महिला को देखा, जिसके हाथ में भूरे रंग का कैरी बैग था। इसके बाद पुलिस स्टाफ को देखते ही कैरी बैग लिए महिला ने भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क टीम ने पीछा कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

पुलिस द्वारा कैरी बैग की जांच करने पर, गांजा और नकदी बरामद हुई। वजन करने पर, जब्त किया गया सामान 341 ग्राम गांजा पाया गया। गिनती करने पर, कुल 3,72,830/- रूपये बरामद हुए, जो गांजे की बिक्री से मिले पैसे थे। इसके बाद निहाल विहार थाने के तहत मामला दर्ज कर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला पहले दिल्ली एक्साइज एक्ट के पांच से ज्यादा मामलों में शामिल रही है।



केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुलाकात करते हुए।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से विजेंद्र गुप्ता ने की शिष्टाचार भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शहरी विकास एवं विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर से दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर अध्यक्ष ने मंत्री को "दिल्ली विधान सभा की प्रस्तुति ख्र शताब्दी-यात्रा, वीर विठ्ठलभाई पटेल" शीर्षक पर विशेष रूप से प्रकाशित कॉफी टेबल बुक भेंट की। यह पुस्तक केंद्रीय विधान सभा के प्रथम भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष वीर विठ्ठलभाई पटेल को समर्पित है। यह प्रकाशन वर्ष 1925 से 2025 तक भारत की संसदीय यात्रा का दस्तावेजीकरण करता है तथा आधुनिक भारतीय संसदीय परंपराओं की नींव रखने वाले वीर विठ्ठलभाई झावेरीभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। भेंट के दौरान माननीय केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली में लगभग 72,000 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाएँ वर्तमान में प्रगति पर हैं तथा राष्ट्रीय राजधानी के लिए कई नई योजनाएँ भी पाइपलाइन में हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्रीय रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) दिल्ली में परिचालित की जाएगी, जिससे पानीपत से करनाल तक की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी। साथ ही, दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु कई पहलें योजनाबद्ध एवं क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य शहरी गतिशीलता एवं क्षेत्रीय संपर्क को और बेहतर बनाना है।कॉफी टेबल बुक के विषय में बोलते हुए अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह कॉफी टेबल बुक भारत की विधायी एवं लोकतांत्रिक यात्रा के सौ वर्षों का समग्र दस्तावेज है। इस ग्रंथ में दुर्लभ अभिलेखीय छायाचित्रों, ऐतिहासिक दस्तावेजों तथा उन निर्णायक क्षणों को संकलित किया गया है जिन्होंने 20वीं शताब्दी के आरंभ से भारतीय लोकतंत्र को आकार दिया। पुस्तक का एक प्रमुख आकर्षण वर्ष 2025 में आयोजित ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस का विस्तृत विवरण है, जिसका आयोजन केंद्रीय विधान सभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष के रूप में श्री विठ्ठलभाई पटेल के निर्वाचन के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया था।

## उपराज्यपाल का केजरीवाल को लिखा पत्र राजनीतिक आईना दिखाता है: सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना द्वारा पूर्व मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है की यह पत्र अरविंद केजरीवाल की दस साल की भ्रष्टाचार में लिप्त नाक्रातमक राजनीतिक एवं प्रशासनिक कार्य शैली की समीक्षा करता है और उन्हे राजनीतिक आईना दिखाता है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की दिल्ली के उपराज्यपाल विगत 3 साल से अधिक से दिल्ली के प्रथम नागरिक एवं सेवक के रूप में कार्यरत हैं और दिल्ली वालों ने भलीभांति देखा है की किस तरह उन्होने दिल्ली की तत्कालीन आराजक केजरीवाल सरकार से बचाते हुए दिल्ली वालों के लिए ना सिर्फ किसी तरह न्यूनतम जनसेवाओं को चालू रखा था बल्कि केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों एवं डी.डी.ए. के माध्यम से दिल्ली में अनेक विकास प्रोजेक्ट भी पूरे करवाये। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की केजरीवाल को लिखा पत्र बेशक लिखा उपराज्यपाल सक्सेना ने जरूर है पर उसका हर शब्द दिल्ली की जनता जो 10 साल जन समस्याएं झेलती रही थी उसके नागरिकों की पीड़ा को दर्शाता है।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की विगत दस माह से आम आदमी पार्टी के नेता प्रदूषण सहित हर विकास एवं रखरखाव मुद्दे पर भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार पर टीका टिप्पणी करते हैं पर आज उपराज्यपाल के द्वारा 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र पर उनकी चुप्पी दर्शाती है की प्रदूषण नियंत्रण में विफलता, पार्टी वोलेंटियरस को सरकारी खजाने से वेतन देने, विभिन्न घोटाले करने, शराब घोटाला करने और कोविड़काल में अपना शीशमहल बनाने तक के उपराज्यपाल के सभी आरोप ठीक हैं।

# रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े जमीन सौदे मामले में सुनवाई स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक कोर्ट ने मंगलवार को बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभियोजन शिकायत पर संज्ञान लेने से संबंधित सुनवाई को स्थगित कर दिया।। यह मामला गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव में 2008 के एक जमीन सौदे से जुड़े धन शोधन मामले का है।

राउज एवेन्यू कोर्ट ने कार्यवाही 22 जनवरी, 2026 तक के लिए स्थगित कर दी। इस दिन अदालत ईडी की उस याचिका पर सुनवाई करेगी, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने की मांग की गई है। ईडी ने वाड्रा पर हरियाणा में 3.53 एकड़ जमीन के धोखाधड़ी वाले लेन-देन के जरिए अपराध की कमाई करने का आरोप लगाया है। ईडी ने आरोप लगाया है कि अपराध की कमाई को वाड्रा द्वारा नियंत्रित कई कंपनियों के जरिए रूट किया गया था।

इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने वाड्रा और अन्य आरोपितों को नोटिस जारी करते हुए कहा था कि नए आपराधिक कानून के अनुसार, किसी भी शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले आरोपितों को अपनी बात रखने का मौका देना जरूरी है। विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) सुशांत चांगोत्रा द्वारा पारित आदेश में कहा गया है, "शिकायत में नामित सभी प्रस्तावित आरोपियों को संज्ञान लेने के सवाल पर सुनवाई के लिए नोटिस जारी करें। ईडी के अनुसार वाड्रा की कंपनी, स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने, सीमित पूंजी होने के बावजूद, फरवरी 2008 में ओमकारेश्वर प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड से शिकोहपुर में 3.5 एकड़ जमीन 7.50 करोड़ रुपए में खरीदी थी।

जांच एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कोई वास्तविक भुगतान नहीं किया गया था। बिक्री दस्तावेज में गलत जानकारी दी गई, जिसमें ऐसे चेक का जिक्र था, जो कभी जारी ही नहीं हुआ और न ही भुनाया गया। ईडी ने दावा किया है कि जमीन का मूल्य कम दिखाया गया था, जिससे स्टांप शुल्क की चोरी हुई, और यह भारतीय दंड संहिता की धारा 423 के तहत एक अपराध है। अपनी शिकायत में, ईडी ने 58 करोड़ रुपए को अपराध की कमाई बताया है और 38.69 करोड़ रुपए की 43 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है, जिन्हें अपराध की कमाई के सीधे या मूल्य के बराबर बताया गया है। ये संपत्तियां कथित तौर पर वाड्रा, उनकी कंपनी आर्टेक्स, स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य संबंधित संस्थाओं की हैं।

जांच एजेंसी ने पीएमएलए की धारा 4 के तहत अधिकतम सात साल की कड़ी कैद की सजा और अटैच की गई संपत्तियों को जब्त करने की मांग की है।

अक्टूबर 2012 में, सीनियर आईएएस अधिकारी अशोक खेमका ने प्रक्रियात्मक अनियमितताओं का हवाला देते हुए शिकोहपुर जमीन डील रद्द कर दी थी। हालांकि बाद में एक सरकारी पैनल ने वाड्रा और डीएलएफ को क्लीन चिट दे दी थी, लेकिन राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार आने के बाद हरियाणा पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।

## दिसंबर के भीगे-भीगे मौसम में अच्छी हवा का इंतजार करती रही राजधानी की पब्लिक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में स्मॉग की मोटी परत छाई हुई है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार दिल्ली में आज का एक्यूआई 463 है, जिसे 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है। दिसंबर का महीना बीतने को है, लेकिन दिल्ली की हवा अब तक जहरीली बनी हुई है। इस महीने अब तक ऐसा एक भी दिन दर्ज नहीं हुआ, जब वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 200 से नीचे रहा हो। पूरे दिसंबर में दिल्लीवासियों को मध्यम श्रेणी की हवा भी नसीब नहीं हुईलोग इंतजार ही करते रहे कि अब हवा बेहतर होगी अब बेहतर होगी लेकिन हालात बाद से बदतर होते गए। सीपीसीबी के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर में अब तक करीब 20 दिन ऐसे रहे हैं, जब हवा की गुणवत्ता रेड जोन में दर्ज की गई। सीपीसीबी के मुताबिक, मध्यम श्रेणी की हवा तभी मानी जाती है, जब एक्यूआई 200 से नीचे हो, लेकिन इस महीने ऐसा एक भी दिन रिकॉर्ड नहीं किया गया। इसके उलट, पिछले साल इसी अवधि में हालात कुछ बेहतर थे।

दिसंबर, 2024 में दिल्ली में छह दिन ऐसे दर्ज किए गए थे, जब हवा की गुणवत्ता 'मध्यम' रही थी। दिसंबर 2024 में कुल आठ दिन एक्यूआई 200 से नीचे रहा था। वहीं आठ दिन 'खराब' और छह दिन 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज किए गए थे। आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल 1 से 7 दिसंबर के बीच दिल्ली की हवा अधिकतर मध्यम से खराब श्रेणी में रही थी। सिर्फ एक दिन ऐसा था, जब एक्यूआई 300 के पार जाकर 'बहुत खराब' श्रेणी में पहुंचा, लेकिन अगले ही दिन स्थिति में सुधार देखने को मिला था।

## ड्रग्स तस्करी मामले में दबोचा

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बड़े ड्रग्स तस्करी मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से कुल 1289 किलोग्राम कोकीन और मेफेड्रोन और 39.706 किलोग्राम थाई मारिजुआना बरामद की है। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (स्पेशल सेल) अमित कौशिक ने बताया कि आरोपी ऋतिक बजाज (36) थाईलैंड मूल के मारिजुआना का मुख्य सप्लायर था और फरार था।गिरफ्तारी से बचने के बाद कोर्ट द्वारा उसे पीओ घोषित किया गया था।आरोपी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया और आवश्यक जानकारी इंटरपोल के साथ साझा की गई। रेड कॉर्नर नोटिस पर कार्रवाई करते हुए, आरोपी ऋतिक बजाज (36) को दुबई में इंटरपोल अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया।

# गलियों व बाजारों में क्रिसमस की धूम, माहौल को खुशनुमा बना रही झिलमिलाती लाइटें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी क्रिसमस पलूशन के बावजूद दिल से क्रिसमस की तैयारियों में जुटी नजर आती है। दिल्ली की गलियों, बाजारों और बेकरी की दुकानों में लाल, सफेद और हरे रंग की सजावट, झिलमिलाती लाइटें और मीठी खुशबू माहौल को खुशनुमा बना रही है। इस साल क्रिसमस पर पारंपरिक प्लम केक की जगह सांता क्लॉस थीम वाले केक बच्चों और युवाओं की पसंद बन रहे हैं।

दिल्ली के लगभग सभी बड़े बाजारों में क्रिसमस को लेकर खास तैयारियां की गई हैं। खान मार्केट, कनॉट प्लेस, हौज खास, सदर बाजार, करोल बाग और लाजपत नगर जैसे इलाकों की बेकरी दुकानों पर रंग-बिरंगे केक सजे हुए हैं। इन केकों पर लाल टोपी पहने सांता क्लॉस, सफेद दाढ़ी, मुस्कुराता चेहरा और तोहफों की टोकरी जैसे डिजाइन लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं।

कई दुकानों के बाहर तो सिर्फ सांता थीम वाले केक और कपकेक की अलग से काउंटर लगाए गए हैं। कीमत की बात करें तो सांता क्लॉस थीम वाले केक सामान्य केक की तुलना में थोड़े महंगे जरूर हैं, लेकिन फिर भी लोगों की खरीदारी पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा है।

बेकर्स का कहना है कि अब लोग डिजाइनर और थीम बेस्ड केक खरीदना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। एक बेकरी के मालिक ने बताया कि बच्चों के जन्मदिन और स्कूल क्रिसमस पार्टियों के लिए भी सांता थीम वाले केक खूब मंगवाए जा रहे हैं। कई ग्राहक ऐसे भी हैं जो अपने हिसाब से कस्टमाइज्ड केक बनवाना चाहते हैं, जिन पर बच्चे का नाम और छोटा सा क्रिसमस संदेश लिखा हो।

एक खरीददार ने बताया कि उनके बच्चे को सांता क्लॉस बहुत पसंद है। इसलिए इस बार उन्होंने घर पर क्रिसमस सेलिब्रेशन के लिए सांता के चेहरे वाला केक ऑर्डर किया है। उन्होंने बताया कि ऐसा केक बच्चों के लिए सिर्फ मिठाई नहीं, बल्कि खुशी और उत्साह का कारण भी बन जाता है। वहीं, खरीददार विलियम ने बताया कि इस बार क्रिसमस के लिए वह कस्टमाइज्ड केक ऑर्डर कर रहे हैं।

## फोटोग्राफर पर उसके जीजा ने किया हमला

**नई दिल्ली।** न्यू उस्मानपुर इलाके में रविवार को पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। यहां शादियों में फोटो ग्राफी का काम करने वाले युवक पर उसके जीजा ने गली में ही धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित साले की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। वारदात की एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है। इसमें आरोपी बाइकसवार पीड़ित पर हमला करता साफ दिख रहा है। पुलिस हमले के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे ब्रह्मपुरी, गली संख्या 14/2 में पीड़ित 33 वर्षीय रंजीत सिंह अपने घर से मोटरसाइकिल से फोटो फ्रेम लेने जा रहे थे। उसी दौरान उनके जीजा नरेश कुमार गली में उनका रास्ता रोकते हुए मिले और उन पर हमला कर दिया।

# जन कल्याण योजना प्रचार अभियान आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**नई दिल्ली।** अशोक विहार के जेलोरवाला बाग स्थित स्वाभिमान अपार्टमेंट, नई दिल्ली में जन कल्याण योजना प्रचार अभियान के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को प्रदान की गई।

अभियान के मार्गदर्शक श्री राजमणि जी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा योजना (2 लाख), जन औषधि योजना, PMFME (भोजन संबंधी ऋण योजना), श्रम मानधन योजना, MSME योजनाएँ तथा स्टाल धारकों के लिए PMS योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी सरल भाषा में दी। कार्यक्रम में नई दिल्ली क्ड कार्यालय से NULM हेड निषाद अलीने स्वयं सहायता समूह (SHG) गठनए, SEP लोन और शहरी आजीविका से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया।

महिलाओं के प्रेरणा स्रोत के रूप में अभियान के सहयोग से सफलता प्राप्त कर चुकी सारिका शर्मा जी ने अपनी सफलता की कहानी साझा की और महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर अभियान के राष्ट्रीय प्रमुख राजमणि जी, राष्ट्रीय महामंत्री हेमंत, दिल्ली प्रदेश मंत्री सीमा, कंझावला DM कार्यालय से NULM प्रतिनिधि योगेश, कार्यक्रम आयोजक गीतांजलि एवं मोनिका, अखिल भारतीय लोक परिषद की सह संगठन मंत्री मनजोत कौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जन कल्याण योजना प्रचार अभियान भगवान बिरसा मुंडा के विचारों से प्रेरित एक समर्पित पहल है, जो वर्ष 2017 से देशभर में सरकारी जन-कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य निरंतर कर रही है।

# इंडो-इंटरनेशनल आइकॉन अवार्ड्स सीजन-3 से विभूषित हुई विभूतियां




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और दुनिया में पहचान बना चुकी संस्था इंटरनेशनल इक्विटेबल ह्यूमन राइट्स सोशल काउंसिल की ओर से आयोजित इंडो - इंटरनेशनल आइकन अवार्ड्स समारोह, सीजन-3 ने खूब चर्चा बटोरी और लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। ज्ञात हो कि नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब के विशाल प्रेक्षागृह स्पीकर हॉल में आयोजित ह्यूमन राइट्स ट्रेनिंग वर्कशॉप और इंडो इंटरनेशनल आइकन अवार्ड समारोह, सीजन-3 में दो दर्जन से अधिक विभूतियों और प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पंजाब ह्यूमन राइट्स कमिशन के सदस्य पद्मश्री जितेंदर सिंह शंटी ने मानव अधिकारों की बारीकियाँ ऑडिटोरियम में उपस्थित लोगों को समझाई कई सवालों के जवाब भी उन्होंने दिए, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन सिन्हा और बाबू लाल नारनौलिया ने कहा कि मानवाधिकार जीवन का एक जरूरी अंग है। इसे जानना आवश्यक है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद, इंद्रप्रस्थ प्रांत दिल्ली के अध्यक्ष कपिल खन्ना ने सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहने की अपील सभी से की और ह्यूमन राइट्स के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था के नेशनल प्रेसिडेंट (माइनॉरिटी विंग) मोहम्मद इरफान अहमद ने अपने संबोधन में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और साथ ही हक के साथ हुकूक की बात भी कही तथा उन्होंने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की बात भी की और यह भी कहा कि आरएसएस और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश की एकता और अखंडता एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने में मदद कर रहे हैं हमें भी अपना योगदान देना चाहिए।

# एक्सपायर्ड प्रोडक्ट्स की रीपैकेजिंग का मास्टरमाइंड धरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अवैध आयात, एक्सपायरी डेट में हेर फेर और एक्सपायर्ड इंटरनेशनल फूड प्रोडक्ट्स की रीपैकेजिंग में शामिल एक रैकेट का भंडाफोड़ कर मास्टरमाइंड सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से लगभग 4.3 करोड़ रूपये का समान जब्त किया है।ये एक्सपायर्ड फूड प्रोडक्ट्स पूरे भारत में बड़ी रिटेल चेन, शॉपिंग मॉल और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से बेचे जा रहे थे। दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) आदित्य गौतम ने बताया कि एक गुप्त सूचना पर अपराध शाखा की टीम को एक संगठित रैकेट के बारे में पता चला जिसमें कुछ लोग एक्सपायर्ड इंटरनेशनल ब्रांडेड फूड प्रोडक्ट्स को बहुत कम कीमतों पर अवैध रूप से भारत में आयात कर रहे थे। इन प्रोडक्ट्स को फिर मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट बदलकर, नकली बारकोड और बैच नंबर लगाकर और उन्हें रीपैक करके धोखाधड़ी से बदला जा रहा था ताकि वे नए बने आयातित प्रोडक्ट्स की तरह दिखें।इस गुप्त सूचना पर एसीपी अनिल शर्मा की देखरेख में इंस्पेक्टर मनजीत कुमार के नेतृत्व में टीम ने पहाड़ी धीरज और फैज गंज, सदर बाजार,में छापे मारकर मास्टरमाइंड और गोदाम मालिक अटल जायसवाल (54), को पकड़ कर उनकी दुकानों और गोदामों से भारी मात्रा में एक्सपायर्ड इंटरनेशनल फूड प्रोडक्ट्स बरामद किए गए।

## दुष्कर्म मामले में कुलदीप सेंगर की सजा निलंबित

**नई दिल्ली।** वर्ष 2017 में उन्नाव दुष्कर्म मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा को निलंबित किया। ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गई उम्र कैद की सजा को कुलदीप सिंह सेंगर ने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। साथ ही मामला लंबित रहने के दौरान सजा निलंबित करने की मांग की थी। अदालत ने सेंगर को 15 लाख के निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि वह दुष्कर्म पीड़िता के पांच किलोमीटर के दायरे में नहीं आएगा और दिल्ली में ही रहेगा। जमानत के दौरान वह पीड़िता को धमकी नहीं देगा और अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करेगा।अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि सेंगर को हर सोमवार को पुलिस को रिपोर्ट करना होगा।

# कुलपति की अध्यक्षता में हुई डीयू साहित्य महोत्सव कमेटियों की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** डीयू द्वारा फरवरी में आयोजित होने वाले दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव को लेकर कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। महोत्सव को लेकर गठित सभी उप कमेटियों के सदस्यों ने इस बैठक में हिस्सा लिया।

इस अवसर पर कुलपति ने संबोधित करते हुए कहा कि इस तीन दिवसीय आयोजन में राष्ट्र प्रेम को जगाने व बढ़ाने वाली सभी चीजों का समावेश होना चाहिए। कुलपति ने कहा कि बहुत जगह ऐसे आयोजन होते हैं, लेकिन डीयू का यह आयोजन अपने आप में अलग होना चाहिए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने डीयू साहित्य महोत्सव का लोगो भी जारी किया। आयोजन को लेकर अपने सुझाव देते हुए कुलपति ने कहा कि इस सारे आयोजन में डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणी का समग्र मार्गदर्शन रहेगा। गौरतलब है कि 12 से 14 फरवरी 2025 तक दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एक विशाल साहित्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव का आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) व अन्य साहित्यिक संस्थाओं के सहयोग से किया जाएगा। साहित्य महोत्सव के लिए गठित कोर कमेटी के अलावा कई उप कमेटियों का गठन किया गया है।

# मिशन शक्ति के तहत मेरठ रेंज में अपराधियों पर कड़ा प्रहार

## महिला अपराधों में 331 मामलों में 445 दोषियों को सजा, 59 को आजीवन कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित मिशन शक्ति और ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत मेरठ रेंज में महिला संबंधी अपराधों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने बताया कि 1 जनवरी 2025 से 22 दिसंबर 2025 तक महिला अपराधों से जुड़े 331 मामलों में प्रभावी पैरवी के माध्यम से 445 आरोपियों को सजा दिलाई गई है। जिनमें 59 आरोपियों को आजीवन कारावास, 47 आरोपियों को 20 वर्ष का कठोर कारावास तथा 97 आरोपियों को 10 वर्ष से अधिक की सजा सुनाई गई है। यह सभी सजा दहेज हत्या, बलात्कार, छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट, अपहरण समेत अन्य गंभीर महिला अपराधों से संबंधित हैं।



डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नेथानी न बताया कि जनपद मेरठ में महिला अपराधों के 93 मामलों में 130 आरोपियों को सजा दिलाई गई। उन्होंने बताया कि जनपद बुलंदशहर में 125 मामलों में 162 आरोपियों को सजा दिलाई गई। जनपद बागपत में महिला अपराधों के 33 मामलों में 48 आरोपियों को सजा हुई। जिनमें 2 मामलों में 2 आरोपियों को आजीवन कारावास, 1 मामले में 1 आरोपी को 20 वर्ष की सजा, 7 मामलों में 11 आरोपियों को 10 वर्ष से अधिक की सजा हत्या/दहेज हत्या में 3, पॉक्सो व बलात्कार में 36 तथा अन्य मामलों में 9 आरोपियों को सजा सुनाई गई।

जनपद हापुड़ में 80 मामलों में 105 आरोपियों को सजा दिलाई गई। जिनमें 9 मामलों में 15 आरोपियों को आजीवन कारावास, 14 मामलों में 15 आरोपियों को 20 वर्ष की सजा, 9 मामलों में 9 आरोपियों को 10 वर्ष से अधिक की सजा हत्या/दहेज हत्या में 14, पॉक्सो व बलात्कार में 59 तथा अन्य मामलों में 32 आरोपी दोषी पाए गए। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार महिला अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर कार्य कर रही है। प्रत्येक मामलो में त्वरित विवेचना, पीड़िताओं को संरक्षण और न्यायालय में सशक्त पैरवी सुनिश्चित की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अभियोजन विभाग, पुलिस और मॉनिटरिंग सेल के बीच निरंतर समन्वय बनाकर ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत सजा प्रतिशत को और अधिक बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। महिला अपराधियों को कठोर सजा दिलाना और पीड़िताओं को न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर तहसील चौराहा स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि स्व. चौधरी चरण सिंह किसानों के सच्चे मसीहा थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति, ग्रामीण परिवेश और किसानों के हितों के लिए समर्पित किया। स्वतंत्रता के बाद वे डा. राम मनोहर लोहिया के ग्रामीण सुधार आंदोलन से सक्रिय रूप से जुड़े और किसानों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती प्रदान की। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में



पारित पूर्ण स्वराज के प्रस्ताव से प्रेरित होकर चौधरी चरण सिंह राजनीति में सक्रिय हुए। उन्होंने गाजियाबाद में कांग्रेस कमेटी के गठन में अहम भूमिका निभाई। वर्ष 1930 में महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान हिंडन नदी पर नमक बनाकर आंदोलन को समर्थन दिया, जिसके चलते उन्हें जेल भी जाना पड़ा। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के आदर्शों एवं पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

# नवीन मंडी में भीषण आग, तीन दुकानें जलकर राख, लाखों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र स्थित नवीन मंडी में सोमवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बारदाने की तीन दुकानों में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में उसने विकराल रूप धारण कर लिया। ऊंची-ऊंची लपटें और घना धुआं उठता देख आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही लोगों ने अपने स्तर पर उसे बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता के आगे सभी प्रयास किल रहे। इसके बाद तत्काल दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना देहात प्रभारी पटनीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए क्षेत्र की घेराबंदी कराई। दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकानों में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के कोठी गेट निवासी जगदीश कुमार की नवीन मंडी में बारदाने की तीन दुकानें थीं। इन दुकानों में बड़ी मात्रा में खाली बोरियां रखी हुई थीं, जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। आग से सभी बोरियां पूरी तरह जल गई, जिससे दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय कुमार शर्मा ने बताया कि दमकल विभाग की टीम ने समय रहते आग



पर काबू पा लिया, जिससे आग आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक ली गई। उन्होंने आशंका जताई कि आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग की संयुक्त टीम मामले की जांच में जुटी हुई है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# सदर विधायक ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, कोर्ट भवन निर्माण की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजयपाल आढ़ती ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र से जुड़ी अहम जनहित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान विधायक ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित किए जाने की मांग रखते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के लाखों लोगों को न्याय सुलभ होगा और समय व धन की बचत होगी।

विधायक विजयपाल आढ़ती ने जनपद हापुड़ में न्यायालय भवन के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि आवंटित किए जाने का भी आग्रह किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोर्ट भवन की कमी के कारण अधिवक्ताओं, वादकारियों और



न्यायिक कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ता है। नया न्यायालय भवन बनने से न्यायिक प्रक्रिया अधिक सुचारू और व्यवस्थित हो सकेगी। इसके साथ ही विधायक ने अपनी हापुड़ विधानसभा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विकासात्मक मुद्दों, बुनियादी सुविधाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और जनहित से जुड़ी सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक विजयपाल आढ़ती ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार के सकारात्मक रुख से हापुड़ सहित पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को शीघ्र ही ठोस लाभ मिलेगा।

# एएसपी ने पुलिस कर्मियों का लिया ओआर, दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने और कर्मियों की कार्यशीलता का आकलन करने के उद्देश्य से एएसपी विनीत भटनागर ने मंगलवार को रिज़र्व पुलिस लाइन हापुड़ स्थित आदेश कक्ष का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों का ओआर लेकर उनकी समस्याओं, तैनाती, दायित्वों तथा अनुशासन संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

निरीक्षण के दौरान एएसपी ने पुलिस लाइन में मौजूद विभिन्न गार्दों, स्टोर रूम, शस्त्रागार तथा अन्य महत्वपूर्ण अनुभागों के रजिस्टरों और दस्तावेजों की विस्तार से जांच की। इस अवसर पर एएसपी ने सभी पुलिस



कर्मचारियों को संबंधित कार्यों में सतर्कता, समयबद्धता और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस लाइन जनपद पुलिस की रीढ़ है, ऐसे में यहां की व्यवस्थाएं मजबूत और व्यवस्थित रहना बेहद आवश्यक है। रजिस्टरों के रखरखाव, शस्त्रों की देखरेख और गार्दों की उपस्थिति रजिस्टर में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद एएसपी ने कहा कि समय-समय पर ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे, जिससे पुलिसिंग व्यवस्था में सुधार आए और पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक उत्तरदायी बनें।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की जयंती पर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर मंगलवार को ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा तहसील चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने किया।



प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी चरण सिंह का जन्म जनपद हापुड़ के ब्लॉक स्थित नूरपुर गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। वे भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही राजनीति में सक्रिय रहे और किसानों, मजदूरों तथा वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष करते रहे। उन्होंने कहा कि 3 अप्रैल 1967 को उत्तर प्रदेश के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके बाद 28 जुलाई 1979 को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने शपथ ग्रहण की और अपनी सादगी व ईमानदार राजनीति से देश को नई दिशा दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद एडवोकेट ने कहा कि चौधरी चरण सिंह किसानों और मजदूरों के सच्चे हितैषी थे। कार्यक्रम का समापन चौधरी चरण सिंह के विचारों को आत्मसात कर किसानों, मजदूरों और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए संघर्ष जारी रखने के संकल्प के साथ किया गया।

## एक नजर

### चार करोड़ के बकाया को लेकर आलू किसानों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** फसल का भुगतान न मिलने से नाराज जिले के आलू किसानों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। किसानों का कहना है कि कर्नाटक के बेंगलुरु की एक आलू क्रय करने वाली कंपनी ने उनसे बड़ी मात्रा में आलू खरीदा, लेकिन महीनों बाद भी पूरा भुगतान नहीं किया गया, जिससे किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों के अनुसार कंपनी ने करीब चार करोड़ रुपये मूल्य का आलू उठाया था। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद आंशिक भुगतान जरूर किया गया, लेकिन अधिकांश रकम अब भी बकाया है। धरने पर बैठे किसान समरपाल सिंह ने बताया कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने किसानों को आलू की बुवाई के लिए प्रोत्साहित किया और फसल तैयार होते ही पूरी उपज ले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक कुल बकाया राशि का केवल 5 से 10 प्रतिशत ही अदा किया गया है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द बकाया भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल भी की जाएगी। वहीं, पीड़ित किसान नदीम अहमद ने कहा कि किसानों की मेहनत की कमाई रोकी जा रही है और इस मामले में प्रशासन की निष्क्रियता से किसानों में गहरा रोष है।

### अधिकारियों ने किया जिला कारागार डासना का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को जिला कारागार डासना में प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारियों द्वारा व्यापक निरीक्षण किया गया। जिला न्यायाधीश अजय कुमार शर्मा प्रथम, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह संयुक्त रूप से जिला कारागार पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर वहां रह रहे बंदियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बंदियों से भोजन की गुणवत्ता, पेयजल की उपलब्धता, साफ-सफाई, बिजली, पंखों, शौचालयों की स्थिति सहित दैनिक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जेल अस्पताल का निरीक्षण करते समय अधिकारियों ने चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी बंदी के उपचार में लापरवाही न बरती जाए और समय पर उचित इलाज सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदियों से फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय ने कारागार परिसर में स्वच्छता, पेयजल और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक सहित जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### आरोग्य हॉस्पिटल में आगजनी से निपटने का कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के आनंद विहार स्थित आरोग्य हॉस्पिटल में मंगलवार को आउटसोर्स कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पताल स्टाफ को फायर सेफ्टी उपकरणों के सही उपयोग और आपात स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया के लिए तैयार करना रहा। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में तैनात गिरीश कुमार शर्मा ने डेमो के माध्यम से आग बुझाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने अस्पताल परिसर में लगे फायर सेफ्टी उपकरणों के उपयोग की विधि समझाते हुए बताया कि केवल उपकरण लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका सही तरीके से संचालन आना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर कर्मचारी को फायर सेफ्टी उपकरणों की पूरी जानकारी होनी चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर उनका प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया जा सके। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि धुएं की स्थिति में नाक और मुंह को गीले कपड़े से ढककर सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने का प्रयास करें। आग लगने पर तुरंत 101 या 112 नंबर पर सूचना देने पर जोर दिया गया। गिरीश कुमार शर्मा ने कहा कि आग की शुरुआत अक्सर हल्की होती है और यदि समय रहते सही कदम उठा लिया जाए तो बड़े हादसे से बचा जा सकता है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि घबराने के बजाय सतर्कता और प्रशिक्षण के आधार पर कार्रवाई करें। स्वास्थ्य कर्मियों से फायर सेफ्टी के प्रति सजग रहने और समय-समय पर अभ्यास करते रहने का आहवान किया गया।

# फायरिंग कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव नूरपुर में युवक पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने की घटना में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस मामले में फरार चल रहे आरोपी युवक को बाबूगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

थाना बाबूगढ़ प्रभारी मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बाबूगढ़ पुलिस टीम ने गांव नूरपुर में युवक पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में वांछित आरोपी भूरे उर्फ तुषार पुत्र प्रेमपाल उर्फ पिन्नू, निवासी ग्राम नूरपुर, थाना बाबूगढ़, जनपद हापुड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी को गांव बछलौता अंडरपास के पास से दबोच लिया गया। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था और पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को थाने लाकर आवश्यक पूछताछ की गई, जिसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में संगठनों ने फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के एक युवक की हत्या की घटना को लेकर पिलखुवा में मंगलवार को भारी आक्रोश देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद और राष्ट्रीय बजरंग दल से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मंडी तिराहे पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका।

प्रदर्शन के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए पुलिस प्रशासन ने मौके पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस की निगरानी में प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा। विरोध प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता नगर कोतवाली पहुंचे और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर बढ़ रही हिंसक घटनाओं पर चिंता जताई गई और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई। संगठनों का कहना था कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल मानवता को शर्मसार करती हैं, बल्कि क्षेत्रीय शांति के लिए भी गंभीर खतरा हैं। इस मौके पर संगठन के प्रदेश महामंत्री गौरव राघव ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समाज को बार-बार निशाना



बनाया जा रहा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर वहां अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराए। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष पवन तोमर, पंकज गिरी, योगेंद्र तोमर, सुमित सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस व सपा का नीतीश कुमार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को जिले में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विरोध में प्रदर्शन किया। दोनों दलों के कार्यकर्ता तहसील चौराहे पर एकत्र हुए, जहां नारेबाजी करते हुए उन्होंने अपना आक्रोश जताया और बाद में एक ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने आरोप लगाया कि हाल ही में सामने आई एक घटना में बिहार के मुख्यमंत्री द्वारा एक मुस्लिम महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिसे उन्होंने देशभर की महिलाओं के सम्मान पर आघात बताया। वहीं समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में नीतीश कुमार को सार्वजनिक रूप से देश





की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। उनका कहना था कि इस घटना से न केवल महिलाएं आहत हुई हैं, बल्कि पूरे देश की छवि भी प्रभावित हुई है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के खिलाफ तीखी नारेबाजी की और प्रतीकात्मक रूप से पोस्टरों पर जूते मारकर विरोध जताया। माहौल पूरी तरह आक्रोशपूर्ण रहा। इस मौके पर कांग्रेस व सपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसान दिवस पर नूरपुर में सजा किसान मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर उनके पैतृक गांव बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव नूरपुर में किसान दिवस के मौके पर जनपदीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने फीता काटकर किया।



मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भूपेंद्र चौधरी का आयोजकों द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान हवन-पूजन का आयोजन भी किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने सहभागिता की। किसान दिवस के अवसर पर सबमिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत आयोजित किसान मेला एवं प्रदर्शनी में कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, नवीन तकनीकों और सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी गई। भूपेंद्र चौधरी ने किसानों से संवाद करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी और उन्हें अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कृषि विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों की सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री डा. सोमेंद्र तोमर, जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, जिला अध्यक्ष कविता माधरे, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, गढ़मुक्तेश्वर विधायक हरेंद्र तेवतिया सहित बड़ी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी करने वाले तीन चोर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी थाना पुलिस ने मोबाइल टॉवर से कीमती उपकरण चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी किए गए दो टॉवर आरआरयू (रिमोट रेडियो यूनिट) के साथ एक तमंचा, जिंदा कारतूस और एक अवैध चाकू भी बरामद किया है। यह कार्रवाई 23 दिसंबर को मैनुअल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर की गई। थाना दादरी पुलिस को सूचना मिली थी कि मोबाइल टावरों से आरआरयू चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर डिलाइट पैलेस, घोड़ी बछेड़ा के पास से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल शर्मा पुत्र सुरेश चन्द शर्मा, रोहित बंसल पुत्र लीलू उर्फ लोकेश और अनुज कुमार पुत्र देवीशरण के रूप में हुई है। पुलिस तलाशी में अभियुक्त राहुल शर्मा के कब्जे से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस (.315 बोर) बरामद हुआ, जबकि रोहित बंसल के पास से एक अवैध चाकू मिला। इसके अलावा तीनों अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल टॉवर आरआरयू भी बरामद किए गए, जिन्हें एक निजी कंपनी के टॉवर से चोरी किया गया था।

पूछताछ के दौरान पता चला है कि तीनों एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे। दिन के समय वे विभिन्न इलाकों में लगे मोबाइल टावरों की रेकी करते थे और रात के अंधेरे में टावरों पर चढ़कर आरआरयू जैसे महंगे उपकरण चोरी कर लेते थे। चोरी किए गए उपकरणों को बेचकर वे उससे मिलने वाली रकम अपने शौक-मौज और खर्चों में उड़ा देते थे। पकड़े जाने के डर से वे अपने पास अवैध हथियार भी रखते थे। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी बेहद लंबा है। अभियुक्त राहुल शर्मा के खिलाफ गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट और बीएनएस की कई धाराओं में करीब नौ मुकदमे दर्ज हैं। वहीं रोहित बंसल के खिलाफ भी कासना और सूरजपुर थानों में चोरी व अवैध हथियारों से संबंधित चार मुकदमे दर्ज हैं। तीसरे अभियुक्त अनुज कुमार के खिलाफ भी पूर्व में चोरी का मामला दर्ज पाया गया है। इस संबंध में थाना दादरी में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से मोबाइल टॉवर चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा और अन्य वारदातों के खुलासे की भी उम्मीद है।

# नोएडा सुपरनोवा प्रोजेक्ट की निगरानी के लिए समिति गठित होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-94 में सुपरनोवा में बचे काम और फ्लैट एवं दुकानों की रजिस्ट्री अब हो सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में नोएडा प्राधिकरण को बिना बकाया लिए परियोजना के लिए कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने और रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए हैं। सुपरनोवा प्रोजेक्ट की निगरानी के लिए एक समिति गठित की गई है। इसमें जस्टिस एमएम कुमार (पूर्व सीजेआई, ऑईडके हाइकोर्ट) अध्यक्ष, डॉक्टर अनूप कुमार मित्तल कंस्ट्रक्शन व प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विशेषज्ञ और वित्तीय प्रबंधन विशेषज्ञ राजीव मेहरोत्रा को शामिल किया गया है। समिति ही अब बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की भूमिका निभाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि समिति प्रस्ताव आमंत्रित करने और उचित जांच-पड़ताल के बाद परियोजना के अधूरे काम को पूरा करने के लिए एक नए बिल्डर को नियुक्त करेगी। इसमें समयबद्ध प्रस्ताव, ट्रैक रिकॉर्ड, अनुभव और ऐसे नए डेवलपर की वित्तीय व्यवहार्यता को ध्यान में रखा जाएगा। पीठ ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया में कारपोरेट देनदार या पूर्व प्रबंधन से जुड़े या संबंधित किसी भी डेवलपर/बिल्डर को प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सभी प्राप्तियां, बिना बिकी इन्वेंट्री और खरीदारों से प्राप्त नया संग्रह एक एस्क्रो खाते में जमा किया जाना चाहिए और इसका उपयोग केवल निर्माण उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

**घर खरीदारों को मकान मिलने के बाद मिलेगा बकाया:** समिति विभिन्न हितधारकों, जैसे कि बैंकों का कंसोर्टियम, अन्य वित्तीय लेनदार, घर खरीदार और नोएडा प्राधिकरण जैसे अधिकारियों के साथ सलाह-मशविरा करके काम करेगी। हालांकि, यह साफ कर दिया कमेटी का फैसला सभी पक्षों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा। वकील गोविंद ने कहा कि पीठ ने साफ कर दिया है कि वित्तीय लेनदारों को देय बकाया के भुगतान के संबंध में एक जीरो पीरियड होगा और परियोजना पूरा होने और आवासीय इकाइयों को घर खरीदारों को सौंपने तक इन संस्थाओं को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।

**3700 करोड़ से ज्यादा है बकाया:** इस अवधि के दौरान, प्राधिकरण और वित्तीय लेनदार उन घर खरीदारों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई शुरू या जारी नहीं करेंगे, जिन्होंने अपने घर के लिए भुगतान किया है। सुपरनोवा में सबसे ऊंचा टावर एस्पायरा 72 मंजिल का बनना प्रस्तावित है, जिसमें 70 मंजिल तक निर्माण हो चुका है। इस परियोजना पर नोएडा प्राधिकरण के 30 सितंबर 2025 तक करीब 3751 करोड़ 60 लाख रुपए बकाया हैं।

## एनईए चुनाव का 17 जनवरी को होगा

**नोएडा।** नोएडा एंट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) के चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई। एनईए कैलेंडर 17 जनवरी को चुनाव होगा। उसी दिन मतगणना कर विजेताओं की घोषणा की जाएगी। चुनाव अधिकारी योगेश आनंद, राकेश कत्याल, प्रदीप मेहता और सुभाष सिंघल ने बताया कि एनईए में 18 पदों पर चुनाव होगा। इसमें अध्यक्ष पद एक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद तीन, उपाध्यक्ष पद तीन, महासचिव पद एक, सचिव पद पांच, संयुक्त सचिव पद तीन, कोषाध्यक्ष और संयुक्त कोषाध्यक्ष के एक-एक पद पर चुनाव होगा। वर्ष 2024-2025 का 31 दिसंबर तक सदस्यता शुल्क जमा करना होगा। जिन सदस्यों का सदस्यता शुल्क 31 दिसंबर तक जमा हो सकेगा, ऐसे सदस्य ही चुनाव और मतदान में हिस्सा ले सकेंगे। फिर एक जनवरी को मतदाता सूची जारी की जाएगी।

# अखलाक मर्डर केस में सरकारी की याचिका खारिज

## कोर्ट ने कहा: याचिका आधारहीन, 2015 में पब्लिक ने पीट-पीटकर मार डाला था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के बिसाहड़ा कांड मामले में मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे को वापस लेने वाली सरकार की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने याचिका को आधारहीन और महत्वहीन बताया। अब इस केस में 6 जनवरी को सुनवाई होगी।

अखलाक मॉब लिंचिंग में केस वापस लेने के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में फास्ट-ट्रैक अदालत (एफटीसी) ने अभियोजन पक्ष की ओर से केस वापसी की अर्जी को महत्वहीन और आधारहीन मानते हुए निरस्त कर दिया। मामले में अभियोजन की ओर से ओर से लगाई गई अर्जी के लिए मंगलवार की तारीख दी थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुना। साथ ही अदालत ने कहा कि मामले में अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी।



साथ ही मामले में अदालत ने प्रतिदिन सुनवाई की बात कही है। इस दौरान अभियोजन को आगे गवाहों के बयान दर्ज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस आयुक्त और डीसीपी ग्रेटर नोएडा को निर्देशित किया कि अगर गवाहों को सुरक्षा की आवश्यकता है तो उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। अखलाक के परिवार के वकील युसुफ सैफी और अंदलीब नकवी ने बताया अदालत ने अभियोजन पक्ष की ओर से लगाई गई याचिका को निरस्त कर दिया है।अदालत में सुनवाई के दौरान ही सीपीआईएम नेता वृंदा करात ने बताया कि सरकार की ओर से लगाई गई अर्जी आधारहीन थी। अदालत ने भी इसको मना। हम पीड़ित परिवार के साथ आगे भी खड़े रहेंगे।

दरअसल इस साल अक्तूबर में राज्य सरकार के वकील ने अदालत में दलील दी कि मुकदमा वापसी से सामाजिक सौहार्द बहाल होगा। इससे पहले दो बार तारीख लग चुकी है। शासन और संयुक्त निदेशक अभियोजन के आदेश के बाद सहायक जिला शासकीय वकील (फौजदारी) ने अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किया है, जिसमें सामाजिक सद्भाव की बहाली को देखते हुए मुकदमा वापस लेने का आदेश पारित करने की अनुमति मांगी गई है।

## एक नजर

### हाईकोर्ट बेंच के लिए पत्र लिखा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन (डीडीआरडब्ल्यूए) ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करने की मांग की। अध्यक्ष एनपी सिंह ने बताया कि पश्चिमी यूपी में बैंच शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के निवासियों को कम खर्च में जल्द न्याय मिल सकेगा। अभी पश्चिमी यूपी के लोगों को अधिक व्यय करके इलाहाबाद का सफर तय करना पड़ रहा है। इससे लोगों को अधिक धनराशि खर्च करने के साथ ही परेशानी का भी ज्यादा सामना करना पड़ता है। नई बैंच बनने से लोगों को सुविधा के साथ ही रोजगार भी बढ़ जाएगा। बैंच बनने से निवासियों के समय और रुपये दोनों की बचत होगी। संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट की बेंच स्थापित होने से न्याय तक आसान पहुंच हो सकेगी। त्वरित सुनवाई होगी और आर्थिक लाभ मिलेगा।

### केक और चिकन रोल के नमूने जांच के लिए भेजे

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** क्रिसमस के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट है। दुकानों पर छापेमारी कर नमूने लिए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने मंगलवार को केक, चिकन रोल समेत कई खाद्य पदार्थों के पांच नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहायक आयुक्त द्वितीय सर्वेश कुमार ने बताया कि टीम ने नोएडा के सेक्टर-63 स्थित आरबाईएम वेंचर प्राइवेट लिमिटेड से केक बनाने में इस्तेमाल होने वाले कोको पाउडर का नमूना लिया। सेक्टर-76 गढ़ी चौखंडी स्थित रिच बेकर्स से स्ट्राबेरी केक का नमूना लिया। ग्रेनो वेस्ट स्थित गौर सिटी मॉल में रोल सिंह से चिकन रोल का नमूना लिया। ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा-2 सत्यम कॉम्प्लेक्स स्थित ईशानवेद फूड प्राइवेट लिमिटेड से रेड वेलवेट केक प्रीमिक्स एवं स्ट्राबेरी फ्रूट जेली के दो नमूने लिएए। कुल पांच नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। इससे पूर्व सोमवार को भी केक समेत कई पदार्थों के छह नमूने जांच के लिए भेजे गए थे। भेजे गए नमूनों की रिपोर्ट चार से छह महीने में आती है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी का प्रदर्शन, पदाधिकारी गिरफ्तार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे कथित निरंतर अत्याचारों के विरोध में हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश दूतावास के बाहर शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन देने का पहुंचे। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दूतावास के बाहर ही रोक लिया और बाद में उन्हें हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया।

प्रदर्शन का नेतृत्व हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़ कर रहे थे। उनके साथ हिंदू युवा वाहिनी नोएडा महानगर अध्यक्ष टीसी गौड़ सहित संगठन के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठन का कहना है कि बांग्लादेश में हिंदू समाज के विरुद्ध हो रही घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं और इनके खिलाफ आवाज उठाना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

### नियमों का उल्लंघन कर रही क्लाउड किचन पर पांच लाख का जुर्माना

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** नोएडा प्राधिकरण ने नियमों का पालन नहीं करने पर ई-कॉमर्स स्टोर एवं क्लाउड किचन पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। पेटीएम के दफ्तर से भी पांच किलोग्राम प्लास्टिक जब्त की गई। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-3 स्थित डी-12 मैसर्स जेप्टो प्राइवेट लिमिटेड ई-कॉमर्स स्टोर एवं क्लाउड किचन का निरीक्षण किया गया। यह बड़ा कूड़ा उत्पादक स्टोर है। निरीक्षण के दौरान इस स्टोर में कई सारी कमियां मिलीं। यहां सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत अपशिष्ट पृथक्करण व भंडारण नहीं हो रहा था। कूड़े का ठीक ढंग से निस्तारण नहीं किया जा रहा था।

# निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों का रुझान नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में व्यावसायिक के मुकाबले निजी वाहनों की संख्या कम है। मौजूदा समय में 70 फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों में ई-रिक्शा और ऑटो हैं। सरकार की सब्सिडी और रोड टैक्स माफी योजना के बाद भी निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति लोगों में रुझान नहीं है। हालांकि, परिवहन विभाग लोगों को जागरूक करने के प्रयास में जुटा है। परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक जिले में लगभग 12 लाख वाहन पंजीकृत हैं। इनमें इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या करीब 50 हजार है। इनमें 26 हजार से अधिक ई-रिक्शा और लगभग 10 हजार इलेक्ट्रिक ऑटो हैं। बाकी वाहनों में कार और दोपहिया वाहन शामिल हैं। इनमें भी व्यावसायिक वाहनों की संख्या ज्यादा है। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि बीते वर्ष के मुक.ाबले इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में इजाफा हुआ है। इनमें व्यावसायिक वाहनों की संख्या अधिक है। लोगों को घरेलू उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है।

**यूपी में इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी:** उत्तर प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर सब्सिडी देती है। दोपहिया पर पांच हजार रुपये और चार पहिया वाहन पर एक लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क पूरी तरह से माफ है। आवेदन के लिए वाहन मालिक को www-upevsubsidy-in पोर्टल पर जाकर आवेदन करना होगा।

## स्टेडियम में आज से यूपी कबड्डी लीग का आगाज

**नोएडा।** नोएडा इंडोर स्टेडियम में बुधवार से यूपी कबड्डी लीग का आगाज होगा। पहले दिन एक मुक.ाबला होगा। इसके बाद प्रत्येक दिन चार-चार मुकाबले खेले जाएंगे। यूपी कबड्डी लीग में 12 टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों को दो समूह में बांटा गया है। छह-छह टीमों के समूह में प्रत्येक टीम आपस में लीग के मुकाबले खेलेंगी। दोनों समूह से पहले दो स्थान पर काबिज टीम सेमीफाइनल में प्रवेश करेगी। खिताबी मुकाबला 10 जनवरी को खेला जाएगा। प्रतियोगिता का यह दूसरा सीजन है। इंडोर स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट में प्रवेश निशुल्क है। कोई भी दर्शक जाकर मुकाबला देख सकता है। प्रतियोगिता के उद्घाटन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों के खिलाड़ी भी दमखम दिखाएंगे।

# फर्जी दस्तावेजों पर 57 लोन, मन्नापुरम फाइनेंस में 7.47 करोड़ का गबन, 14 के खिलाफ केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-51 स्थित हो. शियारपुर गांव में मन्नापुरम फाइनेंस कंपनी की शाखा में करोड़ों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। कंपनी के ऑडिट में खुलासा हुआ कि शाखा के कुछ कर्मियों, एजेंटों और डीलरों ने आपसी मिलीभगत से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 57 लोन स्वीकृत कराए। इस दौरान फरवरी 2023 से अगस्त 2025 के बीच करीब 7.47 करोड़ रुपये का गबन किया गया। कंपनी प्रतिनिधि मुनाजिर हसन के अनुसार, मन्नापुरम फाइनेंस शाखा कार्यालय कर्मियों, एजेंटों और डीलरों के माध्यम से फाइनेंस का कार्य करती है। हाल में कराए गए ऑडिट में गड़बड़ी सामने आने पर मामले की आंतरिक जांच की गई, जिसमें फर्जीवाड़े की पुष्टि हुई। इस संबंध में थाना सेक्टर-49 में 14 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। नामजद आरोपियों में शाखा प्रबंधक श्रीप्रकाश, सेल्स हेड शुभेंद्र यादव, कर्मी दिव्यांशु बिश्नोई, अंकित कुमार, आलोक कुमार, नीतीश सक्सेना, विनय कुमार, विकास कुमार, एजेंट विजय खारी, गौरव जैन, प्रदीप कुमार, लोनधारक राज उर्फ राजू चौधरी, हरेंद्र कुमार, तथा बीएम ऑटो सेल्स और ओरियन मोटर्स शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। दस्तावेजों की सत्यता, लेन-देन और आरोपियों की भूमिका की गहन जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**ग्रेनो में आईटी कंपनियों के दफ्तर खोलने का मौका:** नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आईटी कंपनियों के लिए बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग यानी बीपीओ/कॉलकॉल सेंटर खोलने के लिए शुरू की गई योजना में आवेदन करने की तारीख बढ़ा दी है। योजना में दो जनवरी तक पंजीकरण किया जा सकता है। पहले अंतिम तारीख 23 सितंबर थी।

नोएडा एयरपोर्ट की वजह से ग्रेटर नोएडा में आवासीय भूखंडों की मांग के साथ औद्योगिक निवेश की संभावनाएं लगातार बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय और अंत.रराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां यहां निवेश के लिए आगे आ रही हैं। इसके चलते प्राधिकरण ने बीपीओ/कॉल सेंटर के लिए 22 भूखंडों की योजना लॉन्च की था। इस योजना में 500, 684, 783, 1000, 1042, 1126, 1206 और 1389 वर्गमीटर के भूखंड हैं, जो ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर नॉलेज पार्क-5, टेकजोन-4 और टेकजोन-7 में हैं।

# मोबाइल छिनैती गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-142 कोतवाली क्षेत्र में मोबाइल चोरी व छिनैती की घटनाओं को अंजाम देने के लिए पहुंचे तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी व छिनैती के तीन मोबाइल फोन, एक चोरी की बाइक और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं।

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि मंगलवार को लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से क्रासा कट सेक्टर-140 के पास घेराबंदी कर तीनों आरोपी को दबोच है। आरोपियों की पहचान इटावा के सुल्तान सिंह उर्फ मयंक, कृष्ण कुमार और बिजनौर के राजकुमार के रूप में हुई है। तीनों आरोपी वर्तमान में सेक्टर-85 फेज-2 कोतवाली क्षेत्र के गांव याकूबपुर में रह रहे थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में चोरी की गई स्पोर्ट्स बाइक पर सवार होकर राह चलते लोगों से मोबाइल फोन छीनने और चोरी करने की वारदात को अंजाम देते थे। पकड़े जाने के डर से वह अपने पास अवैध हथियार रखते थे। बरामद की गई के संबंध में दिल्ली के थाना मयूर विहार फेस-1 में पहले से मुकदमा दर्ज है। आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## 11वीं कक्षा की छात्रा ने फंदा लगाकर जान दी

**नोएडा।** सेक्टर-9 स्थित जेजे कॉलोनी में सोमवार शाम कक्षा 11 में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा ने घर पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फेज-1 थाने की पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव का परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से जिला गोंडा के सेवकपुरवा गांव निवासी परिवार जेजे कॉलोनी में किराये पर रहता है। परिवार में पति-पत्नी और उनके दो बच्चे लड़का-लड़की हैं। पति-पत्नी और बड़ा बेटा प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। बेटी वसुंधरा स्थित एक स्कूल में कक्षा 11 में पढ़ती थी। पुलिस को सोमवार शाम सूचना मिली कि एक किशोरी का शव फंदे पर लटका हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि किशोरी स्कूल से घर पहुंची। उसने अंदर से कुंदी लगाई और मां की साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# एक जनवरी से परिवहन विभाग में नहीं होगी वाहनों की फिटनेस जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-33 स्थित सहायक संभागीय परिवहन विभाग कार्यालय परिसर में एक जनवरी से व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच नहीं होगी। वाहन मालिकों को निजी स्वचलित परीक्षण स्टेशन (एटीएस) में वाहन की फिटनेस जांच करानी होगी। परिवहन विभाग के अनुसार एक हफ्ते में दादरी में स्वचलित परीक्षा स्टेशन शुरू होने की संभावना है। परिवहन विभाग में हर माह औसतन दो हजार से अधिक व्यावसायिक वाहन फिटनेस जांच के लिए पहुंचते हैं। नए साल से इन वाहनों की फिटनेस जांच निजी स्वचलित परीक्षण स्टेशन में होगी। इससे पहले स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया भी निजी केंद्रों को दी जा चुकी है।

परिवहन विभाग के मोटर वाहन निरीक्षक संजय राय ने कहा कि जिले में दो स्वचलित परीक्षण स्टेशन शुरू होने हैं। इसमें ग्रेटर नोएडा के दादरी स्थित प्रणाम बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड में स्वचलित परीक्षण स्टेशन तैयार है। संभव है कि एक हफ्ते में यह शुरू हो जाएगा। किन्हीं कारणों से यदि यह स्टेशन एक जनवरी तक नहीं शुरू होता है तो मुख्यालय की ओर से जारी दिशा-निर्देश के आधार पर कार्य होगा। नियम के मुताबिक किसी भी जिले के वाहन की अपने निकटवर्ती जिले के स्वचलित परीक्षण स्टेशन में फिटनेस जांच हो सकती है।

**कुछ तरह के वाहनों की जांच:** परिवहन विभाग में ही होगी परिवहन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कुछ तरह के वाहनों की जांच परिवहन विभाग कार्यालय में ही होगी। इसमें पावर टिलर (व्यावसायिक) जिसका उपयोग जुताई, हल चलाने और फसलों की बुवाई के लिए मिट्टी तैयार करने के लिए किया जाता है।

# कक्षा छह में पढ़ने वाले छात्र व्यासायिक कौशल सीखेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत नए शैक्षिक सत्र से प्रदेश के सभी माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा छह से व्यावसायिक कौशल (वोक.ेशनल स्किल) का प्रशिक्षण शुरू होगा। इसका उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही तकनीक, नवाचार और रोजगारपरक कौशल से जोड़ना है। डायट प्राचार्य राज सिंह यादव के अनुसार, अभी तक कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप अब इस दायरे को बढ़ाकर कक्षा छह, सात और आठ तक किया जा रहा है, ताकि छात्र-छात्राएं रुचि के अनुसार कौशल विकसित कर सकें।

योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए शिक्षकों को पहले प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रथम चरण में मंडल स्तर पर प्री-वोकेशनल की मास्टर ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद मंडल स्तर पर प्रशिक्षित शिक्षक जिलों में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को नियमित विषयों के साथ-साथ अतिरिक्त रूप से वोकेशनल ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए अल्पकालीन प्रशिक्षण कोर्स भी संचालित किए जाएंगे। इन कोर्सों के माध्यम से छात्र मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, मोबाइल रिपेयरिंग, फिटर, वेल्डर, आईटी, कंप्यूटर, प्लंबिंग, सर्विस सेक्टर और अन्य तकनीकी क्षेत्रों से जुड़ा व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। कार्यरत माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षण देंगे, जिससे योजना को जमीनी स्तर पर लागू किया जा सके। कक्षा छह से ही व्यावसायिक कौशल की शुरुआत से विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता और व्यावहारिक समझ विकसित होगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सप्तम दिवस पर फूल होली उत्सव के साथ हुआ कथा विश्राम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत विकास परिषद, नोएडा के तत्वावधान में सेक्टर-19 स्थित शनि मैदान में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सप्तम एवं अंतिम दिवस पर भव्य फूल होली उत्सव मनाया गया तथा कथा का विधिवत विश्राम हुआ।



सप्तम दिवस की कथा में कथा व्यास आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी जी महाराज ने स्यमन्तक मणि की कथा के माध्यम से सत्य का महत्व बताते हुए कहा कि सत्य को छिपाया जा सकता है, किंतु मिटाया नहीं जा सकता। सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कष्टों से गुजर सकता है, परंतु उसे पराजित नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि साधारण व्यक्ति की तो बात ही क्या, स्वयं भगवान श्रीकृष्ण पर भी स्यमन्तक मणि चुराने का कलंक लगा था। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज श्री ने कहा कि निर्धनता और दरिद्रता में बड़ा अंतर है। सुदामा जी निर्धन अवश्य थे, किंतु दरिद्र नहीं। भगवान अपने भक्तों पर सदैव कृपा करते हैं और उनके लिए अमीर-गरीब का कोई भेद नहीं होता। यह बात सुदामा चरित्र के माध्यम से स्पष्ट होती है। महाराज श्री ने कहा कि भगवान कभी भी अमीर-गरीब में भेद नहीं करते, वे केवल हमारे अच्छे और बुरे कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। भक्ति को कभी व्यापार नहीं बनाना चाहिए।

# नोएडा प्राधिकरण पर किसानों का प्रदर्शन

## तीनों गेट को किया बंद, बोले , हमे सिर्फ छला गया, आज तक नहीं हुए काम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन मंच ने नोएडा प्राधिकरण का घिराव किया। बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों ने प्राधिकरण का रिसेप्शन बंद कर दिया। इसके बाद गेट नंबर -2 और 3 को भी बंद कर दिया। जिससे रोजमर्रा के काम के लिए आए लोग प्राधिकरण के अंदर नहीं जा सके। किसानों ने कहा कि उनके साथ छल किया गया। बोर्ड में उनके मुद्दों को नहीं रखा गया।

किसानों ने कहा कि आबादी विनियमितिकरण के नाम पर उनकी आबादी को टारगेट करके नोटिस भेजे जा रहे है। सुल्तानपुर गांव में कइ आबादी को नोटिस जारी किया गया है। अब तक गांवों के विकास के लिए क्या किया गया इसके बारे में जानकारी



तक नहीं दी गई।किसानों ने कहा कि हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। समय दे दिया जाता है कभी 15 दिन तो कभी एक महीना ये सिर्फ किसानों को बरगलाने का काम कर रहे है। नतीजा अब तक नहीं निकला। किसान दोपहर 12 बजे एकत्रित होना शुरू हो गए थे। इसके बाद उन्होंने प्राधिकरण के गेट को बंद कर दिया।

धरने को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल त्यागी ने कहा कि नोएडा प्राधिकरण किसानों को हल्के में लेने की भूलना करें नोएडा प्राधिकरण से इस बार किसान अपना हक लेकर ही वापस जाएंगे इस बार किसान आश्वासनों पर धरना खत्म नहीं करेगा चाहे धरना कितना भी लम्बा क्यों ना चलाना पड़े लेकिन किसान पीछे नहीं हटेंगे।भारतीय किसान यूनियन मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने कहा कि प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा ही किसानों से बार-बार किए गए समझौते पत्रों में साफ-साफ लिखा है की किसानों का नोएडा प्राधिकरण पर 5 प्रतिशत 10 प्रतिशत के भूखंड, साल 1976 से 1997 के बीच के किसान कोटे के प्लॉट ,आबादी का संपूर्ण निस्तारण जैसे लाभ नोएडा प्राधिकरण पर बकाया है। ये काम अब तक नहीं हो सके। ऐसे में यहां अनश्वित कालीन धरना दिया जाएगा।

# चौ.साहब का जीवन किसान गांव व कृषि के उत्थान को रहा समर्पित:जयदेव

## रमाला मिल परिसर में भारत रत्न स्व.चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के अवसर पर हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** रमाला मिल परिसर में किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व.चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर यज्ञ का आयोजन कर देश की समृद्धि, किसान कल्याण और सामाजिक उत्थान की कामना की गई।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन अन्नदाताओं के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिनके परिश्रम से देश का हर नागरिक पोषित होता है। भारत रत्न स्व.चौधरी चरण सिंह का सम्पूर्ण जीवन किसान, गाँव और कृषि के उत्थान को समर्पित रहा। उनका स्पष्ट विचार था कि जब तक देश का किसान समृद्ध नहीं होगा, तब तक भारत सशक्म नहीं बन सकता। वे ग्राम आधारित अर्थव्यवस्था, कृषि को लाभकारी बनाने, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने और सामाजिक न्याय के प्रबल समर्थक थे। चौधरी चरण सिंह ने सदैव सादा जीवन, उच्च विचार और ईमानदार राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने सत्ता को साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना और किसान, मजदूर तथा वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। आज उनकी जयंती पर हम सभी यह संकल्प लेते हैं कि उनके द्वारा सुझाए गए मार्ग-किसान हित, ग्राम स्वराज, सामाजिक समानता और राष्ट्र निर्माण-पर चलकर उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

## पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रमाला थाना पुलिस ने चेकिंग दौरान हुई मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी एक गाड़ी में सवार होकर आए तीन बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश जुनैद गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश जुनैद के दो साथी चांद और जावेद को भी गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों मुजफ्फरनगर के चरथावल थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, ये बदमाश अलग-अलग क्षेत्रों में महिलाओं से आभूषण लूटने और चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक जोड़ी कानों के कुंडल, एक ऑटो कार, 160 जींस और 6 सूट बरामद हुए हैं। इसके अलावा, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस भी मिला है। बागपत के एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश 16 दिसंबर को कंडेरा गांव में महिला से कुंडल लूट के मामले में वांछित थे। घायल बदमाश का अस्पताल में उपचार चल रहा है और रमाला थाने में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## एथलेटिक्स स्पर्धाओं में जमकर दौड़े धावक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** ग्वालीखेड़ा के मां अंबा बालिका डिग्री कालेज परिसर में चौधरी दलीप सिंह इंटर कालेज के चल रहे।

चार दिवसीय खेल महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को एथलेटिक्स की स्पर्धाओं में विभिन्न कक्षाओं के धावक जमकर दौड़े। एथलेटिक्स की 100 मीटर दौड़ जूनियर बालि. का वर्ग स्पर्धा में कक्षा दो में अनाया, तीन में भव्या, चार में मीनाक्षी, पांच में अलीशा, छह में खुशी, सात में जूही, आठ में इशिका अव्वल रही। सीनियर वर्ग कक्षा नौ में वंदना सैनी, दस में सना, ग्यारह में आलमिश व बारहवीं में जोया ने बाजी मारी। सीनियर बालक वर्ग कक्षा नौ में शाहिद, दस में अभय, कक्षा 11 में कुणाल व कक्षा 12 में आशीष अव्वल रहे। दूसरे दिन खोखो, वालीबॉल, क्रिकेट व रस्साकसी के भी मुकाबले हुएं। प्रबंधक ब्रजपाल सिंह शास्त्री, सचिव डा. रवि पंवार व प्रधानाचार्य देशपाल तोमर ने खिलाड़ियों का संवर्धन किया।



## गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में चौधरी चरण सिंह को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जिवाना के गुरुकुल इंटरनैशनल स्कूल में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की जयंती पर यज्ञ व गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें वक्ताओं ने चौधरी साहब को किसान मजदूरों का मसीहा बताया।

गोष्ठी में प्रबंधक एवं रालोद क्षेत्रीय महासचिव डा.अनिल आर्य ने कहा चौधरी चरण की नीतियां वर्तमान परिवेश में भी कारगर है। उनकी आर्थिक नीति मुख्य रूप से भारत के ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों पर केंद्रित थी। जिसका प्रमाण ये है कि उनके द्वारा आर्थिक नीतियों पर लिखी गई पुस्तक इकोनॉमिक नाइटमेयर ऑफ इंडिया इट्स कॉज एंड क्योर को विदेशी विश्वविद्यालयों में, विशेष रूप से अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय में, अर्थशास्त्र के पाठयक्रम में शामिल किया गया है। गोष्ठी में निदेशक डा.सुनील आर्य, एडवोकेट कुणाल आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी व चंद्रव. ीर सिंह सिवाच ने भी चौधरी साहब को गांव, गरीब और किसानों का सच्चा मसीहा बताया। गोष्ठी का संचालन डा.सुशील वत्स ने किया। इससे पूर्व स्कूल परिसर में स्थित यज्ञशाला में वेदमन्त्रो के साथ यज्ञ किया गया तथा चौधरी साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।



### एक नजर

## रजवाहे की पटरी टूटने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न, किसान मायूश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खासपुर गांव के पास रजवाहे की पटरी टूटने से किसानो की 150 बीघा फसल जलमग्न होने से नुकसान हुआ है। वही पानी के बाहव के चलते खासपुर मंसुरपुर मार्ग टूटने से मार्ग अवरूध हो गया है जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने रजवाहे की पटरी की मरम्मत कराने की मांग की है। खासपुर गांव से होकर एक नहर का रजवाहा निकल रहा है जो पिछले कई वर्षो से पानी न आने के कारण सूखा पड़ा हुआ था और उसमें जगली जानवरों ने जगह जगह गढ्ढे भी कर रखे थे रात्रि रजवाहे में अचानक पानी आ गया जिसके चलते खासपुर गांव के पास रजवाहे की पटरी टूट गयी, जिसके चलते अनिल पुत्र जयप्रकाश गन्ने सरसों की आठ की फसल, किरणपाल 40 बीघा गेहूं की फसल रामकुमार की 6 बीघा गन्ने की फसल बॉबी की 6 बीघा सरसों की फसल बडागांव निवासी प्रीतम की दस बीघा गैहूं सरसो की फसल जलमग्न होने से किसानो को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा खेतो में पानी भरने रजवाहे टूटने से पानी के बहाव के चलते खासपुर मंसुरपुर मार्ग टूट गया है जिससे मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वही एयरफोर्स स्टेशन के लिए भी यही मार्ग जाता है जिससे जवानों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जल्द रजवाहे की पटरी की मरम्मत करने की मांग की है। वही मार्ग भी शुरू कराने की मांग की है। उधर प्रशासन द्वारा गम्भीरता से लेते हुए जेस. ीबी मशीन भेज रजवाहे और मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू शुरू कराया गया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की महिला प्रदेश अध्यक्ष भारतीय त्यागी के दिशा निर्देश पर जनपद महिला जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य बाजार में बांग्लादेशी सरकार के खिलफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला।

बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ द्वारा बब्बरता पूर्वक हत्या करने को मानवता के खिलाफ महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह ने इस घोर अपराध बताया उन्होंने भारत सरकार से पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों को खिलाफ बढ़ती ईशा का संज्ञान लेने और उनकी सुरक्षा का मुद्दा संसद में उठाने की मांग की। महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी उर्मिला सिंह ने कहा कि बांग्लादेश की सरकार हाथ पैर हाथ धरी बैठी है और बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। इसकी जितनी भी घोर निंदा की जाए वह भी कम है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार अत्याचार होना यह बड़ा जुर्म का काम है। चौधरी उर्मिला सिंह जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार से उचित कदम उठाए जाने की मांग की। इस मौके पर कांग्रेस महिलाओं ने नगर पालिका परिषद बडौत महात्मा गांधी की प्रतिमा पर खड़े होकर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ धरना भी दिया। कार्यक्रम में बानु पूनम देवी गुलशिता देवी फरजाना चौधरी रितु चौधरी मंजू चौधरी सरिता चौधरी ओमी चौधरी मिथिलेश चौधरी आदि कांग्रेस महिला कार्यकर्ताओं ने नगर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## भारत रत्न चौ.चरण सिंह की जयंती पर किया हवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 वीं जयंती पर सैनिक भवन में यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया और वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

ढिकोली गांव में सैनिक भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123 बी जन्म जयंती पर यज्ञ और हवन का आयोजन किया गया जिसमें सभी किसान मजदूर नौजवान युवा सभी ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प माला अर्पित की और उनके बताये बताए हुए मार्ग पर सभी ने चलने का संकल्प लिया। लोगों ने अपने भारत रत्न किसान नेता को सच्ची श्रद्धांजलि दी एवं पुष्प अर्पित कर उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा किसानो के हित की बात की। ग्राम प्रधान प्रहलाद ढाका नें कहा कि चौधरी चरण सिंह मजदूरों और किसानो के हित के लिए हमेशा तैयार रहते थे उनके कार्य कभी नही भुलाये जा सकते है। वही प्रहलाद ढाका नें बुजुगो को साल उढाकर सम्मानित किया। इस मौकें पर सन्दीप प्रधान, राजू नेता, जयकुमार प्रधान, बाबू खान, बलबीर ढाका, पिंटू ढाका, उम्मेद प्रधान, प्रहलाद ढाका, चौधरी कालू राम, मास्टर राजपाल ढाका, जलसिंह, तरूण फौजी आदि मौजूद रहे।



## चौ.चरण सिंह की नीतियां आज भी प्रासंगिक:धीरज उज्जवल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मवीकलां गांव में मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जयंती के अवसर पर कार्यक्रम हुआ, जिसमें गोष्ठी व यज्ञ का आयोजन हुआ तथा निर्धन बेसहारा ग्रामीणों को कंबल भी वितरित किए गए।

राहुल पांचाल के आवास पर हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रालोद प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल ने कहा कि चौधरी चरण ने पूरे जीवन गांव, गरीब व वंचितों को हक दिलाने के लिए कार्य किया। एक जुलाई 1952 को यूपी में उनकी बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को अधिकार मिला। उन्होंने लेखपाल के पद का सृजन भी किया। किसानों के हित में उन्होंने विधानसभा सदस्य पंडित उमराव दत्त शर्मा की सहायता से सन 1954 में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून बनाया जिसे उन्होंने विभानसभा में पारित कराया। उनकी आर्थिक नीतियों को पूरे विश्व में मान्यता मिली है। विश्व के कई विश्वविद्यालय में उनकी पुस्तक पढ़ाई जा रही है। पूर्व जिला महासचिव राजू तोमर सिरसली ने कहा कि चौधरी साहब किसान मजदूरों के सच्चे हमदर्द थे। उनके मूल्य, सिद्धांत व विचारधारा को आत्मसात करने का संकल्प ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान करीब 900 गरीब बेसहारा ग्रामीणों को रालोद प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल ने कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में लेखराज प्रधान, संजय उज्जवल, गुलवीर, रविंद्र, इन्द्रपाल, योगेन्द्र, निर्भय, सुभाष, हरपाल, मोहनवीर, मोहित, मदन उज्जवल, आदि मौजूद रहे।



## कांग्रेस कार्यालय पर मनाई चौधरी चरण सिंह की जयंती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय पर किसान मजदूर गरीबों शोषितो के मसीहा उच्च कोटि के वकील कर्मयोगी दूरदर्शिता सघर्ष के प्रतीक इमानदारी व सादगी के प्रतीक भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती व पूर्व प्रधानमंत्री श्रीपीवी नरसिंहा राव की पुण्यतिथि के अवसर पर महान हस्तियों की तशवीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर शत शत नमन किया। भावपूर्ण स्मरण करते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया। महान जीवन पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने कहा दोनो महान हस्तियों ने देश को कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान कर किसानों की आर्थिक दशा मे सुधार किया। बेरोजगारी मंहगाई से मुक्ति के लिए वित्तीय क्षेत्र मे अभूतपूर्व कार्य किये। देश सदैव रीणी रहेगा। बडौत शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा संगठन सर्जन अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए शहर से लेकर गांव तक कांग्रेस की नीतियों विचारधारा का संदेश दिया जायेगा। आज के युवाओं को उनके मार्ग पर चलने की जरूरत है। संच. ालन औमबीर दुहण ने किया। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेन्दर राणा कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष अध्यक्ष उर्मिला सिंह रविन्द्र तोमर बिजेन्द्र शर्मा राम. रंग पंवार शोकेन्द्र तोमर डा सुभाष शर्मा चाहीराम इरशाद मोहित जाटव जावेद प्रविन्द्र अजय कुमार मीडिया प्रभारी औकार दत्त शर्मा जोनमाना आदि उपस्थित रहे।

## वीरेन्द्रपाल ने चौधरी साहब के बताएं मार्ग पर चलने का सभी लोगों से किया आवाहन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में भारत रत्न किसान मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौ.चरण सिंह की जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांज. लि अर्पित की गयी। तत्पश्चात महाविद्यालय में स्थित यज्ञशाला में उनकी प्रतिमा के समक्ष एक विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया तथा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह लोहडडा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलने का सभी लोगों से आवाहन किया। इस दौरान उपाध्यक्ष बुद्धसिंह, श्योदान तोमर, डा.महक सिंह, सुनील कुमार, यतेन्द्र सिंह व महाविद्यालय प्राचार्य डा. वीरेन्द्र प्रताप सिंह, महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डा.मदनपाल सिंह, आदि ने भारत रत्न स्व.चौ.चरण सिंह के जन्म, शिक्षा, किसानों के लिए किए गए कार्यों, जमींदारी उन्मूलन कानून, जातिवाद के खिलाफ उनके कार्य, नैतिकता, ईमानदारी, शिक्षा, संस्कार तथा चौधरी साहब के जीवन पर अपने सुंदर विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि स्व.चौधरी साहब ने समाज के वंचित वर्गों के कल्याण के साथ-साथ कृषि की प्रगति और किसानों की समृद्धि के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को कृतज्ञ राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता। वहीं महाविद्यालय प्राचार्य ने कहा कि स्व.चौधरी चरण सिंह कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है। अन्नदाता किसानों एवं प्रदेश वासियों को किसान दिवस की हार्दिक बधाई। कार्यक्रम में कार्यालय अधीक्षक सोविन्द्र मलिक, शशिकांत, गुलवीर श्रीपाल कुमार, संजीव कुमार, अभय सांगवान, सुधीर कुमार, बाबूराम, उमानंद त्यागी, राकेश कुमार, महेश शर्मा, एवं शिक्षक/शिक्षणेत्तर सेवाकर्मियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौ.चरण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने किसान मसीहा चौ.चरण सिंह को याद कर किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन कार्यालय पर किसान मसीहा भारत रत्न स्व.चौ. चरण सिंह की जयंती श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। चौधरी चरण सिंह द्वारा किए गए किसानों के लिए कार्यों पर विचार व्यक्त किए।

किसानों ने कहा कि चौधरी साहब द्वारा जमींदारी प्रथा खत्म कर हम सबको किसान बनाया। उनके द्वारा किए गए कार्य पीढ़ियाँ याद रखेंगे तथा इतिहास के स्वर्णों में लिखे जाएंगे। इस मौके पर दिल्ली एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा, चौ. विजयपाल सिंह, चौ.इन्द्रपाल सिंह, चौ.उपेंद्र तोमर, चौ. जगपाल सिंह, चौ.कंवरपाल सिंह, दीपक पंडित, जितेन्द्र वर्मा, अश्वनी ठाकुर, अंकित ठाकुर आदि मौजूद रहे।



## सपाइयों ने दी चौधरी साहब को श्रद्धांजलि, नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ समापन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर किसान मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किसान मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि चौधरी साहब ग्रामीण भारत की आवाज थे उनके चिंतन में किसान और गांव की आर्थिक प्रगति का मार्ग दिखाई पड़ता है। इस मौके पर अपने संबोधन में प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने चौधरी साहब को नमन करते हुए कहा कि चौधरी साहब ने जीवन भर सार्वजनिक जीवन में रहते हुए ईमानदारी और सुचिता की राजनीति की जो आज की आपा-धापी की राजनीति के लिए सबक है वे सच्चे अर्थो में गांधी के सपनों को पूरा करने वाले नेता थे। साथ ही साथ नेताजी की जयंती से लेकर चौधरी साहब की जयंती तक प्रदेश सचिव संजीव त्यागी के सौजन्य से बागपत विधानसभा के 21 स्थान पर चले नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कार्यक्रम का समापन भी किया गया। इस मौके पर रवि शंकर शर्मा व पवन शास्त्री को समाजवादी प्रबुद्ध सभा को जिलाध्यक्ष और जिला महासचिव मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव समा. जवादी शिक्षक सभा नगेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, संजय डीलर,राहुल यादव, सोनू, सुभाष,

# धोखाधड़ी में दो फाइनेंस एजेंट गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे की हीरो एजेंसी मैं तैनात कर्मचारी ने एक अन्य फाइनेंस एजेंट के साथ मिलकर एक व्यक्ति के दस्तावेजों की चोरी कर फाइनेंस कंपनी से बाइक निकाल कर बेच दी।पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से बाइक बरामद कर जेल भेज दिया है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड़ खेड़ी निवासी नवाब ने न्यायालय के आदेश पर थाने पर अभियोग दर्ज कराया था। पीड़ित ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया था कि पीड़ित का कैराना के पंजाब नेशनल बैंक में खाता है, दिनांक 7 फरवरी 2025 को पीड़ित के खाते से 3532 रूपए काटने का एसएमएस प्राप्त हुआ, पीड़ित ने दो दिन बाद जाकर जब बैंक में मैनेजर से जानकारी की तो मैनेजर द्वारा बताया गया कि उसने राम कंपनी से बाइक निकलावा रखी है। पीड़ित तुरंत बागपत जनपद के कस्बा बड़ौत स्थित राम कंपनी के कार्यालय पर पहुंचा और अपने कागजात दिखाएं, कंपनी के द्वारा दिखाए गए कागजात पर पीड़ित के फोटो नहीं थे किसी अन्य व्यक्ति के फोटो लगाए गए थे, राम फाइनेंस कार्यालय पर तैनात कर्मचारियों ने बताया कि दस मई 24 को कस्बे के दिल्ली रोड स्थित रुद्र ऑटोमोबाइल कंपनी से आपकी बाइक निकाली गई है। पीड़ित ने, राम कंपनी के मैनेजर, फाइनेंसर अक्षय चौहान व प्रवीण शर्मा सहित तीन अज्ञात पर आरोप लगाते हुए बताया था कि उसके दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करते हुए दो अन्य व्यक्तियों को गवाह बनकर



स्प्लेंडर मोटरसाइकिल निकला ली। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर थाने पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर सभी आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए फाइनेंस कंपनी के एजेंट अक्षय चौहान निवासी ग्राम लूम जनपद बागपत व ईशाम सिंह निवासी थाना नांगल जनपद सहारनपुर को बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया और दोनों के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

### पकड़े गए दोनों आरोपी है फाइनेंस कंपनी के एजेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** पुलिस ने पकड़े दोनों आरोपी फाइनेंस कंपनी के एजेंट है एक राम फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी है तो दूसरा मोफिन ग्रीन कंपनी में लोगों की फाइनेंस कराता है। पुलिस हिरासत में पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि उन दोनों की मुलाकात कंपनी के द्वारा रखे गए सेमिनार के जरिए हुई थी। दोनों आरोपियों ने सांठ-गांठ करते हुए बाइक कांधला से निकलकर सहारनपुर भेज दी थी ताकि आसानी से पकड़ में ना आ सके। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों से बाइक बरामदकर जेल भेज दिया है।

# फिजियोथेरेपिस्ट व साथी चोरी में गिरफ्तार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनत में हुई बड़ी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक फिजियोथेरेपिस्ट और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया शत-प्रतिशत सामान और घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार भी बरामद कर ली है। हैरान करने वाली बात यह रही कि आरोपी ने अपने शौक और प्रेमिकाओं के खर्च पूरे करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की है।

मंगलवार को शामली पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि 9 दिसंबर को आदर्श मंडी थाना क्षेत्र के कस्बा बनत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चोरी की घटना हुई थी। इस संबंध में फार्मासिस्ट आदेश कुमार ने थाने में तहरीर देते हुए नेबुलाइजर मशीन, बीपी इंस्ट्रूमेंट, एलईडी टीवी, इनवर्टर बैटरी, प्रिंटर समेत अन्य सामान चोरी होने की जानकारी दी थी, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एएसपी ने बताया कि 23 दिसंबर को आदर्श मंडी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सेहटा फ्लाईओवर अंडरपास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में उन्होंने अपने नाम आसिफ पुत्र शराफत अली निवासी ग्राम भौराखुर्द थाना भौराकलां, तथा सचिन पुत्र कृष्णपाल मूल निवासी भौराखुर्द और हाल निवासी विजयनगर, सहारनपुर बताए। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बनत के सरकारी अस्पताल से चोरी किया गया समस्त सामान बरामद कर लिया। इसके अलावा चोरी में प्रयुक्त क्रेटा कार भी कब्जे में ले ली गई है। पूछताछ में आरोपी आसिफ ने बताया कि वह गांव भाज्जू में फिजियोथेरेपिस्ट है और अपना क्लीनिक चलाता है। उसने स्वीकार किया कि उसकी कई प्रेमिकाएं हैं, जिनके खर्च पूरे करने के लिए उसने अपने साथी सचिन के साथ मिलकर अस्पताल में चोरी की योजना बनाई। मंगलवार को दोनों आरोपी चोरी का सामान लेकर पानीपत बेचने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। एएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि फिलहाल आसिफ के खिलाफ अन्य किसी आपराधिक मामले की जानकारी नहीं मिली है।

## नशे में धुत बाइक सवार ने मारी टक्कर, युवक गंभीर घायल

**कैराना।** नशे की हालत में बाइक चला रहे एक युवक ने सामने से आ रही दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सोमवार देर रात विशाल पुत्र टिलूराम अपनी बाइक से किसी कार्य से कैराना की ओर आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक नशे में धुत था। इसी दौरान सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि विशाल सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को सीएचसी कैराना ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# युवती को भगा ले जाने पर दो भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोस के ही दो सगे भाइयों पर पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर भाग ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर युवती और दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। कस्बे के मोहल्ला से शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर पहले देते हुए बताया कि पड़ोस के ही आसिफ व दानिश पुत्र जमील पीड़ित की पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। आरोप है कि पीड़ित की पुत्री घर से नगदी और जेवरात भी अपने साथ ले गई। काफी तलाश करने के बाद भी युवती और दोनों युवकों का कोई सुराग नहीं लग सका। दोनों ने दोनों सगे भाइयों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर युवती और दोनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही युवती को बरामद कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# उमरा करने गए बुजुर्ग का इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कैराना।** बड़े भाई के साथ उमरा हज की अदायगी के लिए सऊदी अरब गए एक बुजुर्ग ग्रामीण की वहां अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। दुखद घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के गांव नगलाराई द्धखेड़ाऋ निवासी करीब 70 वर्षीय सालिम पुत्र स्वर्गीय हाजी अब्दुल मजीद अपने बड़े भाई गुफरान तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ चार दिसंबर को लगभग 20 दिन की अवधि के लिए सऊदी अरब गए थे।बताया गया कि उमरा हज के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा लगातार उपचार किया गया।परिजनों के अनुसार उपचार के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हो सका और 22 दिसंबर को उन्होंने अस्पताल में अंतिम सांस ली। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। घर में मातम पसरा हुआ है। बताया गया कि सालिम मिलनसार व धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में शोक व्याप्त है। ग्रामीणों व रिश्तेदारों द्वारा शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी जा रही है।

# किसान मसीहा चौ. चरण सिंह के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान






























**शाह टाइम्स टीम**

**ऊन।** भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के उपलक्ष में जन उत्थान सेवा समिति द्वारा कस्बे के चौधरी चरण सिंह हाई स्कूल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें चौधरी चरण सिंह के विचारों को आम जनता तक पहुंचाने तथा उनके जन्म दिवस को नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाने की अपील की। चौधरी चरण सिंह हाई स्कूल में जन उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित गोष्ठी में वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानो दलितो एवं सर्व समाज के हित में किए गए कार्यों के बारे में बताया गया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की गई सभी कार्यकर्ताओं ने उनके जन्म दिवस को नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाने की अपील की तथा कस्बे व क्षेत्र से नशे को दूर करने में सहयोग करने की अपील की तथा चौधरी चरण सिंह के नाम पर कस्बे में संस्था की दुर्दशा पर भी चिंता व्यक्त की गई सभी ने मिलकर चौधरी चरण सिंह हाई स्कूल को फिर से सुचारू रूप से संचालन करने पर बल दिया तथा संस्था की कमेटी को हर संभव सहयोग देने की आश्वासन दिया जिससे कि संस्था दोबारा सुचारू रूप से चल सके। इस अवसर पर चौकी प्रभारी राकेश कुमार को क्षेत्र में बढ़ रहे नशे की प्रवृत्ति तथा नशे का व्यापार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग हेतु ज्ञापन भी दिया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता धर्मपाल बझेडी तथा संचालन अनिल कुमार ने किया गोष्ठी मे जन उत्थान सेवा समिति के अध्यक्ष सुखपाल भार्गव संरक्षक भास्कर चौधरी सुभाष कुमार रामकुमार शास्त्री सत्यवान चौधरी सेवाराम रामपाल सिंह सौदान सिंह विनोद कुमार राजेंद्र सिंह मास्टर राज सिंह सुशील सभासद डॉक्टर जसवीर सचिन कुमार आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

**शामली।** भारत रत्न मा।पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी के जन्मदिवस के शुभअवसर पर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता अध्यक्षता में किसान सम्मान दिवस का आयोजन सिटी ग्रीन बैंकट हाल दिल्ली रोड शामली में किया गया।आयोजित किसान सम्मान दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार योजना 2025-26 एवं आत्मा योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय कृषक मेलेध्गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। आयोजन में जयदेव मलिक मा। ब्लाक प्रमुख शामली, डा। विनोद मलिक मा। ब्लाक प्रमुख कांधला, विक्रांत जावला, तथा अन्य गणमान्य कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजन के समय उप कृषि निदेशक शामली, जिला कृषि अधिकारी शामली, जिला गन्ना अधिकारी शामली, जिला अग्रिणी बैंक प्रबन्धक शामली, कृषि वैज्ञानिक, कृषि से सम्बन्धित सहयोगी विभागों के अधिकारियों द्वारा किसान सम्मान दिवस में प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान द्वारा भारत रत्न मा।पूर्व प्रधानमन्त्री चौ। चरण सिंह की प्रतीमा के सम्मुख दीप प्रजवल्लन कर किसान सम्मान दिवस का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर डा। विनोद मलिक मा। ब्लाक प्रमुख कांधला द्वारा भारत रत्न मा। पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी के जीवनवृत का विस्तार से वर्णन करते हुए मा। पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृतियों को उपस्थित कृषकों के सम्मुख जीवन्त किया। अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधियों नें भी भारत रत्न मा। पूर्व प्रधानमंत्री किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जी के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट किए। जिला कृषि अधिकारी शामली प्रदीप कुमार यादव द्वारा कृषि तथा अन्य सहयोगी विभागों के पुरस्कृत किए जाने वाले कृषकों को क्रमवार जिलाधिकारी द्वारा पुरस्कार प्रमाण पत्र प्रदान कराए गए। राष्ट्रीय किसान डिग्री कालेज शामली के कृषि स्नातक मेधावी छात्र विंशीत निर्वाल- प्रथम, कु। अंजली मौर्य- द्वितीय, विमल कुमार तृतीय एवं यशवी ठैब।ह की तृतीय वर्ष की छात्रा गणतंत्र दिवस की परेड के लिए चयनित होने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। तथा जनपद में आत्मा योजनान्तर्गत कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों के कुल 53 कृषकों को उनके कृषि से सम्बन्धित अधिक उत्पादन के आधार पर सम्मानित किया गया। वीरेन्द्र सिंह सेवा निवृत्त प्राविधिक सह्यक ग्रुप-2 तथा अन्य सहयोगी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी कृषकों को उपलब्ध कराई गई।

**ऊन।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123 जयंती के अवसर पर बाईपास स्थित चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया तथा उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताते हुए उनका अनुसरण करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ किया गया पंडित मानसिंह शास्त्री ने हवन यज्ञ संपन्न कराया। मुख्य यजमान रालोद के नगर अध्यक्ष ओमवीर सिंह रहे बाद में मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम में महिपाल सिंह सुरेश धीरज वासु रविंदर मुंडेट विनीत मुखिया भास्कर चौधरी सत्एंद्र चिकारा सत्यवान राजेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

**थाना भवन।** पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह का 123वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का 123 वा जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति राव जमशेद ने पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके बारे में कहा की 23 दिसंबर के दिन देश हो दुनिया में तमाम घटना हुई थी लेकिन इस दिन का महत्व देश के पांचवें प्रधानमंत्री की जयंती होने कारण कुछ अलग ही है चौधरी चरण सिंह का जन्मदिन भारत में किसान मसीहा किसान दिवस के रूप में मानते हैं इस दिवस को राष्ट्रीय किसान दिवस भी कहा जाता है किसानों के जीवन और स्थिति योग को बेहतर बनाने के लिए चौधरी साहब ने कई महत्व पूर्ण कार्यों की शुरुआत की थी भारत सरकार ने 2021 में चौधरी चरण सिंह के सम्मान में हर साल 23 दिसंबर को किसान दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह किसानों के अंदर थे और उन्होंने अपना पूरा जीवन भारतीयता और ग्रामीण क्षेत्र की मर्यादा में दिया आज के दिन देशवासियों को किसान दिवस मनाने का मकसद है कि किस देश का अंधता है और देशवासियों को भी किसने की समस्या को देखते उनकी परेशानियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए समाजसेवियों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत चौधरी चरण सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। वक्ताओं ने उनके कृषि और किसान कल्याण के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने चौधरी चरण सिंह को भारतीय किसान आंदोलन का प्रेरणा स्रोत बताया। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा किसानों और ग्रामीण भारत के हितों के लिए काम किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी को उनके आदर्शों पर चलने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर हाजी राव जमशेद, उस्मान ठेकेदार, भूरा, पप्पू, फैजान मंसूरी, शमशाद मीर, नसीम मिर्जा, सलीम राणा, हाजी अखलाक, एहसान, इरफान, अमित सैनी, ऋषिपाल सैनी आदि गण मान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

**शामली।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की जयंती मंगलवार को कुडान रोड स्थित सर्वोदय आश्रम में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव धीरज तोमर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के जीवन परिचय, उनके आदर्शों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों और ग्रामीण समाज के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। भूमि सुधार, सामाजिक न्याय और ईमानदार राजनीति के क्षेत्र में उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता। उनके सच्चे और सिद्धांतवादी राजनीतिक जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। 9 फरवरी 2024 को चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया, जो उनके योगदान का सम्मान है। कार्यक्रम में धीरज तोमर, गौरव कश्यप, राफा चौधरी, सोहनवीर सिंह, राजीव मलिक, चौधरी नरेश मलिक, शालू प्रधान, डिम्पल जैन, सतीश राणा आदि मौजूद रहे।

**शामली।** भारत रत्न से सम्मानित भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी ने शहर के कैराना रोड स्थित एक बारातघर में विचार गोष्ठी आयोजित की। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए प्रोफेसर सुधीर पंवार व पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने किया। कहा कि चौधरी चरणसिंह का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे सामाजिक-आर्थिक चिंतक, जननेता एवं अद्वितीय प्रशासक थे। गांवों-किसानों को राजनीति की मुख्यधारा में लाने का श्रेय उन्हीं का है।

पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने 50 जरूरतमंदों को रजाई का वितरण भी किया। मौके पर डा। सत्यपाल कश्यप, अनुज जावला, सलेक चंद, चौधरी बहादुर, योगेन्द्र गोगर, विनीत, कविन्द्र, संजीव राझड, अरूण उर्फ बिट्टू मौजूद रहे।

**झिंझाना।** एसडीएस कान्वेंट स्कूल में राष्ट्रीय किसान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक पाल आर्य, प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर एवं क्षेत्र से पधारे किसानों द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व। चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित किसान चौधरी भगत सिंह निवासी होशंगपुर, चौधरी सहेंद्र चौहान निवासी पावटी कला, चौधरी पिंकी प्रधान निवासी भूरा, अजीत सैनी निवासी वेदखेड़ी, पंकज कश्यप निवासी लक्ष्मणपुरा, चौधरी अ"यूब हसन निवासी चौंतरा एवं सरदार कर्णजीत सिंह निवासी दभेड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक पाल आर्य एवं प्रधानाचार्य सतीश कुमार भटनागर द्वारा अतिथियों को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक पाल आर्य ने चौधरी चरण सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे 1937 से 1977 तक लगातार एक ही विधानसभा सीट से विधायक रहे। उन्होंने कृषि ऋण मुक्ति, जमींदारी उन्मूलन जैसे अनेक कार्य किसान हित में किए। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक जीवन, खानपान और व्यवहार पर आधारित 'शिष्टाचार' जैसी उत्कृष्ट रचना भी लिखी। इस अवसर पर सुमित चौहान, ऋतिक चौहान, पंकज गर्ग, भूजवीर सिंह, आकाश तोमर, अजय लाठर, चेतना शर्मा, विनय सोलंकी, हरप्रीत कौर, आदित्य शर्मा, संस्कार सिंघानिया सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

**कांधला।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। ग्राम भभीसा में सुरेश प्रधान भभीसा के फार्म हाउस पर आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र एवं कस्बे व देहात से बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से हुई, जिसमें चौधरी चरण सिंह के किसान हितैषी विचारों का स्मरण किया गया। हवन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुरेशपाल प्रधान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा है। उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और समाजवादी पार्टी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में ग्राम भभीसा, नाला, डांगरोल, एलम, भारसी, हरमुजपुर, सुन्ना, डागरौड, कनियान, किवाना, मखमूलपूर आदि गांवों लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# पहली बार रैंकिंग में शीर्ष पर दीप्ति



**● दीप्ति ने 130 टी-20 मैचों में 18.99 की औसत से 6.11 की इकॉनमी रेट से 148 विकेट लिए है रेणुका सिंह ठाकुर दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज**

**दुबई, वार्ता।** मंगलवार को जारी नई रैंकिंग में, श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज के पहले मैच में शर्मा के 1/20 के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने उन्हें ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से एक रेटिंग अंक से आगे पहुंचा दिया। दीप्ति के पास टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजी के लिए 737 रेटिंग प्वाइंट्स हैं। यह फॉर्मेट एलए 2028 ओलंपिक का हिस्सा बनने वाला है, जो गेम्स में इस खेल की वापसी का प्रतीक है। दीप्ति ने टी-20 के सबसे छोटे फॉर्मेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 130 टी-20 मुकाबलों में 18-99 की औसत और 6.11 की इकॉनमी रेट से 148 विकेट अपने नाम किए हैं। इस लिस्ट में रेणुका सिंह ठाकुर दूसरी सर्वश्रेष्ठ भारतीय गेंदबाज हैं, उन्होंने 14वें स्थान पर अपनी जगह बनाई।

दीप्ति की ऑलराउंडर क्षमता भी उतनी ही दमदार है। वह वर्तमान में महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर के बाद तीसरे स्थान पर काबिज हैं। महिला वनडे विश्व कप 2025 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद, दीप्ति शर्मा 50 ओवर के फॉर्मेट में गेंदबाजों में पांचवें और ऑलराउंडरों में चौथे स्थान पर काबिज हैं। महिला टी-20 बैटिंग रैंकिंग में, स्मृति मंधाना शीर्ष पांच में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए वर्ल्ड रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। रविवार को विशाखापत्तनम में खेले गए पहले भारत-श्रीलंका मैच में भारत की प्लेयर ऑफ द मैच रहीं जेमिमा रोड्रिग्स पांच पायदान ऊपर चढ़कर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। पुरुष टी-20 रैंकिंग में भारत का जलवा बरक.रार है, जहां अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी में पहले और वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी में पहले स्थान पर बने हुए हैं।

पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के स्टार खिलाड़ी तिलक वर्मा बल्लेबाजों में चौथे स्थान पर हैं, जबकि हार्दिक पांड्या विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर रहकर भारत के सर्वश्रेष्ठ टी-20 ऑलराउंडर बने हुए हैं। टी-20 टीम रैंकिंग में भारतीय मेंस टीम वर्ल्ड रैंकिंग में पहले स्थान पर है, जबकि महिला टीम तीसरे स्थान पर है।

# एफआईएच विश्व रैंकिंग में 8वें स्थान पर फिसला भारत, महिला टीम 10वें स्थान पर

**● महिलाओं की रैंकिंग में नीदरलैंड 3809 पांइट्स के साथ प्रथम स्थान पर**

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारत 2025 की शुरुआत पांचवें स्थान पर करने के बाद साल के अंत तक जाते-जाते एफआईएच विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर फिसल गया है जबकि महिला टीम 10वें स्थान पर है। 2025 में इंटरनेशनल हॉकी ने टॉप लेवल के एक्शन का एक लगातार कैलेंडर पेश किया।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग की लड़ाइयों से लेकर नेशंस कप और नेशंस कप 2 के रोमांच के साथ-साथ सभी महाद्वीपों में कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप तक - जिससे एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में बड़े बदलाव हुए। पुरुषों और महिलाओं दोनों के खेल में, जानी-मानी टीमों ने अपनी स्थिति मजबूत की, जबकि उभरती हुई टीमों ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। महिलाओं की रैंकिंग में, नीदरलैंड्स (3809) जिसने साल की शुरुआत टॉप स्थान पर की थी, उसने पूरे साल अपनी पकड़ बनाए रखी, एक और शानदार सीजन के साथ जिसमें उन्होंने प्रो लीग और यूरोहॉकी चैंपियनशिप में चैंपियनशिप जीतकर अपनी कैबिनेट में और ट्रॉफियां जोड़ीं, जबकि अर्जेंटीना (3326), बेल्जियम (3109) और चीन (2977) ने शानदार कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप और प्रो लीग अभियानों के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर बने रहे, जहां से उन्होंने साल की शुरुआत की थी। स्पेन (2777) टॉप-10 रैंकिंग में साल के सबसे बड़े फायदे में रहने वालों में से है, क्योंकि वे पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि साल की शुरुआत आठवें स्थान पर की थी! स्पेन की यह बढ़त ऑस्ट्रेलिया (2758), जर्मनी (2734) और इंग्लैंड (2510) की कीमत पर हुई है, जो सभी एक-एक स्थान नीचे गिर गए हैं, और साल का अंत छठे, सातवें और आठवें स्थान पर किया है। न्यूजीलैंड (2319) जिसने 2025 में महिलाओं का एफआईएच हॉकी नेशंस कप और ओसनिया कप जीता था, वह भारत (2315) से ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गया है, जिसे 2025 में प्रो लीग से बाहर होना पड़ा था। जापान (2186) और संयुक्त राज्य अमेरिका (2172) दो स्थान ऊपर चढ़कर ग्यारहवें और बारहवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि आयरलैंड (2030) और चिली (1999) तेरहवें और पंद्रहवें स्थान पर आ गए हैं, स्कॉटलैंड (2015) चौदहवें स्थान पर है। कोरिया (1864) सोलहवें स्थान पर बना हुआ है, उसके बाद फ्रांस (1742) है जिसकी एफआईएच हॉकी नेशंस कप 2 में जीत ने उसे तीन स्थान ऊपर चढ़ने में मदद की। इटली (1737), उरुग्वे (1736) और दक्षिण अफ्रीका (1670) टॉप-20 में शामिल हैं।

## नेरेस के दो गोल की मदद से नेपोली ने इटेलियन सुपर कप का खिताब जीता

**रियाद, वार्ता।** डेविड नेरेस के दो गोल की मदद से नेपोली ने सोमवार को बोलोग्ना को 2-0 से हराकर अपना तीसरा इटेलियन सुपर कप खिताब जीता। नेपोली ने 39वें मिनट में स्कोरिंग शुरू की जब नेरेस ने पेनल्टी एरिया के बाहर थ्रो-इन पर कंट्रोल किया और फिर टॉप कॉर्नर में एक शानदार शॉट मारा। घंटे भर बाद ब्राज़ीलियन ने बढ़त दोगुनी कर दी, बोलोग्ना के बॉक्स के अंदर कब्ज़ा हासिल किया और आगे बढ़ते गोलकीपर को छकाते हुए एक टाइट एंगल से गोल किया। इस जीत से नेपोली को अपना तीसरा सुपरकोपा इटेलियन खिताब मिला, इससे पहले उन्होंने 1990 और 2014 में ट्रॉफी जीती थी। 2023 से, इटेलियन सुपर कप चार टीमों के फॉर्मेट में खेला जाता है, जिसमें सीरी ए चैंपियन और रनर-अप के साथ-साथ कोपा इटालिया के विजेता और रनर-अप शामिल होते हैं।

**खेल विशेष**

## हरमनप्रीत, सविता सलीमा सूरमा हॉकी के कप्तान बने रहेंगे

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूरमा हॉकी क्लब ने हॉकी इंडिया लीग के आने वाले सीजन के लिए अपनी लीडरशिप टीम को बरक.रार रखा है। क्लब ने घोषणा की है कि हरमनप्रीत सिंह पुरुषों की टीम के कप्तान बने रहेंगे, जबकि सीनियर गोलकीपर सविता व मिडफील्डर सलीमा टेटे एक बार फिर महिलाओं की टीम की सह-कप्तान होंगी। सूरमा हॉकी क्लब की प्रेस रिलीज के अनुसार, हरमनप्रीत की लीडरशिप और प्रभाव एसएचसी की योजनाओं के लिए बहुत ज़रूरी हैं। अपने डिफेंस में शांत स्वभाव और खतरनाक ड्रैग फ्लिकिंग क्षमता के लिए मशहूर, भारतीय राष्ट्रीय टीम के कप्तान ने पिछले सीजन में हॉकी इंडिया लीग में पुरुषों की टीम को तीसरा स्थान दिलाया था। ओलंपिक और एशियाई खेलों के मेडल्स सहित एक शानदार इंटरनेशनल करियर के साथ, हरमनप्रीत का अनुभव व दबाव में शांत रहने की क्षमता टीम को स्थिरता और अटैकिंग बढ़त दोनों देती है। एक बार फिर टीम की कप्तानी करने पर अपनी खुशी ज़ाहिर करते हुए हरमनप्रीत ने कहा कि इस टीम की कप्तानी करना हमेशा एक खास एहसास होता है। पिछले सीजन में तीसरे स्थान पर रहने से पता चला कि हम क्या कर सकते हैं, और हमने उससे बहुत आत्म विश्वास लिया है। टीम और करीब और मजबूत हुई है, और मुझे सच में विश्वास है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए सही मिश्रण है। हम पूरी तरह से फोकस्ड, मोटिवेटेड हैं, और इस सीजन में जब हम मैदान पर उतरेंगे तो सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। महिलाओं की टीम में, पिछले सीजन में मजबूत रनर-अप रहने के बाद सविता व सलीमा की लीडरशिप जोड़ी को बरकरार रखा गया है। सविता की निरंतरता और पीछे से लीडरशिप, सलीमा की मिडफील्ड में एनर्जी व क्रिएटिविटी के साथ मिलकर, टीम के प्रदर्शन की रीढ़ बनी है।

# महिला घरेलू क्रिकेट में मैच फीस दोगुना से ऊपर हुई

**● रिजर्व खिलाड़ियों को प्रतिदिन 25000 रुपये देने का बीसीसीआई ने लिया फैसला खेलेने वाले खिलाड़ियों के लिए फीस 50000 रुपये प्रतिदिन कर दी गई है**

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने महिला घरेलू क्रिकेट में मैच फीस बढ़ा दी है। सीनियर प्रतियोगिताओं में पहली एकादश में खेलने वाली खिलाड़ियों के लिए यह फीस 20,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये प्रति दिन कर दी गई है।

यह फैसला सोमवार को मुंबई में हुई एपेक्स काउंसिल की बैठक में लिया गया। रिज़र्व खिलाड़ियों को इसका आधा यानी 25,000 रुपये प्रति दिन मिलेगा। आयु-वर्ग स्तर पर भी संशोधन किया गया है, जहां पहली एकादश का हिस्सा बनने वाली खिलाड़ियों को 25,000 रुपये प्रति दिन और रिज़र्व खिलाड़ियों को 12,500 रुपये प्रति दिन मिलेंगे। अब तक आयु-वर्ग की खिलाड़ी अगर एकादश में होती थीं तो उन्हें 10,000 रुपये प्रति दिन, जबकि रिज़र्व खिलाड़ियों को 5,000 रुपये मिलते थे।

इस फीस ढांचे के तहत अगर कोई खिलाड़ी फाइनल समेत सभी लीग मैच खेलती थी, तो पूरे सीजन में उसे कुल मिलाकर थोड़ा सा 2 लाख रुपये से ज्यादा मिलते थे। अब यह राशि बढ़कर लगभग 5 लाख रुपये हो जाएगी। ये बदलाव भारत की ऐतिहासिक वनडे विश्व कप जीत के बाद घरेलू क्रिकेट को मज़बूत करने के बीसीसीआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा हैं।

साथ ही सिस्टम के भीतर लंबे समय से मैच फीस की समीक्षा की मांग भी उठ रही थी। ईएसपीएन क्रिकइंफो की समझ के मुताबिक, कई शीर्ष राज्य कोचों और खिलाड़ियों ने आंत.रिक रूप से इस बदलाव का अनुरोध किया था।

जूनियर स्तर पर वेतन में संशोधन युवा लड़कियों के बीच खेल में बढ़ती रुचि का नतीजा है, खासकर तब, जब भारत ने लगातार दो अंडर-19 विश्व कप खिताब जीते हैं। साल 2022 में बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय टीम की मैच फीस को पुरुष खिलाड़ियों के बराबर कर दिया था। इसके तहत टेस्ट खेलने वाली खिलाड़ियों को प्रति मैच 15 लाख रुपये, जबकि वनडे और ज्20प मैचों के लिए क्रमशः 6 लाख और 3 लाख रुपये मिलने लगे थे।

## कमिंस और लियोन मेलबर्न टेस्ट से बाहर स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए कप्तान पैट कमिंस और अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन के बिना मैदान पर उतरेगा, क्योंकि मेजबान टीम ने एशेज सीरीज के चौथे मैच के लिए 15 सदस्यों की टीम का ऐलान कर दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के अनुसार, कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया गया है, जबकि ऑफ-स्पिनर टॉड मर्फी और तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन को टीम में शामिल किया गया है। चौथा टेस्ट 26 दिसंबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर शुरू होगा, जिसमें एडिलेड में 82 रन की जीत के बाद ऑस्ट्रेलिया पहले ही 3-0 की अजेय बढ़त बना चुका है।

# एक ओवर में पांच विकेट लेकर इंडोनेशिया के गीड़ ने रचा इतिहास

**● ऐसा करने वाले गीड दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए है**

**बाली, वार्ता।** इंडोनेशिया के 28 वर्षीय दाएं हाथ के तेज गें. दबाज़ गीड प्रियांदना ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच (जहां फ़ॉल-ऑफ़-विकेट्स का आंकड़ा उपलब्ध है) के एक ओवर में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज (पुरुष या महिला क्रिकेट मिलाकर) बन गए हैं।




उन्होंने यह कारनामा मंगलवार को बाली में कंबोडिया के खलिफ पहले टी-20 में किया। प्रियांदना ने यह कारनामा तब किया, जब 168 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही कंबोडिया की टीम 15 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी। अपना पहला ओवर डालते हुए प्रियांदना ने पहली तीन गेंदों पर लगातार विकेट लेकर हैट्रिक पूरी की। उन्होंने इस क्रम में शाह अबरार हुसैन, निर्मलजीत सिंह और चंथोउन रथानक को पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने एक डॉट गेंद फेंकी और फिर मोंगदारा सॉक को आउट किया। इसके बाद उन्होंने एक वाइड फेंकने के बाद पेल वेननक को आउट कर मैच समाप्त कर दिया। इस ओवर में कंबोडिया सिर्फ़ एक रन ही बना सकी, जो अंतिम दो विकेटों के बीच आई एक वाइड से आया और उनकी टीम 60 रन से यह मैच हार गई। प्रियांदना ने इससे पहले पारी की शुरुआत करते हुए धर्मा केसुमा के साथ 11 गेंदों में 6 रन भी बनाए थे। विकेटकीपर बल्लेबाज़ केसुमा ने इंडोनेशिया के लिए बल्लेबाज़ी का नेतृत्व किया और 68 गेंदों में नाबाद 110 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और छह छक्के शामिल थे। हालांकि पुरुष टी-20 क्रिकेट में यह कारनामा इससे पहले दो बार हो चुका है। अल-अमीन हुसैन ने 2013-14 में विक्ट्री डे टी-20 कप में यूसीबी-बीसीबी एकादश की ओर से खेलते हुए अबाहानी लिमिटेड के खिलाफ एक ओवर में पांच विकेट लिए थे।

# रोहित शर्मा ने स्ट्रेंजर थिंग्स फिनाले के लिए नेटफ्लिक्स प्रोमो में जलवा बिखेरा

**मुंबई, वार्ता।** नेटफ्लिक्स ने स्ट्रेंजर थिंग्स 5 के बहुप्रतीक्षित फिनाले के लिए भारतीय क्रिकेट सुपरस्टार रोहित शर्मा को वॉल्यूम 2 की रिलीज से पहले एक खास प्रमोशनल वीडियो में शामिल करके चर्चा बढ़ा दी है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने मंगलवार को भारतीय कप्तान का एक नया प्रोमो जारी किया, जिसमें क्रिकेट की दुनिया को हॉकिन्स के सुपरनैचुरल ड्रामा के साथ मिलाया गया है।

क्लिप में रोहित शर्मा एक लॉकर रूम में अपने साथियों से बात करते दिख रहे हैं, जहां शुरुआत में माहौल आरामदायक और मज़ेदार है। लीडर मोड में आते हुए, क्रिकेटर सभी से फाइनल लड़ाई नज़दीक आने पर फोकस करने के लिए कहते हैं। ध्यान से सुनो। फिनाले आ रहा है। शर्मा ग्रुप से कहते हैं। सिर्फ़ आपका करियर ही नहीं, आपकी पूरी ज़िंदगी उलट-पुलट हो सकती है। क्रिकेट की रणनीति और शो के मुख्य टकराव के बीच समानताएं बताते हुए, शर्मा अपनी टीम को ष्विपक्षीष् की अप्रत्याशित प्रकृति के बारे में चेतावनी देते हैं। विपक्षी कहीं से भी हमला कर सकता है, ज़मीन से, दीवार से, या छत से भी वह कहते हैं, जो स्ट्रेंजर थिंग्स यूनिवर्स को परिभाषित करने वाले डरावने खतरों का ज़िक्र करते हैं। प्रोमो में शर्मा को एक खास किट का अनावरण करते हुए भी दिखाया गया है, साथ ही वह जो कीरी द्वारा निभाए गए फैन-फेवरेट कैरेक्टर स्टीव हैरिंगटन का भी ज़्क्रि करते हैं। जब विपक्षी के बारे में पूछा जाता है, तो शर्मा मुस्कुराते हुए पंचला. इन देते हैं कि वही आदमी जो लोगों को पतंग की तरह उड़ाता है, वेकना। तैयार हो जाओ, लड़कों।

# कोहली का विजय हजारे ट्रॉफी मुकाबला चिन्नास्वामी से सीओई हुआ स्थानांतरित

**बेंगलुरु, वार्ता।** सुरक्षा कारणों के चलते कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के सभी मैच एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से हटाकर बीसीसीआई के सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस (सीओई) में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन मैचों में बुधवार को दिल्ली और आंध्र के बीच होने वाला उद्घाटन मुक़ाबला भी शामिल है, जिसमें विराट कोहली और पंत खेलते हुए नज़र आएंगे।



केएससीए को इस देर से हुए घटनाक्रम की जानकारी मंगलवार सुबह कर्नाटक के गृह मंत्रालय की ओर से दी गई। यह दो सप्ताह के भीतर मैदान में किया गया दूसरा बदलाव है। इससे पहले केएससीए ने लॉजिस्टिक और सुरक्षा चुनौतियों के कारण कोहली और पंत से जुड़े कम से कम कुछ मैच अलूर से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में स्थानांतरित किए थे। दिल्ली और आंध्र दोनों टीमों को इस नए फ़ैसले की जानकारी उनके अभ्यास सत्र से पहले दे दी गई है। अभ्यास सत्र भी अब सीओई में ही होगा। लॉजिस्टिक्स की ज़िम्मेदारी संभाल रहीं केएससीए को यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया है कि बेंगलुरु में होने वाले सभी मैच बंद दरवाज़ों के पीछे खेले जाएं। बेंगलुरु पुलिस ने एयरोस्पेस पार्क के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया है, जहां सीओई स्थित है। सीओई इससे पहले भी बंद दरवाज़ों के पीछे दलीप ट्रॉफ़ी, महिला विश्व कप के अभ्यास मैच और भारत 'ए' द. अफ्रीका ए के बीच हुई सीरीज की मेजबानी कर चुका है। केएससीए ने इससे पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में को.हली और पंत से जुड़े मैचों के आयोजन को लेकर भरोसा जताया था। उन्होंने आम दर्शकों के लिए दो स्टैंड खोलने की संभावना भी जताई थी, जिनमें पूरी क्षमता होने पर 2000 से 3000 दर्शक बैठ सकते थे। हालांकि, इस प्रस्ताव को सरकार की ओर से कड़ा विरा.ेध झेलना पड़ा। सरकार ने संभावित सुरक्षा और अनुपालन संबंधी मुद्दों का हवाला दिया, जबकि चिन्हित किए गए कई क्षेत्रों में सुधार का काम अभी जारी है। क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक, राज्य सरकार छुट्टियों के मौसम में चिन्नास्वामी स्टेडियम के आसपास किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचना चाहती थी। सोमवार को कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एक समिति ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम का निरीक्षण किया और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# पीएम से मिले ओलंपियन नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी



**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर ने मंगलवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने उनके आवास पर हुई इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में फोटो साझा करते हुए यह जानकारी दी। श्री मोदी ने कहा कि आज सुबह 7 लोक कल्याण मार्ग पर नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से मुलाकात हुई। हमने खेलों के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के शुरू में श्री मोदी ने फिटनेस को बढावा देने के नीरज चोपड़ा के प्रयासों की सोशल मीडिया पर काफी सराहना की थी। फिट इंडिया योजना के महत्व पर नीरज चोपड़ा के लेख पर प्रतिक्रिया करते हुए श्री मोदी ने कहा था कि यह दूरदर्शी और प्रेरक लेख मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की जरूरत पर बल देता है।

# 2026 में भारत के पास टी-20 विश्व कप व एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतना का होगा मौका

**भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरआत न्यूजीलैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज से करेगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम का 2026 का शेड्यूल रोमांचक मुकाबलों और बड़े टूर्नामेंट्स से भरा है। इस साल पुरुष और महिला टी-20 विश्व कप के साथ-साथ एशियाई खेल प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अलावा भारत की सभी फॉर्मेट में द्विपक्षीय सीरीज की पूरी सूची भी शामिल है। चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप में जीत के साथ 2025 की शानदार सफलता के बाद, भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम 2026 की शुरुआत जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू व्हाइट-बॉल सीरीज से करेगी। इस सीरीज में पांच टी-20 और तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे।

इसके बाद फरवरी-मार्च में घरेलू मैदान पर होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 खेला जाएगा, जहां सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई में जीते गए खिताब को डिफेंड करेगी। पिछली बार जब भारत ने पुरुष टी-20 विश्व कप की मेजबानी की थी, तब वेस्टइंडीज ने 2016 में खिताब जीता था। सेमीफाइनल में भारत को विजेता वेस्ट इंडीज से हार का सामना करना पड़ा था। आईपीएल 2026 का दबदबा मार्च से मई तक भारत के क्रिकेट कैलेंडर पर रहेगा, इस दौरान कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच निर्धारित नहीं है। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 के हिस्से के रूप में कम से कम चार रेड-बॉल मैच खेलेगी, जिसमें साल के दूसरे हिस्से में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ दो-दो टेस्ट मैच की अवे सीरीज शामिल हैं। वहीं, डब्ल्यूपीएल पिछले साल की तरह फरवरी-मार्च के बजाय जनवरी-फरवरी में आयोजित होने वाली है। महिला क्रिकेट लीग (डब्ल्यूपीएल) के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी, जहां वह सभी प्रारूपों के टूर्नामेंट खेलेगी। इसके बाद जून-जुलाई में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 में भारत प्रतिस्पर्धा करेगा। टी-20 विश्व कप के बाद, भारत और इंग्लैंड लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने वाले पहले वूमेंस टेस्ट मैच में खेलकर इतिहास रचेंगे। इस मैदान पर वर्ल्ड कप फाइनल सहित कई हाई-प्रोफाइल क्रिकेट मैच खेले जा चुके हैं। हालांकि, लॉर्ड्स में पहली बार महिला टेस्ट मैच होगा। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमें 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के आइची और नागोया में आयोजित होने वाले एशियन गेम्स 2026 में अपने गोल्ड मेडल को डिफेंड करने की कोशिश करेगी।

## नेमार की घुटने की सर्जरी सफल रही

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** ब्राज़ीलियाई सीरी ए क्लब सैंटोस ने बताया कि सैंटोस के फॉरवर्ड नेमार की बाएं घुटने में फटे मेनिस्कस को ठीक करने के लिए सर्जरी सफल रही। ब्राज़ील की नेशनल टीम के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार ने दक्षिणी शहर बेलो हो.रिज़ोंटे के माटर देई नोवा लीमा अस्पताल में आर्थ्रोस्कोपी की। सैंटोस की आधिकारिक वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया कि सर्जरी सफल रही, और खिलाड़ी ठीक है। इसमें आगे कहा गया कि 33 वर्षीय खिलाड़ी को सोमवार दोपहर को छुटी दे दी गई और वह फिजियोथेरेपिस्ट राफेल मार्टिनी के कोऑर्डिनेशन में तुरंत अपना रिहैबिलिटेशन प्रोसेस शुरू करेंगे। इस महीने की शुरुआत में, नेमार ने खुलासा किया था कि उन्होंने 2025 ब्राज़ीलियाई सीज़न का दूसरा हाफ चोट के साथ खेला था, लेकिन सैंटोस को रेलिगेशन से बचाने में मदद करने के लिए दर्द के बावजूद खेलने का फैसला किया।

# 'जश्न मनाओ, लेकिन मर्यादा के साथ': सरफराज



इस्लामाबाद, वार्ता। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और अंडर-19 टीम के मौजूदा मेंटर सरफराज अहमद ने कहा है कि उन्होंने अपने खिलाड़ियों से भारत पर एशिया कप की जीत का जश्न सम्मान और खेल भावना के साथ मनाने और वैसा व्यवहार न करने का आग्रह किया जैसा उनके विरोधियों ने किया था।

सरफराज फाइनल के एक वायरल वीडियो के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे, जिसमें उन्हें अपने खिलाड़ियों से यह कहते हुए सुना गया कि अगर भारत के खिलाड़ी हद पार भी करें तो भी वे बदतमीजी न करें। फाइनल के दौरान दोनों टीमों ने हाथ नहीं मिलाए, जैसा कि मई में दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव के बाद से सभी स्तरों पर दोनों टीमों के बीच आम बात हो गई है। वैभव सूर्यवंशी एक गरमागरम ऑन-फील्ड पल में शामिल थे, जब अली रजा द्वारा आउट होने के बाद, उन्होंने मैदान से बाहर जाते समय अपने जूते की ओर इशारा किया। सरफराज ने अपने जवाब में उस घटना का जिक्र किया। मैंने उन भारतीय टीमों के खिलाफ खेला है जो क्रिकेट को क्रिकेट के तौर पर लेती थीं (और कुछ नहीं)। मैंने बाहर से देखा कि खेल के प्रति उनका व्यवहार अच्छा नहीं था। और उनके एक खिलाड़ी ने ऐसा इशारा किया जो आप सभी ने स्क्रीन पर देखा। मुझे लगता है कि वह अनुचित था। अगर आपको कोई दिक्कत है। हमने बहुत क्रिकेट खेला है और अगर मैदान पर कुछ कहा जाता है तो आप जवाब दे सकते हैं। लेकिन वह एक अनुचित जवाब था। जहां तक वीडियो की बात है, मैंने बस अपने खिलाड़ियों से कहा कि हमें जश्न मनाना चाहिए लेकिन मर्यादा के साथ। वे जो कर रहे हैं, हमें वह नहीं करना चाहिए। हमें खेल भावना दिखानी चाहिए। हमें शांत रहना चाहिए और अपनी टीम का साथ देना चाहिए और उन्हें वही करने देना चाहिए जो वे कर रहे हैं। पाकिस्तान ने दुबई में फाइनल 191 रनों से जीता और लौटने के बाद से उनका ज़ोरदार स्वागत हुआ।

## पीसीबी अंडर-19 भारतीय खिलाड़ियों के अनैतिक आचार संहिता को लेकर आईसीसी से संपर्क करेगा

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने सोमवार को घोषणा की कि बोर्ड एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2025 के फाइनल के दौरान भारतीय खिलाड़ियों के भड़काऊ व्यवहार के बारे में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से संपर्क करेगा, जियो न्यूज़ ने रिपोर्ट किया। पाकिस्तान ने टाइटल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को आईसीसी अकादमी में भारत को 191 रनों से हराकर चैंपियनशिप जीत ली। प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ द्वारा विजयी पाकिस्तान अंडर-19 टीम को बधाई देने के लिए आयोजित एक रिसेप्शन में बोलते हुए, नकवी ने आरोप लगाया कि भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल के दौरान अपने पाकिस्तानी समकक्षों को बार-बार उकसाया। नकवी ने कहा कि अंडर 19 एशिया कप फाइनल में भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को उकसाते रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस घटना के बारे में आईसीसी को सूचित करेगा कि और कहा कि राजनीति और खेल को अलग रखा जाना चाहिए।

# सम्पादकीय

बुधवार, 24 दिसम्बर 2025

## बांग्लादेश पर बवाल

बांग्लादेश में हिन्दू कार्यकर्ता की हत्या के बाद वहां आग लगी हुई है ,जिसका असर अब भारत में भी दिखाई देने लगा है। भारत के असम, जम्मू-कश्मीर, पश्चिमी बंगाल और उत्तर प्रदेश में हिन्दू संगठन प्रदर्शन कर बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। किसी भी देश में लोगों की सुरक्षा उस सरकार का काम होता है, लेकिन बांग्लादेश में हसीना सरकार के तख्ता पलट के बाद यूनुस सरकार आने पर हालात और भी ज्यादा खराब हो गए हैं, जिसके कारण वहां रह रहे अल्पंख्यकों हिन्दुओं में भारी आक्रोश है। हो भी क्यों न, वहां की सरकार हिन्दुओं की रक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिसके कारण भारत में भी माहौल गरमा गया है। परिणामस्वरूप नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर हिन्दू संगठनों का जोरदार प्रदर्शन हुआ और प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए। बांग्लादेश में भी हिंदू युवक की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन हो रहा है। ये विडंबना ही है कि जिस सरकार को बनाने में सभी लोग भाग लेते हैं, लेकिन सरकार इनकी सुरक्षा में ही विफल हो गई है। और तो और सरकार आरोपियों को बचाने में लगी हुई है। विहिप और अन्य हिंदू संगठनों ने दिल्ली में बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। बांग्लादेश में उस्मान हादी की हत्या के विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या की गई है। दास को भीड़ ने पीट-पीटकर मारा और बाद में उसका शव जलाया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद से बवाल मच गया। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार के खिलाफ पिछले कुछ दिन से सोशल मीडिया से लेकर सड़क पर प्रदर्शन हो रहा है। प्रदर्शन कर रहे एक शख्स ने रोते हुए कहा कि वहां लोग मारे जा रहे हैं, ये देश राम का है, ये देश कृष्ण का है। हम किसी को नहीं मारते पर वहां हमारी बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। विरोध-प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी बैरीकेड को तोड़ने की भी कोशिश कर रहे थे। पुलिस को प्रदर्शनकारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। गौरतलब है कि दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेश हाई कमिशन के सामने सुबह से ही सुरक्षा बढ़ा दी थी। हालांकि, सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी प्रदर्शनकारियों ने बैरियर तोड़ते हुए प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी काफी आक्रोश में थे और उन्होंने सिक्योरिटी का दो लेयर भेद दिया था। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने और उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर प्रदर्शन जारी रखा तथा सरकार से मांग की कि इस मामले में बांग्लादेश सरकार से बात की जाए और वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा की बात उठाई जाए। आज देश के तीन राज्यों में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया गया, जिसके बाद सरकार में हलचल मची और भारत सरकार ने बांग्लादेश स्थित अपने उच्चायुक्तों की सुरक्षा को बढ़ा दिया, लेकिन इसी से काम चलने वाला नहीं है।

### दुविधा में भारतीय नेतृत्व




बंगलादेश में हिंदू महिलाएं के सिंदूर लगाकर स्वतंत्र रूप से घूमने में डरने की रिपोर्ट चिंता का विषय है, हालांकि यह मुद्दा गंभीर है, लेकिन भारतीय नेतृत्व बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाने में नैतिक दुविधा का सामना कर रहा है, क्योंकि देश के भीतर ही कुछ असामाजिक तत्व मुस्लिम महिलाओं के हिजाब जबरन उतारते देखे जाते हैं, कट्टरपंथियों के दबदबे वाली दुनिया में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए वास्तव में कौन खड़ा होगा, केंद्र सरकार को बंगलादेशी अधिकारियों के साथ इस मामले को गंभीरतापूर्वक उठाना चाहिए।

**-महबूबा मुफ्ती**
**अध्यक्ष, पीडीपी**

# आवाज की दुनिया के सरताज थे मोहम्मद रफी

**जन्मदिन पर विशेष**



**रफी साहब ने अपने सिने करियर में लगभग 700 फिल्मों के लिए 26 हजार से भी ज्यादा गीत गए, वह इंडस्ट्री में अपने मधुर स्वभाव के लिए जाने जाते थे।**

**मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे। एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी। दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला। अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे। जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था। अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी।**

अपने लाजवाब पार्श्वगायन से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने वाले आवाज की दुनिया के सरताज मोहम्मद रफी को पार्श्वगायक बनने की प्रेरणा एक फकीर से मिली थी। पंजाब के कोटला सुल्तान सिंह गांव में 24 दिसंबर 1924 को एकमध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार में जन्मे रफी एक फकीर के गीतों को सुना करते थे, जिससे उनके दिल में संगीत के प्रति एक अटूट लगाव पैदा हो गया। रफी के बड़े भाई हमीद ने मोहम्मद रफी के मन मे संगीत के प्रति बढ़ते रुझान को पहचान लिया था और उन्हें इस राह पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। लाहौर में रफी संगीत की शिक्षा उस्ताद अब्दुल वाहिद खान से लेने लगे और साथ ही उन्होंने गुलाम अली खान से भारतीय शास्त्रीय संगीत भी सीखना शुरू कर दिया। एक बार हमीद रफी को लेकर के-एल-सहगल संगीत कार्यक्रम में ले गए, लेकिन बिजली नहीं होने के कारण के-एल- सहगल ने गाने से इंकार कर दिया। हमीद ने कार्यक्रम के संचालक से गुजारिश की कि वह उनके भाई रफी को गाने का मौका दें। संचालक के राजी होने पर रफी ने पहली बार 13 वर्ष की उम्र में अपना पहला गीत स्टेज पर दर्शकों के बीच पेश किया। दर्शकों के बीच बैठे संगीतकार श्याम सुंदर को उनका गाना अच्छा लगा और उन्होंने रफी को मुंबई आने के लिए न्यौता दिया। श्याम सुंदर के संगीत निर्देशन में रफी ने अपना पहला गाना सोनिएनी हिरीए नी पार्श्व गायिका जीनत बेगम के साथ एक पंजाबी फिल्म गुल बलोच के लिए गाया। वर्ष 1944 मे नौशाद के संगीत निर्देशन में उन्हें अपना पहला हिन्दी गाना हिन्दुस्तान के हम है पहले आप के लिए गाया। वर्ष 1949 में नौशाद के संगीत निर्देशन में दुलारी फिल्म मे गाए गीत सुहानी रात ढल चुकी के जरिए वह सफलता की ऊंचाइयों पर पहुंच गए और इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। दिलीप कुमार देवानंद, शम्मी कपूर, राजेन्द्र कुमार, शशि कपूर, राज. कुमार जैसे नामचीन नायकों की आवाज कहे जाने वाले रफी अपने संपूर्ण सिने कैरियर मे लगभग 700 फिल्मों के लिए 26000 से भी ज्यादा गीत गाए।

मोहम्मद रफी-बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन के बहुत बड़े प्रशंसक थे। मोहम्मद रफी फिल्म देखने के शौकीन नहीं थे लेकिन कभी-कभी वह फिल्म देख लिया करते थे। एक बार रफी ने अमिताभ बच्चन की फिल्म दीवार देखी थी। दीवार देखने के बाद रफी -अमिताभ के बहुत बड़े प्रशंसक बन गए। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म नसीब में रफी को अमिताभ के साथ युगल गीत-चल चल मेरे भाई-गाने का अवसर मिला। अमिताभ के साथ इस गीत को गाने के बाद रफी बेहद खुश हुए थे। जब रफी साहब अपने घर पहुंचे तो उन्होंने अपने परिवार के लोगों को अपने पसंदीदा अभिनेता अमिताभ के साथ गाने की बात को खुश होते हुए बताया था। अमिताभ के अलावा रफी को शम्मी कपूर और धर्मेन्द्र की फिल्में भी बेहद पसंद आती थी। मोहम्मद रफी को अमिताभ-धर्मेन्द्र की फिल्म शोले बेहद पंसद थी और उन्होंने इसे तीन बार देखा था। मोहम्मद रफी फिल्म इंडस्ट्री में मृदु स्वाभाव के कारण जाने जाते थे, लेकिन एक बार उनकी कोकिल कंठ लता मंगेश्कर के साथ अनबन हो गई थी। मोहम्मद रफी ने लता मंगेशकर के साथ सैकड़ों गीत गाए थे लेकिन एक वक्त ऐसा भी आया था जब रफी ने लता से बातचीत तक करनी बंद कर दी थी। लता मंगेशकर गानों पर रॉयल्टी की पक्षधर थी जबकि रफी ने कभी भी रॉयल्टी की मांग नहीं की। रफी साहब मानते थे कि एक बार जब निर्माताओं ने गाने के पैसे दे दिए तो फिर रॉयल्टी किस बात की मांगी जाए। दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के बीच बातचीत भी बंद हो गई और दोनों ने एक साथ गीत गाने से इन्कार कर दिया हालांकि चार वर्ष के बाद अभिनेत्री नरगिस के प्रयास से दोनों ने एक साथ एक कार्यक्रम में -दिल पुकारे-गीत गाया। मोहम्मद रफी ने हिन्दी फिल्मों के अलावा मराठी और तेलुगू फिल्मों के लिए भी गाने गाए। मोहम्मद रफी अपने करियर में 6 बार फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किए गए। वह वर्ष 1965 में रफी पद्म पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। 30 जुलाई 1980 को आस पास फिल्म के गाने शाम कयू उदास है दोस्त, गाने के पूरा करने के बाद जब रफी ने लक्ष्मीकांत प्यारे लाल से कहा कि शूड आई लीव जिसे सुनकर लक्ष्मीकांत प्यारे लाल अचंभित हो गए क्योंकि इसके पहले रफी ने उनसे कभी इस तरह की बात नहीं की थी। अगले दिन 31 जुलाई 1980 को रफी को दिल का दौरा पड़ा और वह इस दुनिया को ही छोड़कर चले गए।

**...साभार**

# उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी जहन्नुम

**उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है।**



**शमशाद रशीद**

उप्र में प्राइवेट टीचर्स की जिंदगी हन्नुम हो गई है उनके सिर पर पढ़ाई के अलावा कई तरह के काम का बोझ और इतने कम कुछ इज्जतदार काम और कुछ बहुत ही बेइज्जती के काम उनसे करवाए जा रहे हैं जिसकी वजह से ना वह अपने सम्मान को बचा पा रहे हैं और न वह पढ़ाई के काम को ठीक कर पा रहे हैं ना वह अपनी जिंदगी में अपने परिवार अपने रिश्तेदार ना अपने दोस्तों को समय दे पा रहे हैं।

उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर होना एक बहुत बड़ी सजा बनती जा रही है बहुत बड़ी हैरानी की बात यह है कि इसकी कोई चर्चा ही नहीं करता कि आखिर मास्टर साहब इतनी तकलीफ में क्यों हैं और अगर हैं तो इससे हमारी और आपकी जिंदगी सब की जिंदगी प्रभावित होगी। बच्चे सबके हैं पढ़ते वही हैं कारण क्या है उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स की समस्या का उत्तर प्रदेश की शिक्षा जगत की कौम है। उत्तर प्रदेश के प्राइमरी टीचर्स के मास्टर साहब पढ़ने के अलावा जितने भी काम हैं सब करते हैं जब यह सब आते हैं तो सब की डिजिटल अटेंडेंस भरते हैं। 36 तरह के एप हैं जिस पर यह प्रतिदिन ऑनलाइन डाटा भरते हैं। तस्वीर खींचते हैं तस्वीरें वीडियो बनाते हैं अपनी जीपीएस लोकेशन देते हैं और भरते हैं। जब यह सब काम कर लेते हैं उसके बाद में स्कूल में झाड़ू लगवाते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं बॉथरूमों को साफ करते हैं फिर उसके बाद प्रार्थना सभा करते हैं उसके बाद सारी डिटेल मुहैया करते हैं फिर उसके बाद वक्त बचा तो पढ़ाई और मिड डे मील पकवाते हैं, मिड डे मील के बाद फिर रिपोर्टिंग होती है यह सब करने के बाद उनको जनगणना का काम मतगणना का काम एसएआईआर का काम राष्ट्रीय कार्यक्रम कराए जाते हैं। ईंधन का इंतजाम और फिर शाम को प्रधान जी कहते हैं सुबह बाजार से सब्जी और कुछ अनाज भी लेते आना, क्योंकि कल बनेगा क्या अभी इसकी तैयारी नहीं है। इसके बाद बचा एबीएसए की चमचागिरी, प्रधान प्रधान की एरोला विधायक विधायक और बाकी अधिकारियों का और मीडिया के हर समय लगे कैमरे एक बहुत ही अपमानजनक काम है इनका। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जनपद में आवारा कुत्ते गिरने के काम में लगाया गया एक शिक्षक को। अगर इस काम में लगाया जाएगा तो क्या उसका कोई आत्म सम्मान बचेगा एक कुत्ते ढूंढने का उनकी गिनती करेगा। यह कौन लोग हैं जो इस तरह का फरमान जारी करते अध्यापकों के आत्म सम्मान के साथ-साथ हमारी मौजूदा आने वाली पीढ़ी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। आखिर क्या कारण है कि प्राइमरी का एक टीचर इतने तरह के काम करता है मतलब यह एक टीचर ना हो गया सुपरमैन हो गया, शक्तिमान हो गया, उनसे इतने काम कराया जाए क्या इसकी कोई व्यक्ति का जिंदगी नहीं है उसको शिक्षा के काम में लगाओ। अध्ययन और अध्यापक के काम में लगाओ जो बहुत ही पवित्र काम है। जब उसका ध्यान सारा दिन फालतू के कामों में वीडियो बनाने में मिड डे मील से लेकर बाथरूम की सफाई तक कराएगा, प्राइमरी टीचर होना एक अभिशाप सा बन गया। उनकी व्यक्तिगत जिंदगी खत्म हो गई है। उत्तर प्रदेश में प्राइमरी टीचर्स को जल खरीद गुलाम बना दिए गए, ना उनकी कोई कथा सुनने को तैयार है ना उनसे कोई बात करने को तैयार है। सरकार की नजरों में उनकी इमेज बहुत खराब है। चोर और निकम्मी है बैठे-बैठे फ्री की तनख्वाह लेते हैं अधिकारियों का सारा वक्त इन पर नियंत्रण करने में गुजर रहा है। यह बहुत चिंता की बात है अब अगर अब अगर शिक्षकों अब अगर शिक्षकों से इंसान के साथ-साथ कुत्ते भी गिन जाएंगे तो फिर समझ में उन्हें इज्जत कौन देगा। एक तरफ तो कहते हैं कि टीचर्स का काम एक बहुत सम्मान का पैसा है तो क्या उनको कुत्ते गिनने के काम में लगाया जाएगा। मास्टर नाम एक काम अनेक और इसी तरह से उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था चल रही है। अलीगढ़ के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जो आदेश जारी किया था उसने वापस ले लिया है काफी आलोचना के बाद अब यह संभव था क्या कि मास्टर एक स्कूल के गेट पर खड़ा होकर कुत्तों की निगरानी करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टिन फाइल्स सत्ता की हनक का प्रतीक

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे।

इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और

> जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।



प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुन: स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

**-राजीव-राकेश**



नई दिल्ली। शीत ऋतु के कोहरे के कारण रेल सेवाओं में देरी होने से यात्री रेलवे स्टेशन के बाहर इंतजार करते हुए।

## विदेशी ड्रोन आयात पर अमेरिका के प्रतिबंध के फैसले पर खेद जताया

**बीजिंग।** मानवरहित हवाई वाहनों की दुनिया की सबसे बड़ी निर्माता कंपनी, चीनी ड्रोन निर्माता डीजेआई ने मंगलवार को अमेरिका द्वारा सभी नए आयातित विदेशी ड्रोनों को प्रतिबंधित करने के फैसले पर खेद व्यक्त किया। 'हुआनकिउ' समाचार एजेंसी के अनुसार डीजेआई ने कहा कि अमेरिका का यह कदम न केवल अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यावसायिक उपयोगकर्ताओं के लिए पसंद की स्वतंत्रता को सीमित करता है, बल्कि एक खुले एवं निष्पक्ष बाजार के सिद्धांतों को भी कमजोर करता है।

## पाक में सुरक्षाबलों पर हमले में पांच पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार आतंकियों ने घात लगाकर सुरक्षाबलों पर हमला किया। इस हमले में पांच पुलिसकर्मी मारे गए हैं। घटना पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा राज्य की है, जहां मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने एक पुलिस की गाड़ी पर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें वैन सवार पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया कि हमला खैबर पख्तूनख्वा जिले के करक जिले में हुई, जहां पुलिसकर्मी रुटीन पेट्रोलिंग पर थे। इसी दौरान अज्ञात हमलावरों ने पुलिस के वाहन पर हमला कर दिया, जिसमें पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हमले के बाद पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है।

# अमेरिका ने H-1B और H-4 वीजा जांच सख्त की

## अब सोशल मीडिया भी चेक किया जाएगा, कई महीनों के लिए इंटरव्यू टाले गए

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा के सभी आवेदकों की जांच सख्त कर दी है। 15 दिसम्बर से अब वीजा प्रक्रिया में ऑनलाइन और सोशल मीडिया की जांच भी शामिल कर दी गई है। यह नियम दुनिया भर के सभी देशों के आवेदकों पर लागू होगा।

भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। इस फैसले के बाद भारत में हजारों आवेदकों के तय वीजा इंटरव्यू टाल दिए गए हैं। कई इंटरव्यू अब मार्च से मई तक के लिए रीशेडयूल किए गए हैं। इससे वे लोग ज्यादा परेशान हैं, जो इंटरव्यू के लिए पहले ही भारत आ चुके हैं और वीजा न होने के कारण अमेरिका वापस नहीं जा पा रहे। दूतावास के मुताबिक, एच-1बी और एच-4 वीजा के आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन जांच बढ़ने से प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर अमेरिका से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि भारतीय छात्रों और पेशेवरों को परेशानी न हो। एच-1 बी वीजा क्या है- हाई स्किल्ड प्रोफेशनल्स जैसे डॉक्टर्स, इंजीनियर, सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल्स को एच-1 बी वीजा जारी होता है। 1990 में अमेरिकी कांग्रेस में बिल के जरिए ये वीजा अस्तित्व में आया। भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, क्योंकि हर साल कुल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स को जारी किए जाते हैं। पहले फीस लगभग 9 हजार डॉलर थी, लेकिन सितम्बर 2025 में ट्रम्प ने इसे बढ़ाकर लगभग 90 लाख रुपये कर दिया। 3-3 साल के लिए दो बार जारी होता है। कुल अवधि 6 साल के बाद आवेदक चाहे तो ग्रीन कार्ड यानी नागरिकता से पहले की स्टेज के लिए आवेदन कर सकता है। ट्रम्प का एच-1 बी वीजा पर 9 साल में कभी हां, कभी ना वाला रवैया रहा है। पहले कार्यकाल में 2016 में ट्रम्प ने इस वीजा को अमेरिकी हितों के खिलाफ कहा था। 2019 में इस वीजा का एक्सटेंशन सस्पेंड किया। पिछले महीने ही यू-टर्न लेते हुए कहा: हमें टैलेंट की जरूरत है। ट्रम्प ने एच-1बी में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड लॉन्च किए थे। 'ट्रम्प गोल्ड कार्ड', 'ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड' और 'कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड' जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा।




■ यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया

# ट्रम्प ने सालभर में 18 हजार करोड़ चंदा लिया

## बदले में करोड़ों के फायदे दिए, लिस्ट में सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसा 6 भारतवंशी शामिल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा जुटाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रम्प और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर (18 हजार करोड़ रुपये) अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है।

रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी कागजात, फंडिंग रिकॉर्ड और कई लोगों से बातचीत करके पता लगा कि कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हर एक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इन लोगों से ही करीब 50 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम आई। इनमें से लगभग 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रम्प सरकार के फैसलों से फायदा मिला। इनमें सुंदर पिचाई और सत्या नडेला जैसे 6 भारतवंशी बिजनेसमैन शामिल हैं। इन फायदों में कई बातें शामिल हैं। किसी को राष्ट्रपति की तरफ से माफी मिली, किसी के खिलाफ चल रहे केस खत्म हो गए, किसी कंपनी को बड़े सरकारी ठेके मिल गए तो किसी को सीधे व्हाइट हाउस तक पहुंच मिली या सरकार में बड़ा पद दिया गया। हालांकि रिपोर्ट यह भी कहती है कि यह साबित करना मुश्किल है कि किसी ने पैसा दिया और बदले में सीधा फायदा मिला, लेकिन इतना जरूर है कि पैसे और फायदों का यह रिश्ता सवाल खड़े करता है। ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग-अलग रास्ते बनाए। इनमें सबसे बड़ा है मेगा (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) आईएनसी, जो एक सुपर पीएसी है। पीएसी एक ऐसा संगठन होता है, जो राजनीति के लिए पैसा इकट्ठा करता है और उस पैसे से किसी उम्मीदवार या पार्टी का समर्थन करता है।

इसने नवम्बर 2024 से जून 2025 के बीच करीब 200 मिलियन डॉलर जुटाए। इसके अलावा ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के लिए बनी कमेटी ने करीब 240 मिलियन डॉलर जुटाए, जो अमेरिका के इतिहास में सबसे ज्यादा है। इतना ही नहीं, व्हाइट हाउस में एक शानदार बॉलरूम बनाने के लिए भी चंदा लिया जा रहा है। ट्रम्प का कहना है कि इसके लिए करीब 350 मिलियन डॉलर जुट चुके हैं, हालांकि टाइम्स को करीब 100 मिलियन डॉलर के दानदाताओं की पुष्टि मिली है। यह पैसा 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया जा रहा है। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। ट्रम्प ने 4 महीने पहले अमेरिकी उद्योगपतियों को व्हाइट हाउस में डिनर पार्टी दी थी, इसमें सुंदर पिचाई, मार्क जुकरबर्ग, बिल गेट्स, टिम कुक समेत कई दिग्गज उद्योगपति शामिल हुए थे। इसके अलावा अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने पर होने वाले कार्यक्रमों के लिए बने संगठन 'अमेरिका 250', व्हाइट हाउस हिस्टोरिकल एसोसिएशन और एक राजनीतिक समूह सिक्योरिंग अमेरिकन ग्रेटनेस के लिए भी पैसा जुटाया गया। इनमें से कई जगह दान देने वालों के नाम सार्वजनिक करना जरूरी नहीं है, इसलिए पूरा सिस्टम काफी हद तक सीक्रेट बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प खुद इस पर नजर रखते हैं कि कौन कितना पैसा दे रहा है। उनकी फंडरेजिंग प्रमुख मेरिडिथ ओ'रूर्क उन्हें रेगुलर जानकारी देती हैं। कई लॉबिस्ट अपने क्लाइंट्स को सलाह देते हैं कि अगर ट्रम्प का ध्यान और पहुंच चाहिए तो इन संगठनों को दान देना फायदेमंद हो सकता है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक महिला ने मेगा आईएनसी को 25 लाख डॉलर दिए और कुछ महीनों बाद उसके पिता को जस्टिस डिपार्टमेंट से रिश्वत मामले में बहुत कम सजा मिली। इसी तरह एक इंजीनियरिंग कंपनी पार्सन्स ने बॉलरूम प्रोजेक्ट के लिए 25 लाख डॉलर दिए और वह ट्रम्प के गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम जैसे अरबों डॉलर के सरकारी ठेकों की दौड़ में है। वीडियो गेम कंपनी रोब्लॉक्स के सीईओ ने भी बड़ा दान दिया और ट्रम्प की एआई से जुड़ी नीतियों की तारीफ की।



■ न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में खुलासा
■ 'ट्रस्ट फॉर दे नेशनल मॉल' नाम के संगठन के जरिए लिया पैसा, दान के बदले कोई राजदूत बना, किसी को कॉन्ट्रैक्ट मिले
■ ट्रम्प की टीम ने पैसे जुटाने के लिए कई अलग अलग रास्ते बनाए

## अदालत ने दिया ट्रम्प प्रशासन को झटका

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत के जज ने ट्रम्प प्रशासन को झटका देते हुए आदेश दिया है कि अल सल्वाडोर की जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को भी कानूनी अपील का अधिकार मिलना चाहिए। जज ने कहा कि या तो कैदियों को अदालती सुनवाई की सुविधा मिले या फिर उन्हें अमेरिका वापस लाया जाए। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज जेम्स बोसबर्ग ने ट्रम्प सरकार को उन लोगों के लिए दो हफ्ते के अंदर एक योजना बनाने का आदेश दिया, जिन्हें बाद में अल सल्वाडोर से कैदियों की अदला-बदली में वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था। बोसबर्ग ने आदेश में लिखा कि याचिकाकर्ताओं को उस तरह से नहीं हटाया जाना चाहिए था, जिस तरह से उन्हें हटाया गया, बिना किसी नोटिस के और उन्हें विरोध करने का कोई मौका भी नहीं दिया गया, जो उनके कानूनी अधिकारों का साफ उल्लंघन है। ट्रम्प प्रशासन की अप्रवासन विरोधी कार्रवाई में यह मामला एक बड़ा कानूनी मुद्दा बन गया है। इसकी शुरुआत मार्च में हुई, जब ट्रम्प सरकार ने 18वीं सदी के युद्धकालीन कानून का इस्तेमाल करते हुए वेनेजुएला के आपराधिक गुटों के सदस्य होने के आरोप में कुछ अप्रवासियों को टेररिज्म कन्फाइनमेंट सेंटर नाम की जेल में भेज दिया गया था। जुलाई में अमेरिका के साथ कैदियों की अदला-बदली में 200 से जयादा प्रवासियों को वेनेजुएला वापस भेज दिया गया था।

■ जेल भेजे गए वेनेजुएला के कैदियों को मिले अपील का अधिकार

## बांग्लादेश में उन्माद पर अमेरिका ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन।** बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की कथित मॉब लिंचिंग को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है। अमेरिका के सांसदों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और कानून का राज बहाल करने की मांग की है।

इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या को लक्षित हिंसा करार देते हुए कहा कि यह घटना देश में बढ़ती अस्थिरता और अशांति का संकेत है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है। कृष्णमूर्ति ने अपने बयान में कहा मैं बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की मॉब लिंचिंग से बेहद आहत हूं। सरकार को न केवल दोषियों को सजा देनी चाहिए, बल्कि हिंदू समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों को आगे की हिंसा से बचाने के लिए तुरंत कदम उठाने चाहिए। वहीं, न्यूयॉर्क स्टेट असेंबली की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने भी इस घटना को बेहद भयावह बताते हुए कहा कि यह बांग्लादेश में धार्मिक उत्पीड़न के एक चिंताजनक पैटर्न को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि भीड़ ने युवक की बेरहमी से पिटाई की, फिर उसे आग के हवाले कर दिया और शव को सड़क पर छोड़ दिया गया।

राजकुमार के अनुसार, बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के आंकड़े बताते हैं कि अगस्त 2024 से जुलाई 2025 के बीच अल्पसंख्यकों पर 2400 से अधिक हमले हुए और 150 से ज्यादा मंदिरों में तोड़फोड़ की गई। गौरतलब है कि घटना 19 दिसम्बर की है, जब मायमेनसिंह शहर में एक फैक्ट्री में काम करने वाले दीपू चंद्र दास को कथित रूप से ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने मार डाला। अब तक इस मामले में 12 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अमेरिकी सांसदों ने स्पष्ट कहा है कि धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा केवल बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की साझा जिम्मेदारी है।

■ इलिनॉय से डेमोक्रेट सांसद बोले: अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और कानून का राज बहाल करे सरकार
■ दोषियों के खिलाफ पारदर्शी जांच और सख्त कार्रवाई बेहद जरूरी है

## भारत-अमेरिका परमाणु सहयोग को 'शांति अधिनियम 2025' देगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** अमेरिका-भारतीय रणनीतिक सहभागिता पार्टनरशिप फोरम ने मंगलवार को -नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत करते हुए इसे भारत के नागरिक परमाणु ढांचे में 'व्यापक सुधार' बताया, जो स्वच्छ ऊर्जा में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करेगा।

लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित होने के बाद इस विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली है। आजादी के बाद से भारत के परमाणु क्षेत्र में यह सबसे बड़ा सुधार है। यह नया कानून परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 और सिविल लायबिलिटी फॉर न्यूक्लियर डैमेज अधिनियम 2010 का स्थान लेगा। यूएसआईएसपीएफ ने इस अधिनियम को भारत के ऊर्जा परिदृश्य में 'ऐतिहासिक मोड़' करार दिया है, जो अमेरिका और भारत के बीच परमाणु ऊर्जा विकास में बेहतर सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। शांति अधिनियम भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी और विदेशी भागीदारी बढ़ाने, परमाणु ऑपरेटरों के लिए दायित्व ढांचे को स्पष्ट करने और 2008 में किए गए भारत-अमेरिका नागरिक परमाणु समझौते की लंबित संभावनाओं को क्रियान्वित करने की क्षमता के मद्देनजर इसमें महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं।

■ यूएसआईएसपीएफ ने नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक 2025 के पारित होने का स्वागत किया

# चीनी ने भारतीयों के लिए लॉन्च किया ऑनलाइन वीजा सिस्टम

## आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा

**बीजिंग।** दिल्ली स्थित चीनी दूतावास ने अब भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए 'चाइना ऑनलाइन वीजा एप्लीकेशन सिस्टम' लॉन्च किया है। इसके तहत अब भारतीय नागरिक चीन के लिए वीजा ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जिससे पहले की तरह भारी कागजी कार्यवाही और व्यक्तिगत तौर पर दस्तावेज जमा करने की जरूरत नहीं होगी।

शेनझेन स्थित चीनी ऑनलाइन पोर्टल ग्रेटर बे एरिया (जीबीए) ने सोमवार को यह जानकारी दी। दूतावास ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट वीचैट पर बताया कि यह सेवा 22 दिसम्बर, 2025 से आधिकारिक रूप से शुरू होगी। जानकारी के अनुसार ऑनलाइन वीजा आवेदन प्रणाली के तहत अब आवेदक 'वीजा फोर चाइना' वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं, दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं और बायोमेट्रिक अपॉइंटमेंट भी तय कर सकते हैं। यह सुविधा टूरिस्ट (एल), बिजनेस (एम), स्टूडेंट (एक्स) और वर्क (जेड) वीजा के लिए उपलब्ध होगी। रिपोर्ट की माने तो इस नई प्रणाली के तहत अब पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने से दूतावास जाने की जरूरत केवल बायोमेट्रिक के लिए होगी। आवेदन की स्थिति को रियल-टाइम में ट्रैक किया जा सकेगा। इतना ही नहीं शुल्क का भुगतान यूनियनपे के जरिए आईएनआर में किया जा सकता है, जिससे विदेशी मुद्रा के अतिरिक्त खर्च से बचा जा सके। हालांकि, चीनी दूतावास की अंग्रेजी वेबसाइट पर अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। बता दें कि यह कदम भारत-चीन संबंधों को सामान्य करने की दिशा में उठाए गए हालिया प्रयासों का हिस्सा है। इसके तहत पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों ने कई कदम उठाए हैं, जैसे कि भारत ने चीनी पेशेवरों के लिए बिजनेस वीजा प्रक्रिया तेज की। जुलाई में भारत ने चीनी नागरिकों के लिए टूरिस्ट वीजा जारी करना फिर से शुरू किया। इसके बाद अक्टूबर में दोनों देशों के बीच डायरेक्ट फ्लाइट्स फिर से शुरू हुई। गौरतलब है कि भारत और चीन के संबंध बीते कुछ वर्षों से बहुत ज्यादा अच्छे नहीं रहे। वहीं मई 2020 में पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैन्य गतिरोध के कारण चीन के नागरिकों को भारत में वीजा जारी करना बंद कर दिया गया था। ऐसे में अब चार साल से अधिक के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों ने धीरे-धीरे रिश्तों को सामान्य करने के कई कदम उठाए हैं।



# ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की अपील दोहराई

## अमेरिका के राष्ट्रपति बोले: ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, प्राकृतिक संसाधनों के लिए नहीं

**वाशिगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के अपने इरादे को दोहराते हुए कहा है कि यह क्षेत्र उन्हें 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए' चाहिए न कि प्राकृतिक संसाधनों के लिए। ट्रम्प ने फ्लोरिडा के पाम बीच पर संवाददाताओं से कहा कि हमें ग्रीनलैंड राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, न कि खनिजों के लिए।


ट्रम्प का यह बयान उनके प्रशासन के पिछले बयान से मेल नहीं खाता, जिसमें कहा गया था कि अमेरिका राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्कटिक रणनीति और अहम खनिजों एवं प्राकृतिक संसाधनों की संभावनाओं के लिए ग्रीनलैंड चाहता है। ट्रम्प ने रविवार को लुइज़ियाना के गवर्नर जेफ़ लैंड्री को ग्रीनलैंड में अपना विशेष दूत नियुक्त किया था। अमेरिका के राष्ट्रपति ने फ्लोरिडा में कहा कि हमें ग्रीनलैंड चाहिए ही चाहिए और लैंड्री हमारी कोशिश की अगुवाई करना चाहते थे। वह कहते हैं कि वह (ग्रीनलैंड) डेनमार्क का है। डेनमार्क ने उस पर कोई खर्च नहीं किया और उसके पास कोई सैन्य सुरक्षा नहीं है। इसके जवाब में लैंड्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि विशेष दूत का पद ग्रीनलैंड को अमेरिका का हिस्सा बनाने के लिए एक स्वैच्छिक पद होगा। ग्रीनलैंड डेनमार्क का एक पूर्व औपनिवेशिक क्षेत्र है, जिसे 1979 में स्वराज का अधिकार दिया गया था। डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था, जिसके बाद इस द्वीप को अपने आंतरिक मामलों में फैसले लेने की आज़ादी मिल गई। डेनमार्क के प्रधानमंत्री कार्यालय की वेबसाइट के अनुसार, ग्रीनलैंड के विदेशी मामलों, रक्षा और सुरक्षा नीति पर अब भी डेनमार्क का ही अधिकार है। ग्रीनलैंड के लिए ट्रम्प के दूत की नियुक्ति से ग्रीनलैंड, डेनमार्क और यूरोपीय संघ में कड़ी राजनयिक उथल-पुथल हुई है। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने सोमवार को कहा कि वह इस नियुक्ति को लेकर डेनमार्क में अमेरिकी राजदूत केनेथ होवेरी को बुलाएंगे। रासमुसेन ने डेनमार्क के प्रसारक टीवी 2 से कहा कि मैं इस विशेष दूत की नियुक्ति से बहुत परेशान हूं। मैं खास तौर पर दूत के बयानों से परेशान हूं, जिन्हें हम बिल्कुल भी स्वीकार नहीं कर सकते। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नील्सन ने सोमवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि वे अमेरिका से अपनी 'संयुक्त क्षेत्रीय अखंडता' के लिए सम्मान की उम्मीद करते हैं।

■ डेनमार्क ने 2009 में ग्रीनलैंड के स्वराज से जुड़ा अधिनियम अपनी संसद में पारित किया था

## श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर का भारत देगा 'पुनर्निर्माण पैकेज': जयशंकर

**कोलम्बो।** भारत ने चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में श्रीलंका की मदद के लिए 45 करोड़ डॉलर के राहत एवं पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा की है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह जानकारी मंगलवार को दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो पहुंचे डा. जयशंकर ने श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमारा दिसानायके को प्रधानमंत्री का पत्र सौंपा, जिसमें इस सहायता का विवरण दिया गया है। इस पैकेज में 35 करोड़ डॉलर की रियायती ऋण सहायता (लाइन ऑफ क्रेडिट) और 10 करोड़ डॉलर की अनुदान राशि शामिल है। विदेश मंत्री ने श्रीलंका के विदेश मामलों के मंत्री विजिता हेराथ के साथ भी बैठक की, जिसमें सहायता को शीघ्रता से पहुंचाने और देश की पुनर्निर्माण प्राथमिकताओं पर चर्चा भी की गई। डा. जयशंकर ने कहा कि मोदी के विशेष दूत के रूप में और राष्ट्रपति के लिए संदेश लेकर हम उनसे मिले। चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रधानमंत्री का जो पत्र मैंने सौंपा है, वह भारत की 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' भूमिका को आगे बढ़ाता है और 45 करोड़ डॉलर के पुनर्निर्माण पैकेज की प्रतिबद्धता जताता है।



■ चक्रवात 'दितवाह' से हुई तबाही से उबरने में मदद के लिए नई दिल्ली ने बढ़ाए हाथ

